# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-06-2022

# मृत पुलिसकर्मियों के परिजनों को सौंपा 40-40 लाख का चेक

गोरखपुर (एसएनबी)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मृत हुए पुलिसकर्मियों निशांत विश्वकर्मा और अजीत राय के परिजनों को सोमवार को 40-40 लाख रुपए का चेक सौंपा। यह चेक एसवीआई के कर्मचारियों द्वारा प्रदान किया गया था। यह इंश्योरेंस का पैसा था।

> स्टेट बैंक में पुलिस सैलरी पैकेज अकाउंट के तहत था इंश्योरेंस
>
> एसएसपी ने स्टेट बैंक के कर्मचारियों को दिया धन्यवाद
>
> पुलिसकर्मियों से पुलिस सैलरी पैकेज के तहत एसबीआई में खाता खोलवाने की अपील की

एसएसपी डा. विपिन टाडा ने वताया कि दोनों पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान मृत हुए थे। दोनों पुलिसकर्मियों का खाता भारतीय स्टेट वैंक में पुलिस सैलरी पैकेज के तहत खोला गया था। यह खाता इंश्योर्ड था। दोनों पुलिसकर्मियों की दुर्घटना में मौत हो गयी थी। सोमवार को उनके इश्योरेंस क्लेम राशि का चेक लेकर एसवीआई से वैंककर्मी पुलिस कार्यालय पहुंचे और एसएसपी को चेक सौंपा। एसएसपी ने संवंधित पुलिसकर्मियों के परिजनों को वुलवाकर उक्त चेक उन्हें सौंप दिया। एसएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों से अपील की कि वह अपना वैंक खाता पुलिस सैलरी पैकेज के तहत अवश्य खुलवाएं। खाते में नामिनी का नाम अवश्य डलवाएं ताकि भविष्य में किसी अनहोनी के होने पर नामिनी को अपने पैसे प्राप्त करने के लिए किसी अतिरिक्त कार्यवाही के लिए भागदौड़ न करना पड़े। एसएसपी ने भारतीय स्टेट वैंक को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई भी मौजूद रहे।



एसबीआई द्वारा मृत पुलिसकर्मी निशान्त विश्वकर्मा व अजीत राय के परिजनों को बीमा सुविधा के अर्न्तगत आर्थिक सहायता प्रदान कर उपस्थित एसएसपी डा. विपिन टाडा, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई व बैंककर्मी। फोटो : (एसएनबी)

# खानापूर्ति नहीं, समस्याओं का हो वास्तविक निस्तारण : डीएम

गोरखपुर (एसएनबी)। जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने कहा है कि जनपद में सुशासन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण किया जाये। उन्होंने सभी संवधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु समस्त कार्य दिवसों में प्रातः 10 वजे से 11 वजे तक स्वयं जनसुनवाई सुनिश्चित करें। यदि अपरिहार्य कारणों से उपस्थित होना संभव न हो तो किसी अन्य सक्षम अधिकारी को जनसुनवाई हेतु नामित कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतों पर मात्र आदेश देने की औपचारिकता न करके सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि यदि प्रार्थी की समस्या ज्यादा समय से लंवित है तो अधिनस्थ अधिकारियों को मौके पर भेजकर प्राप्त समस्या का निस्तारण करायें। विशेष भूमि संवंधी विवादों में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम वनाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें जिससे समस्या का स्थायी रूप से निराकरण हो सके। जिलाधिकारी ने आगे कहा है कि जन सुनवाई के समय यदि किसी शिकायत कर्ता द्वारा एक वार से अधिक अपनी शिकायत दी जाती है तो समस्या के मूल कारण को समझकर दोषी कार्मिकों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने कहा है कि अधिकारियों द्वारा ग्राम भ्रमण, चौपाल के दौरान संवंधित ग्राम पंचायत की विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का भौतिक सत्यापन, समीक्षा भी की जाये। समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा शासन के निर्देशानुसार विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जन शिकायतों का व्यक्तिगत रूचि लेते हुए शीघ्र प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये जिससे आम जन की समस्याओं, शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान हो सके।

> डीएम ने सभी संबंधित विभागाध्यक्षों को दिया निर्देश

## पांच दिन में निस्तारण न होने पर बाधित होगा वेतन

गोरखपुर (एसएनबी)। जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने ईडिस्ट्रिक परियोजना, जनहित गारंटी अधिनियम उप्र के अन्तर्गत ईडिस्ट्रिक पोर्टल से जारी किये जाने वाले राजस्व विभाग एवं अन्य विभागों की सेवाओं जैसे आय, जाति, निवास, हैसियत प्रमाण पत्र, खतौनी की नकल, विधवा पेंशन एवं अन्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्हें वड़ी संख्या में डिफाल्टर, लंवित आवेदन मिले। जिससे प्रतीत होता है कि संवंधित अधिकारियों द्वारा ईडिस्ट्रिक पोर्टल की नियमित मानीटरिंग नहीं की जा रही है। इस स्थिति को उन्होंने अत्यंत खेदजनक वताते हुए कहा कि संवंधित अधिकारी पांच दिवस के अन्दर लंवित आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित करें अन्यथा उनका व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित कर सन्दर्भ निस्तारण तक वेतन वाधित किया जाएगा।

> ई-डिस्ट्रिक पोर्टल पर लंबित आवेदनों को लेकर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

उन्होंने कहा कि समस्त संवंधित अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस पर स्वयं ईडिस्ट्रिक पोर्टल की मानीटरिंग करना सुनिश्चित करें तथा नियमित रूप से डिफाल्टर, लंवित आवेदनों की समीक्षा की जाये एवं जिस अधिकारी, कर्मचारी के स्तर पर लंवित है उसका व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्यवाही सुनिश्चित करें। कहा कि प्रत्येक शुक्रवार को वह खुद ईडिस्ट्रिक पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निस्तारण की समीक्षा करेंगे।

# सोमवार को दो सौ फरियादी पहुंचे एसएसपी के पास

गोरखपुर (एसएनबी)। सोमवार को एसएसपी आफिस फरियादियों की भीड़ को एसएसपी ने गंभीरता से लिया है। एसएसपी ने सभी फरियादियों और संबंधित दारोगा, सिपाही को 15 जून को पुलिस लाइंस में बुलाया है। वहीं, पर इस बात की समीक्षा की जाएगी कि पुलिसकर्मियों ने थाने पर प्रार्थना पत्र पर क्या कार्रवाई की थी। लापरवाही मिली तो कार्रवाई तय हैं। थानों पर फरियाद लेकर जाने के बाद पुलिस कार्रवाई करने की जगह टालमटोल करते हैं।यही वजह है पुलिस अफसरों के आफिस में फरियादियों की लंबी लाइन लग जाती है। सोमवार को एसएसपी डा. विपिन ताडा के पास करीब 200 फरियादी पहुंच गए थे। इसमें कई ऐसे मामले थे, जिनका निपटारा थाने स्तर पर ही हो जाना चाहिए था।

**फरियादियों के साथ पुलिसकर्मियों को बुलाया**

**फरियादियों के सामने पुलिस के कामों की होगी समीक्षा**

इसे एसएसपी ने गंभीरता से लेते हुए फरियादियों और पुलिस वालों को 15 जून को पुलिस लाइंस में हाजिर होने का आदेश दिया है। एसएसपी ड विपिन ताडा ने बताया कि करीब 200 फरियादी आए थे। फरियादियों और संबंधित पुलिस वालों को 15 जून को तीन बजे पुलिस लाइंस में बुलाया गया है। इस दौरान पुलिस के कामों की समीक्षा की जाएगी।एसएसपी डा. विपिन ताडा और एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने सभी थानो के वरिष्ठ उप निरीक्षक एवं हेड मुहर्रिर के साथ पुलिस लाइंस में सोमवार की शाम को बैठक की। इस दौरान माल निस्तारण के सम्बन्ध में निर्देश दिया गया। इस दौरान एसएसपी ने बेलघाट के हेड मुहर्रिर सुनील यादव को माल निस्तारण के लिए अच्छा काम करने पर 5100 रुपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं कहा गया कि माल निस्तारण में लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों को दंडित किया जाएगा।

# थाने पर केस दर्ज कराने पर खनन माफिया दे रहे धमकी

पाली (एसएनबी)। सहजनवा इलाके के पाली क्षेत्र के नारंगपट्टी निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दिए तहरीर मे बताया है कि गांव का व्यक्ति मिट्टी खनन का कारोबार करता है। उसने बीते सप्ताह रात में करीब आधा एकड़ खेत से लोडर मशीन से चार पीट मिट्टी खोद ले गया। शनिवार को खेत से मिट्टी निकलने की जानकारी होने पर तत्काल घघसरा चौकी पर सुचना दिया। वहा कारवाई न होने पर थाने पर तहरीर दिया। रविवार रात करीब 11बजे खनन माफिया ने फोन कर गाली गुप्ता देते हुए केस दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी दी है।

# इलाज के दौरान युवक की मौत, आरोपी गिरफ्तार

चिलुआताल (एसएनबी)। चिलुआताल थाना क्षेत्र के फर्टीलाइजर चौकी अर्न्तगत स्पोर्ट कालेज के बगल में स्थित हरसेवकपुर न1 में 5 जून को सबलू उर्फ महेन्द्र के लड़की की शादी के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर घराती बराती भिड़ गये थे, जिसमें एक बराती युवक घायल हो कर बेहोस हो कर गिर गया जिसको इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

मृतक के पिता की लिखित तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस धारा 308 आईपीसी के तहत मुकदमा कायम कर ली थी हालत में सुधार न होने पर इलाज के लिये लखनऊ ले जाते समय रात में रास्ते में मौत हो गयी सूचना पर पहुंची चिलुआताल पुलिस शव कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेज दिया था।

5 जून को पिपराइच थाना क्षेत्र के इमिलिया के टोला बिजहरा से चिलुआताल थाना क्षेत्र स्पोर्ट कालेज के पास हरसेवकपुर न 1 के झझवा टोला में बारात आई हुई थी जहाँ डीजे पर नाचने को लेकर घराती बराती भिड़ गये थे गाली गुप्ता से शुरु हुआ बवाल देखते ही देखते घराती बराती पक्ष से शुरु हुए ईंट पत्थर की बरसात से बारात आये धनन्जय चौहान उर्फ मुन्नू गम्भीर रूप से घायल होकर गिर कर बेहोश हो गया था सिर फट जाने से खून निकलने लगा बेहोसी की हालत में युवक को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहाँ जीवन मौत से जूझ रहा था, हालत में सुधार न होने पर इलाज के लिये लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गयी। पुलिस मारपीट में आरोपित राहुल चौहान पुत्र परदेशी, मन्नू चौहान पुत्र हेमंत चौहान, गुड्डू चौहान पुत्र तीरथ व शैलेन्द्र चौहान पुत्र भरत चौहान निवासी हरसेवकपुर न 1 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मुख्यमंत्री के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएसबी) । सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरूद्ध अभद्र टिप्पणी करने के आरोपित अभियुक्त को खजनी पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



खजनी थाने के प्रभारी निरीक्षक इकरार अहमद ने वताया कि सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के विरूद्ध अभद्र टिप्पणी की गयी थी। जिसका मामला संज्ञान में आते ही केस दर्ज कर जांच शुरू की गयी। जांचोपरांत आरोपित अभियुक्त अकरम अली उर्फ गुलवहार पुत्र रवीश अली निवासी सरया तिवारी टोला तेतरिया थाना खजनी जनपद गोरखपुर को तेतरिया गाँव के वाहर वगीचे से सोमवार की दोपहर गिरफ्तार किया गया। आरोपित को खजनी थाने में दर्ज मुअसं - 168/2022 धारा 504, 505(2), 469, 188, 295ए भादवि व 67 आईटी एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# मार्निंगवाक पर निकले कारोबारी का मोबाइला छीना

**पिपरौली (एसएनबी)।** सहजनवा थाने के कस्बा स्थित व्यापारी सुबह मार्निंगवाक पर निकले थे कि बाइक सवार बदमाशों उनकी मोबाइल छीन कर फरार हो गए । इस घटना से व्यापारी हैरान है। व्यापारियों का कहना है कि कस्बे में थाना है और उसके बाद भी बदमाशों ने वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। नपं सहजनवां वार्ड नं-10 लुचुई निवासी व प्रतिष्ठित व्यापारी मनीष मर्दा सोमवार को सुबह पैदल ही अपने दोस्तों के साथ समय माता मंदिर टहलने जा रहे थे। कस्बे के ओवर ब्रिज पर हुई घटना से कस्बे के व्यापारी दहशत में है। मनीष मर्दा पुत्र घनश्याम दास मर्दा निवासी वार्ड नं-10 लुचुई घघसरा मोड़ से प्रतिदिन दोस्तों के साथ समय माता मंदिर टहलने जाते है। सोमवार को कस्बे के लुचुई ओवर ब्रिज पर कुछ ही दूरी पर पहुंचे थे कि करीब पांच बजे के आस पास स्कूटी पर आए दो बदमाश हाथ से मोबाइल छीन कर फरार हो गए। हाला की पीड़ित ने किसी से लिफ्ट लेकर बदमाशो का पीछा किया। लेकिन बदमाश नही मिले। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है। प्रभारी निरीक्षक अंजुल चतुर्वेदी ने कहा कि जांच हो रही है, मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# युवती को अपहृत कर दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। युवती को अपहृत कर उसे जानमाल की धमकी देकर उसके साथ रेप करने के आरोपित को सिकरीगंज पुलिस ने सोमवार को तिवारीपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं में कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

आरोपित को सिकरीगंज थाने पर तैनात उनि विंध्याचल शुक्ल ने हमराही फोर्स में शामिल का0 दिनेश शाह व का0 अमरजीत वर्मा के सहयोग से पकड़ा। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम साकिव रहमान सिद्दीकी पुत्र हाफीजुल रहमान सिद्दीकी निवासी मुहल्ला निजामपुर थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस ने दर्ज मुकदमे की धारा 323, 365, 376, 506 भादवि के तहत आरोपित को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# पतली दाल सुन भड़के अजय देवगन, बारातियों को धुना

**HARPUR BUDHAT (13 June):** यहरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के टिकरियानाथ में रविवार को एक शादी समारोह के दौरान विवाद में मारपीट हो जाने पर अजय देवगन समेत 2 आरोपितों को अरेस्ट कर लिया गया. इस मामले में 8 नामजद और 22 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज हुआ है. जानकारी के मुताबिक शादी समारोह में खाने में पतली दाल को लेकर हुए बवाल में लड़की पक्ष के अजय देवगन पुत्र रामललित यादव निवासी टिकरियानाथ और लालचंद्र चौकीदार पुत्र रमाकांत यादव निवासी टिकरियानाथ ने बारातियों की जमकर पिटाई की. बारात में आई गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी. रविवार देर




रात हुई इस मारपीट की घटना के आरोपित अजय देवगन और लालचंद्र चौकीदार को पुलिस ने सोमवार को कुआवल पुल के पास से अरेस्ट कर लिया.

## चौकीदार ने किया हमला दूल्हे का भाई गंभीर

बता दें, रविवार रात सोनबरसा बाबू के झकही गांव निवासी उदयप्रताप सिंह के बेटे अर्पण सिंह की बारात टिकरियानाथ गांव के धीरज सिंह के घर आई थी. समारोह में द्वारपूजा की तैयारी चल रही थी. इस बीच खाने में बनी दाल को लेकर बवाल हो गया. अचानक लड़की पक्ष के टिकरियानाथ गांव का चौकीदार लालचंद्र दो दर्जन लोगों को साथ लेकर बारात पर टूट पड़ा और बारातियों की लाठी डंडे से जमकर पिटाई शुरू कर दी. इस दौरान कई लोग घायल हो गए, जिसमें दूल्हे के भाई समेत तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है. सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. हालांकि, लड़की पक्ष के लोगों का कहना है कि हमारे घर का कोई भी व्यक्ति मारपीट की घटना में शामिल नहीं था.

# कोतवाली में मिले सर्वाधिक ईंट पत्थर, 17 को फिर उड़ेगा ड्रोन

**ड्रोन से हो रही घरों के छतों की तलाशी, 54 घरों की छतों पर मिले थे ईंट, पत्थर**



gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (13 June):** कई बड़े शहरों में जूमे के दिन हुए बवाल को लेकर गोरखपुर में पूरी सतर्कता बरती जा रही है. तनावपूर्ण माहौल के बीच शहर के तिवारीपुर, कोतवाली, राजघाट और गोरखनाथ इलाके के करीब 30 मोहल्लों में ड्रोन से निगरानी कर रही है. निगरानी अभियान में अबतक 54 घरों की छतों पर ईंट पत्थर मिले हैं. जिसके बाद मकान मालिकों को पुलिस ने नोटिस भेजा है और कहा है कि ईंट पत्थर हटा लें. एसपी सिटी के अनुसार सबसे अधिक ईंट पत्थर कोतवाली इलाके में मिले हैं, 17 जून शुक्रवार को शहर में फिर ड्रोन उड़ेगा.

## सीएए के विरोध में हो चुका है बवाल

सीएए के विरोध में ठीक इसी प्रकार 20 दिसंबर 2019 को गोरखपुर में बवाल हुआ था. जुमे का दिन था. उस दिन बवाल की आशंका को देखते हुए पुलिस जगह जगह मुस्तैद थी. शाहमारूफ में दुकाने बंद थीं. मदीना मस्जिद में नमाज अदा हो गई. फिर जामा मस्जिद में नमाज अदा हुई. बाहर निकलने के बाद कुछ लोग पोस्टर लेकर धार्मिक नारे लगाने लगे. वहां तो पुलिस ने सबकुछ संभाल लिया. जामा मस्जिद से जुलूस निकाल रहे युवकों ने कोतवाली इलाके में मदीना मस्जिद के पास सिविल डिफेंस के उप नियंत्रक सहित दो लोगों पर हमला कर घायल कर दिया. नखास चौक पर उग्र भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया. इसमें सिपाही सत्यम सिंह, संजीत और शक्ति सिंह,अमीन अजय ओझा घायल हो गए. स्थिति को काबू करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज करने के साथ आंसू गैस के गोले छोड़े. इस दौरान तीन गाड़ियां क्षतिग्रस्त कर दी गई थीं. पुलिस ने उपद्रव में शामिल 11 युवकों को गिरफ्तार किया था. उस बार भी छतों और घरों के बाहर पत्थर पहले से रखे गए थे, जिनका प्रयोग पथराव में किया गया था.

## पहली बार जारी किया गया था पोस्टर

मामले में पुलिस ने राजघाट, कोतवाली, तिवारीपुर में चार मुकदमे दर्ज किए थे, जिसमें 60 नामजद और 1000 अज्ञात थे. पहली बार पुलिस ने उस समय उपद्रवियों को पोस्टर सार्वजनिक रूप से चस्पा किया था. कई उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया था. कई उपद्रवियों ने तो वीडियो में पथराव करते दिखने के बाद हेयर स्टाइल तक चेंज करा ली थी. 6 माह बाद पुलिस ने चार्जशीट लगाई थी.

> **कई संवेदनशील इलाकों की निगरानी ड्रोन से की जा रही है. निगरानी में 54 घरों पर ईंट पत्थर मिले हैं, जिन्हें उसका यूज कर उसे जल्द हटाने के लिए नोटिस भेजा गया है. 17 जून को फिर ड्रोन से निगरानी होगी.**
>
> **कृष्ण कुमार विश्नोई,**
> एसपी सिटी

# गोरखपुर में बनेंगे 5 नए थाने

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (13 June): पब्लिक की सुरक्षा और स्वतंत्रता को बरकरार रखने के लिए गोरखपुर जिले में 5 नए थाने बनेंगे. इसका प्रपोजल बनाकर शासन को भेज दिया गया है. प्रपोजल पास होते ही नए थानों को बनाने की प्रॉसेस शुरू हो जाएगी. नए थानों से करीब 500 गांव और मोहल्लों के 5 लाख लोगों का लाभ होगा. ये थाने शहरी क्षेत्र, दक्षिणी क्षेत्र और उत्तरी क्षेत्र में बनेंगे.

## 1 लाख की आबादी पर बनने थे थाने

गोरखपुर में 5 सालों में 5 नए थाने बन चुके हैं. जो काम कर रहे हैं. इनमें गीडा, रामगढ़ताल, एम्स, साइबर और एएचटी थाना है जो काम कर रहा है. हालांकि एम्स थाना अभी यूपी कॉप एप और कागजों में ही चालू है. लेकिन जल्द ही धरातल पर भी उसका भवन बनकर तैयार हो जाएगा.

## इन नए थानों का भेजा गया है प्रस्ताव

जो नए थानों का प्रस्ताव भेजा गया है उसमें शहरी क्षेत्र के खोराबार थाने से काटकर बेलवार थाना, कैंट थाने से काटकर रेलवे कॉलोनी थाना बनाया जाएगा. जिसका प्रस्ताव एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने भेज दिया है. वहीं दक्षिणी क्षेत्र में बांसगांव थाने से काटकर कौड़ीराम थाना और बड़हलगंज थाने से काटकर डेरवा थाना बनाया जाएगा. इसके लिए एसपी साउथ अरूण कुमार सिंह ने प्रस्ताव तैयार कर भेज दिया है. वहीं उत्तरी क्षेत्र में चिलुआताल और गुलरिहा थाने का हिस्सा काटकर बालाकोट सोनबरसा थाना बनाया जाएगा. वर्तमान में 30 थाने हैं.

**नए थानों के बनने से पुलिस गश्त करने में आसानी होगी. 5 नए थानों के निर्माण के लिए प्रपोजल बनाकर भेजा गया है. प्रपोजल पास होते ही थानों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा.**

**डॉ. विपिन ताडा,** एसएसपी

# दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

SIKARIGANJ. सिकरीगंज पुलिस ने सोमवार को दुष्कर्म के आरोपी साकिब रहमान पुत्र हफीजुल रहमान निवासी निजामपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. सिकरीगंज क्षेत्र के यूएस सेंट्रल एकेडमी स्कूल में पढ़ाने वाली लड़की ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था. जिसपर थानाध्यक्ष सिकरीगंज ने बताया कि रविवार को लड़की के तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था. अब आरोपी को जेल भेज दिया गया है.

# नहीं पहुंची बारात पांच पर केस दर्ज

**GORAKHPUR (13 June):** बड़हलगंज क्षेत्र के पोहिला गांव में दुल्हन अपनी बारात का इंतजार करती रही, मगर रात बीत गई और बारात नहीं पहुंची. दुल्हन के भाई अजय की तहरीर पर पुलिस ने 5 व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है. पोहिला गांव निवासी अजय यादव की बहन शिल्पा की शादी गोला थाना क्षेत्र के प्रदीप यादव पुत्र बांकेलाल यादव से तय थी. 12 जून की रात बारात आनी थी जिसकी खातिरदारी के लिए नाश्ते से लेकर भोजन, स्टेज, जयमाला सबकुछ तैयार था. लड़की पक्ष बेसब्री से बारात का इंतजार कर रहा था. इंतजार करने के बाद तय समय पर बारात नहीं पहुंची. बारात न आने से नात रिश्तेदार व गांव के लोग सन्न रह गए. सबसे अधिक दुल्हन बनी शिल्पा को आघात लगा. वह तो पूरी तरह टूट गई.

# सीएम पर अभद्र कमेंट, हुआ अरेस्ट

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (13 June): शरारती तत्व द्वारा सीएम योगी आदित्यनाथ पर अभद्र कमेंट करने का मामला सामने आया है. खजनी सरया तिवारी के तेतरिया निवासी 17 वर्षीय अकबर अली उर्फ गुलबहार ने अपने वॉट्सएप स्टेटस और फेसबुक पर सीएम और नुपुर शर्मा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की. जिसकी शिकायत गांव के अमित सिंह ने ट्विटर के माध्यम से सांसद रविकिशन और पुलिस अधिकारियों से की. जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया. सोमवार को इंस्पेक्टर इकरार अहमद की टीम ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया.

# हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चौरीचौरा। चौरीचौरा पुलिस ने गैर इरादतन हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे न्यायालय भेज दिया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि एसपी नार्थ व सीओ के नेतृत्व मे उप निरीक्षक दिनेश कुमार, हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार, कांस्टेबल संजय सिंह के साथ तरकुलहा मंदिर के पास मुखबिर की सूचना पर हत्यारोपी केशवापट्टी निवासी गोपी विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

हत्यारोपी मुकदमा संख्या 272/21 धारा 304 भादवि. से सम्बंधित वांछित चल रहा था। अभियुक्त के घर के दरवाजे पर 82 की नोटिस चस्पा किया गया था। पुलिस ने फुटहवाइनार तिराहे पर उसे दबोचा। वह कही भागने के फिराक मे खड़ा था।

# प्लाट में मिला अवैध 12 बोटा सागौन



जंगल सिकरी स्थित महेंद्र यादव के आरामशीन के पास हरि यादव की खाली जमीन पर अवैध रूप से रखे सागौन के 12 बोटे सोमवार को बरामद किए गए।

खोराबार, हिन्दुस्तान संवाद। गोरखपुर मण्डल ने वनों की सुरक्षा, वन्य जीवों एवं उनके अवैध शिकार पर पूर्ण नियंत्रण रखने के लिए गठित मण्डल स्तरीय वन सुरक्षा दल ने बड़ी सफलता हासिल की। दल ने तिलकोनिया रेन्ज के सूबा बीट के जंगल सिकरी में महेन्द्र यादव के आरा मशीन के पास हरि यादव के खाली भूमि पर अवैध रूप रखे सागौन के 12 बोटा बरामद किए। बरामद बोटे पर कोई घन चिन्ह या सम्पति चिन्ह अंकित नहीं था। सभी बोटे को अपने कब्जे में लेकर वन विभाग की टीम रायगंज चवरी गांव में काटे गए बूट की तफ्तीश में जुटी है।

मण्डलीय वन सुरक्षा दल के प्रभारी उप क्षेत्रीय वन अधिकारी गोरखपुर वन प्रभाग देवेन्द्र कुमार को मुखबीर से सूचना मिली। उन्होंने अपनी टीम के सदस्य उप क्षेत्रीय वन अधिकारी रामधारी, वन दरोगा गोरखपुर वन प्रभाग विजय कुमार शुक्ला, वन दरोगा सूरज शर्मा एवं वाहन चालक ब्रह्मानन्द, वन दरोगा मनीष तिवारी, वन रक्षक जितेंद्र कुमार, मुख्यालय रेंजर सुधीर कुमार और वन दरोगा महेंद्र सिंह एवं वन रक्षक पंकज सिंह के साथ छापेमारी की। मौके से 12 बोटा सागौन बरामद किया गया। शाम 6 बजे हुई छापेमारी की कार्रवाई सोमवार की रात तक जारी रही।

प्रभारी वन अधिकारी विकास यादव ने 'हिन्दुस्तान' को बताया कि आरा मशीन और उसके पीछे खाली प्लाट की तफ्तीश की जा रही है। छापेमारी करने वाली टीम यह जानने में जुटी है कि यह पेड़ जंगल से काटे गए या फिर ग्रामीण क्षेत्र से।

# अवैध मिट्टी खनन के आरोप में तीन वाहन सीज

पीपीगंज। पीपीगंज के भगवानपुर के समीप रात में चल रहे अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर जिले के अधिकारियों ने स्थानीय खनन निरीक्षक को कार्रवाई का निर्देश दिया। जिसके बाद खनन अधिकारी खनन स्थल पर पहुंचे और जब कागजात की मांग की लेकिन कोई वैध कागजात नहीं मिला।

# माल्हनपार की घटना में केस दर्ज

उरुवा बाजार। बांसगांव थाना क्षेत्र के माल्हनपार स्थित हॉट मिक्स प्लांट पर बीते मंगलवार को हुई मारपीट तोड़फोड़ व भट्ठा मालिक की जेब से रुपये निकाले जाने की घटना में पुलिस ने आठ नामजद लोगों के विरुद्ध मारपीट बलवा सहित लूट का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

# मैरेज हाल परिसर से बाइक चोरी

कैम्पियरगंज (गोरखपुर)। क्षेत्र के एक मैरिज हाल परिसर से रविवार की रात बाइक चोरी हो गई। बाइक स्वामी ने इसकी लिखित सूचना पुलिस को दी है। कैम्पियरगंज क्षेत्र के लालपुर गुलरिहा निवासी कुंवरजीत यादव रविवार की रात कस्बे के एक मैरिज हाल में शादी में गए थे। बाइक मैरिज हाल परिसर में खड़ी कर वह समारोह में चले गए।

# पुलिसकर्मियों को 40-40 लाख रुपये के चेक मिले

गोरखपुर, निज संवाददाता। भारतीय स्टेट बैंक ने सड़क दुर्घटना में मृत दो पुलिसकर्मियों निशान्त विश्वकर्मा और अजीत राय के परिवारीजनों को 40-40 लाख रुपये का चेक दिया है।

दोनों पुलिस कर्मियों की ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनका खाता स्टेट बैंक में पुलिस सेलरी पैकेज के तहत था, जिसके तहत मृतक पुलिस कर्मीयों के परिजनों को बीमा सुविधा के तहत यह रकम दी गई है। एसएसपी के परिवारीजनों को चेक प्रदान किया गया तथा भारतीय स्टेट बैंक को धन्यवाद ज्ञापित किया। पुलिस कर्मियों को अपने बैंक खाता के प्रकार को सर्विस पैकेज में कराने की अपील की है।

# अब पांच नए थाने का प्रस्ताव शासन से मंजूरी का इंतजार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जिले में थानों की संख्या बढ़ाने के लिए एक बार फिर प्रस्ताव भेजा जा रहा है। इस बार 5 नए थाने का प्रस्ताव बनाया गया है। हालांकि इसके पहले 14 थानों का प्रस्ताव बनाया गया था। नए बनने वाले इन थानों से करीब 500 गांव और मोहल्लों के पांच लाख लोगों को लाभ होगा। उन्हें ज्यादा दूरी नहीं तय करनी पड़ेगी। ये थाने शहरी क्षेत्र, दक्षिणी क्षेत्र और उत्तरी क्षेत्र में बनेंगे।

सीएम योगी ने पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद एक लाख की आबादी पर नए थाने बनाने का निर्देश दिया था। निर्देश के बाद गोरखपुर में 5 सालों में पांच नए थाने बन चुके हैं। इनमें गीडा, रामगढ़ताल, एम्स, साइबर और एएचटी थाना शामिल है। हालांकि एम्स थाना अभी यूपी काप एप पर ही चल रहा है। भवन तैयार होने के बाद यह धरातल पर आएगा। एसएसपी ने एसपी सिटी, एसपी नार्थ और एसपी साउथ को अपने-अपने इलाकों में नए थानों का प्रस्ताव बनाने के लिए कहा था। एसपी सिटी ने शहरी क्षेत्र के खोराबार थाने से काटकर बेलवार थाना, कैंट थाने से काटकर रेलवे कॉलोनी थाना बनाने का प्रस्ताव दिया है। वहीं एसपी साउथ ने दक्षिणी क्षेत्र में बांसगांव थाने से काटकर कौड़ीराम थाना और बड़हलगंज थाने से काटकर डेरवां थाना बनाने का प्रस्ताव दिया है। वहीं उत्तरी क्षेत्र में चिलुआताल और गुलरिहा थाने का हिस्सा काटकर बालापार-सोनबरसा थाना का प्रस्ताव बना है।

# मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

खजनी (गोरखपुर), हिन्दुस्तान संवाद। ह्वाट्सएप स्टेटस पर सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी युवक को पुलिस ने रविवार देर रात 12 बजे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आईटी एक्ट, धार्मिक उन्माद फैलाने व शांति भंग की धाराओं में केस दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया गया।

पुलिस के मुताबिक खजनी थानाक्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी अकरम अली ने रविवार देर रात व्हाट्सएप पर सीएम योगी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए स्टेट्स लगाया था। क्षेत्र के कुछ लोगों ने इस टिप्पणी को सीएम योगी व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को ट्वीट कर सूचना दी। खजनी थाना प्रभारी इकरार अहमद ने वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश पर आरोपी को हिरासत में ले लिया। सोमवार की सुबह पुलिस ने तेतरिया गांव निवासी अमित सिंह की तहरीर पर आईटी एक्ट, धार्मिक उन्माद फैलाना व शांति भंग कई धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर अकरम अली को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## दाल को लेकर बरात में मारपीट, आधा दर्जन पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बरात में दाल परोसने को लेकर घराती व बराती में जमकर मारपीट हुई। बेलीपार पुलिस ने इस मामले में दर्जन भर लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इसमें ग्राम प्रधान के पुत्र का नाम भी शामिल है। मामला बेलीपार थाने के ग्राम भस्मा का है। ग्राम प्रधान ने इस मामले में पुलिस पर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि दूल्हन के पिता के इशारे पर पुलिस विवेचना के दौरान लोगों को इस मामले में आरोपित बना रही है।

भस्मा के ग्राम प्रधान ने सोमवार को एसपी साउथ को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि दो दिन पूर्व गांव में दाल परोसने को लेकर घराती व बरातियों में विवाद हुआ। दोनों पक्षों में मारपीट हुई। इसमें छह बराती घायल घायल हो गए। बाद में दूल्हे के बड़े पिता की तहरीर पर पुलिस ने 12 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया। प्रधान ने आरोप लगाया कि पुलिस दुल्हन के पिता के इशारे पर लोगों को नामजद कर रही है। उनके बेटे को भी आरोपित बनाया गया है। एसपी साउथ एके सिंह ने थाना प्रभारी को निष्पक्ष विवेचना के लिए आदेशित किया है।

# विधायक के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, केस

**चौरीचौरा।** झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबौली निवासी शुभम शुक्ला ऊर्फ निखिल शुक्ला ने चौरीचौरा के विधायक ई. सरवन निषाद के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी की है। झंगहा पुलिस ने केस दर्ज कर हिरासत में ले लिया है। विधायक प्रतिनिधि जयप्रकाश निषाद ने झंगहा पुलिस को तहरीर के माध्यम से बताया कि युवक द्वारा विधायक के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है। सोमवार को विधायक प्रतिनिधि ने लिखित शिकायत की कि शुभम शुक्ला व उसके कुछ साथी ने विधायक की छवि को ठेस पहुंचाया गया है।

# 261 लोग साइबर सेल के रडार पर

गोरखपुर। सोशल मीडियो पर भड़काऊ पोस्ट डालने वाले 261 लोगों पर साइबर सेल के साथ ही थाने की पुलिस ने अपनी निगरानी बढ़ा दी है। इसी कड़ी में जुमे पर रैली निकालने की अपील करने वाले एक युवक को सोमवार की रात चिलुआताल पुलिस ने गिरफ्तार किया, अभी उससे पूछताछ चल रही है। जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने तैयारी शुरु कर दी है। संवेदनशील क्षेत्र में ड्रोन से निगरानी व फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

## सड़क पर खड़े वाहन, यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

**जासं, गोरखपुर :** रविवार की साप्ताहिक बंदी के बाद सोमवार को दुकानें खुलीं तो गोलघर में सड़क पर ही वाहन खड़े दिखे। वाहन चालक अपनी गाड़ी सड़क पर ही खड़ी करके खरीदारी करते मिले। रोड पर वाहनों के बेतरतीब ढंग से खड़े होने के कारण जाम भी लगता रहा। हालांकि यातायात पुलिस सड़क पर खड़े वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करती दिखी। कई वाहनों को सीज किया गया। गोलघर में गणेश चौराहे से लेकर कचहरी चौक तक सड़क पर कतार से खड़े वाहन सड़क पर जाम का कारण बन रहे हैं। राहगीरों का फुटपाथ पर भी पैदल चलना मुश्किल हो गया है। अधिकतर दुकानदारों ने फुटपाथ पर अतिक्रमण कर रखा है। यही हाल इंदिरा बाल विहार, कचहरी रोड व पार्क रोड का भी रहा, जिससे जाम की समस्या बनी हुई है।

# सुबह एक घंटे जन सुनवाई करें अधिकारी : डीएम

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** नवागत जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने समस्याओं के निस्तारण पर जोर दिया है। जिले के सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि हर हाल में प्रत्येक कार्यदिवस को सुबह 10 से 11 बजे तक कार्यालय में लोगों की समस्या सुनें और मौके पर ही निस्तारण करें। यदि किसी जरूरी कारण से उपस्थित नहीं हो सकते हैं, तो एक सक्षम अधिकारी को सुनवाई के लिए नामित करें। समस्याओं के निस्तारण में खानापूरी नहीं की जानी चाहिए, निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा है कि शिकायतों के निस्तारण में केवल अधीनस्थ अधिकारियों को आदेश देने भर की औपचारिकता पूरी न की जाए। यदि समस्या लंबे समय से लंबित है, तो अधिकारियों को मौके पर भेजकर उसका समाधान कराया जाए। फोटो सहित फीडबैक लें और क्रास चेकिंग भी जरूर करें। भूमि विवाद से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**दोषी कर्मियों पर भी करें कारवाई:** जिलाधिकारी ने कहा कि जन सुनवाई के दौरान यदि कोई शिकायतकर्ता एक से अधिक बार शिकायत लेकर आता है, तो समस्या के मूल कारण को समझकर इसके लिए दोषी कार्मिकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाए। संपूर्ण समाधान दिवस या थाना दिवस के समय राजस्व एवं पुलिस की टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कराकर प्रकरण का निस्तारण कराया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस एवं थाना दिवस प्रभारी औचक आधार पर कुछ शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता जांचने के लिए आवेदक से फोन पर बात भी करें। इसमें खानापूरी मिलती है तो संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्रवाई करें।

### ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल की नियमित निगरानी न होने पर डीएम नाराज

डीएम कृष्णा करुणेश ने ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर लंबित प्रकरणों को देखकर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से पोर्टल की निगरानी न करने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। विभिन्न सेवाओं में करीब 20 हजार से अधिक आवेदन लंबित हैं। आय, जाति, निवास, हैसियत प्रमाण पत्र, खतौनी की नकल, विधवा पेंशन एवं अन्य सेवाओं की समीक्षा में बड़ी संख्या में डिफाल्टर एवं लंबित आवेदन मिले हैं। उन्होंने पांच दिन में सभी आवेदन निस्तारित करने का निर्देश दिया है कि सभी अधिकारी हर कार्यदिवस पर स्वयं ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल की निगरानी करें। ऐसा न होने पर संबंधित अधिकारी का वेतन बाधित किया जाएगा।

# 261 संदिग्धों की निगरानी कर रही पुलिस

## भड़काऊ पोस्ट डालने के आरोप में चिलुआताल क्षेत्र का रहने वाला एक आरोपित गिरफ्तार

- मीडिया सेल ने शहरी क्षेत्र से लोगों को किया चिह्नित
- जुमे की नमाज सकुशल संपन्न कराने की तैयारी में जुटा महकमा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वाले जिले के 261 लोग पुलिस की रडार पर हैं। साइबर सेल के साथ ही थानों की पुलिस इनकी निगरानी कर रही है। सोमवार की रात चिलुआताल पुलिस ने जुमे पर रैली निकालने की अपील करने वाले युवक को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ चल रही है।

जुमे की नमाज सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। संवेदनशील क्षेत्र में पुलिस अधिकारी ड्रोन से निगरानी कर रहे हैं। फ्लैग मार्च कर रहे हैं। नुपूर शर्मा प्रकरण को लेकर इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ व आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों की निगरानी शुरू कर दी गई है। दो दिन में साइबर सेल के अलावा एसएसपी की मीडिया सेल ने शहरी क्षेत्र में रहने वाले ऐसे लोगों को चिह्नित किया है, जिन्होंने अपने फेसबुक, ट्विटर व इंस्टाग्राम अकाउंट से माहौल गर्म करने वाली पोस्ट शेयर की है। इन लोगों की निगरानी करने के साथ ही मैसेज भेजकर पुलिस ने पोस्ट हटाने की चेतावनी दी है। निगरानी के बीच चिलुआताल के करीमनगर मोहल्ले में रहने वाले युवक ने 17 जून को जुमे की नमाज के बाद रैली निकालने की अपील करते हुए इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट शेयर किया। जानकारी होते ही पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। एसएसपी डा.विपिन ताडा ने बताया कि माहौल गर्म करने की कोशिश करने वाले दोनों पक्ष के लोग चिह्नित किए गए हैं, जिन्हें मैसेज भेजकर चेतावनी दी गई है। उपद्रव की कोशिश करने व साजिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### फुटेज की मदद से पुलिस ने बनवाई महिला की तस्वीर



**जासं. गोरखपुर :** कार में आग लगाने वाली बुर्का पहने महिला को चार दिन बाद भी कैंट पुलिस नहीं ढूंढ पायी है। अधिकारी बेतियाहाता व आसपास के क्षेत्र में लगे सीसी कैमरों की फुटेज देखने का दावा कर रहे हैं। फुटेज की मदद से पुलिस ने महिला की तस्वीर तैयार कराई है जिसे आसपास के लोगों को दिखाया जा रहा है। गोरखनाथ के जटेपुर उत्तरी लोहिया नगर निवासी अजय श्रीवास्तव 10 जून की शाम पत्नी को दिखाने के लिए दाउदपुर काली मंदिर पास आए थे। उन्होंने अपनी कार मझौली कंपाउंड में खड़ी की थी। ज्वलनशील पदार्थ लेकर पहुंची बुर्का पहने महिला कार में आग लगाकर फरार हो गई। सीसी कैमरे में उसकी करतूत कैद हो गई, जिसकी मदद से कैंट पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम महिला को तलाश रही है। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि जल्द ही महिला को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सीएम पर अभद्र टिप्पणी के आरोप में मुकदमा, गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, खजनी :** मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में खजनी थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

आरोपित अकरम अली खजनी थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव का रहने वाला है। आरोपित के ही गांव के अमित सिंह ने थाने में तहरीर देकर कहा कि अकरम आए दिन लोगों पर अभद्र टिप्पणियां करता रहता था। उस पर नजर रखी जा रही थी। रविवार की रात 11 बजे उसने अपने वाट्सएप स्टेटस के जरिये मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी की। गांव के लोगों ने उसका स्क्रीनशाट लेकर अधिकारियों को ट्वीट कर दिया। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अकरम अली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया और रात में ही उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक इकरार अहमद ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध आइटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उसे जेल भेजा जा रहा है।

# जांच को पहुंचे अयोध्या के एडी अभियोजन

## प्रभारी जेडी अभियोजन व वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी के घूस लेने का मामला

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में घूस लेते नजर आए अभियोजन विभाग के दो वरिष्ठ अधिकारियों के मामले में सोमवार को विभागीय जांच शुरू हो गई। अयोध्या के अपर निदेशक अभियोजन जय प्रकाश पांडेय ने गोरखपुर पहुंचकर जांच की। माना जा रहा कि इस मामले में जल्द ही रिपोर्ट आ सकती है। रिपोर्ट के बाद विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

ट्विटर उपयोगकर्ता अविरल सिंह के हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया था। वीडियो में अभियोजन विभाग के दो अधिकारी गैंगस्टर के मामले में अपराधियों को बचाने के लिए घूस लेते नजर आ रहे हैं। वीडियो के बारे में जानकारी होने के बाद जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने एडीएम सिटी विनीत सिंह से वीडियो की सत्यता की जांच कराई थी। एडीएम सिटी की जांच में यह बात पुष्ट हुई कि वीडियो में घूस लेते नजर आ रहे अधिकारी प्रभारी संयुक्त निदेशक (जेडी) अशोक वर्मा व वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रणविजय हैं। जिलाधिकारी की ओर से आरोपित अधिकारियों के निलंबन व विभागीय कार्रवाई के लिए शासन को लिखा गया है।

इसी क्रम में अयोध्या के अपर निदेशक अभियोजन सोमवार को गोरखपुर पहुंचे थे। संबंधित पक्षों से मिलकर उन्होंने जांच की है। अपर निदेशक ने जिलाधिकारी से भी मुलाकात की।

माना जा रहा कि इस मामले में कुछ लोगों से और पूछताछ हो सकती है। उसके बाद रिपोर्ट शासन को सौंप दी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने बताया कि उनकी ओर से शासन को लिखा जा चुका है।

उसी क्रम में सोमवार को अपर निदेशक जांच करने आए थे। इस मामले में आरोपित प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा ने वीडियो को फर्जी बताया था और साजिश का आरोप लगाया था।

## वीडियो बनाते समय जेडी कार्यालय में दारोगा भी था मौजूद

- **हत्यारोपितों पर गैंगस्टर लगाने की पुलिस ने फिर शुरू की तैयारी**
- **संजय यादव की हत्या में सपा नेता कपिलमुनि यादव भी है आरोपित**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा व ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी रणविजय के गैंगस्टर की संस्तुति करने के लिए रिश्वत लेने का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मचा है। पुलिस ने हत्यारोपित सपा नेता कपिलमुनि यादव और उसके सहयोगियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने की तैयारी शुरू कर दी है।

अभियोजन अधिकारियों के रुपये लेने का वीडियो बनाने वाला दीपक यादव सोमवार को मीडिया के सामने आया। उसने बताया कि सपा नेता कपिलमुनि ने उसके भाई संजय यादव की हत्या करा दी, जिसका मुकदमा उसने दर्ज कराया है। आरोपित समझौता करने और बात न मानने पर हत्या करने की धमकी दे रहे थे। इसकी शिकायत अधिकारियों से करने के साथ ही रामगढ़ताल थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। यह मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है। कपिलमुनि पर कुल 11 मुकदमे दर्ज हैं। जिलाधिकारी व एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपितों पर उसने गैंगस्टर की कार्रवाई करके अपराध से अर्जित संपत्ति जब्त कराने को कहा था। अधिकारियों के निर्देश पर रामगढ़ताल पुलिस ने दो बार गैंगस्टर की कार्रवाई करने की रिपोर्ट भेजी, लेकिन प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा ने आरोपितों के प्रभाव में दो बार आपत्ति लगाकर फाइल लौटा दी।

**डीएम ने सीओ से पूछा था, क्यों हटाई सुरक्षा :** छह जून को तत्कालीन जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने दीपक की शिकायत पर सीओ कैंट को पत्र लिख पूछा था कि मुकदमा वादी की जान को खतरा है, इसके बाद भी सुरक्षा क्यों हटा ली गई। आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई क्यों नहीं हुई, इस बारे में दो दिन के भीतर बताएं। जिसका जवाब देते हुए पुलिस ने जेडी कार्यालय से फाइल लौटने की जानकारी दी थी।

**सिपाही भर्ती के मामले में भी पकड़ी गई थी गड़बड़ी :** बड़हलगंज क्षेत्र के रहने वाले युवक का चयन सिपाही के पद पर हुआ था। मुकदमा दर्ज होने की वजह से उसकी ट्रेनिंग रोक दी गई।

इस मामले में प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा ने सीधे पीएसी कमांडेंट को कानूनी राय भेज दी थी। जानकारी होने पर जिलाधिकारी ने आपत्ति जताने के साथ ही अशोक वर्मा से स्पष्टीकरण मांगा था।

# हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**मुंडेरा बाजार :** चौरी चौरा थाना पुलिस हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपित का नाम गोपी विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के केशवापट्टी का रहने वाला है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी काफी दिनों से तलाश कर रही थी। (जासं.)

## दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**कुई बाजार :** दुष्कर्म के आरोप में सिकरीगंज थाना पुलिस ने सोमवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। आरोपित साकिब रहमान सिद्दीकी तिवारीपुर के निजामपुर का रहने वाला है। थानाध्यक्ष सिकरीगंज दीपक कुमार सिंह ने बताया कि एक छात्रा ने साकिब पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था।मुकदमा दर्ज करके उसे तलाश किया जा रहा था। सोमवार को उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

## व्यापारी का मोबाइल लूटकर भागे बदमाश

**सहजनवां :** सुबह टहलने निकले एक व्यापारी का मोबाइल लूटकर बदमाश भाग गए। सोमवार सुबह की यह घटना सहजनवां थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 लुचुई की है। पीड़ित व्यापारी मनीष मर्दा ने बताया कि सुबह वह साथियों के साथ टहलने निकले थे। लुचुई के घघसरा मोड़ पर बदमाश उनका मोबाइल लूटकर भाग निकले। वह कुछ कर पाते, इससे पहले ही बदमाश ओझल हो गए।

महिलाओं का गिरोह लोगों पर अभद्रता का आरोप लगा कर रहा वसूली, सीओ कैंट व बांसगांव दो अलग-अलग मामलों की कर रहे जांच

# मैंने महिला को देखा न जाना, मुझ पर लगा दुष्कर्म का आरोप

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जन सुनवाई में सोमवार को एसपी साउथ के समक्ष कई रोचक मामले आए। एक नेताजी आए थे दूसरे की पैरवी के लिए, लेकिन कक्ष में जैसे ही भीड़ थोड़ी कम हुई, वह हाथ जोड़कर अपनी पीड़ा बताने लगे। उन्होंने बताया कि एक महिला ने उन पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। उसने घटनास्थल पादरी बाजार चौकी के सामने बताया है। घटना का समय भी तब का है, जब कोरोना संक्रमण चरम पर था। लाकडाउन के चलते पुलिस ने लोगों के घर से बाहर निकलने पर पाबंदी लगा रखी थी। नेताजी ने सवाल उठाया कि ऐसे माहौल में वह महिला से दुष्कर्म कैसे कर सकते हैं।

नेताजी ने बताया कि वह रेलवे बोर्ड में सलाहकार हैं। सामूहिक दुष्कर्म की बात सुनकर स्वजन एक वर्ष से सदमे में हैं। उन्होंने बताया कि इससे सिर्फ वही पीड़ित नहीं हैं। दर्जन भर और लोगों के विरुद्ध अलग-अलग मामलों में महिला दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा चुकी है। पीड़ित ने बताया कि महिला के एक समर्थक उनसे लगातार संपर्क में हैं, जो एक बड़ी धनराशि मांग रहे हैं और उनका कहना है कि दुष्कर्म का मुकदमा खत्म हो जाएगा। एसपी साउथ एके सिंह ने बताया कि इससे परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। इसकी जांच करके उचित कार्रवाई की जाएगी। एसपी साउथ ने बताया कि जिले में महिलाओं के ऐसे कई गिरोह सक्रिय हैं, जो लोगों पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराकर अवैध वसूली कर रहे हैं। इसमें से एक मामले की जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी बांसगांव व दूसरे की जांच सीओ कैंट कर रहे हैं। जल्द ही उसकी रिपोर्ट भी आ जाएगी। जांच में देखा जाएगा कि महिला कहीं, उसी गिरोह से तो नहीं जुड़ी है।

**हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा:** गुलरिहा के लाल बहादुर ने एसपी साउथ से बताया कि भूमि विवाद के एक मामले में उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर रखी है। गुलरिहा पुलिस ने उन्हें उसी मामले में तथ्य छिपाकर न्यायालय के आदेश पर जालसाजी का आरोपित बना दिया है। एसपी साउथ ने इसे गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा से सवाल किया, जब मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है, तो पुलिस उसमें मुकदमा कैसे दर्ज कर सकती है। एसपी साउथ ने प्रभारी निरीक्षक से मामले की जांच कराकर रिपोर्ट भेजने को कहा है।

# पुलिस कार्यालय पहुंचे 200 फरियादी, बुलाए गए जिम्मेदार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** फरियादियों की भीड़ से सोमवार को पुलिस कार्यालय भर गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक एसएसपी डा. विपिन ताडा सबकी बात सुनते रहे। हर फरियादी की शिकायत थी कि न्याय के लिए थाने का चक्कर लगा रहे। थानेदार/चौकी प्रभारी व हल्का दारोगा बात नहीं सुन रहे। इस पर नाराजगी जताते हुए प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे 200 लोगों के साथ ही संबंधित पुलिसकर्मी को 15 जून की दोपहर में पुलिस लाइन बुलाया है। जहां आमने-सामने बैठाकर बात सुनी जाएगी। लापरवाही सामने आने पर दोषी पुलिसकर्मी का तत्काल निलंबन होगा।

जिले के थानों पर फरियाद लेकर जाने के बाद पुलिस कार्रवाई करने की जगह टालमटोल कर रही है। यही वजह है कि एडीजी जोन, डीआइजी व एसएसपी कार्यालय में फरियादियों की लंबी लाइन लग रही है। सोमवार को एसएसपी के पास करीब 200 लोग फरियाद लेकर पहुंचे, जिसमें कई मामले ऐसे थे जिसका निपटारा थाने पर ही हो जाना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हुआ।



अपने कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई करते एसपी दक्षिणी एके सिंह ● जागरण

- 15 जून को पुलिस लाइन में विवेचक और बीपीओ के सामने होगी बात
- एसएसपी ने चेताया, लापरवाही मिली तो संबंधित का होगा निलंबन

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. विपिन ताडा के पूछने पर शिकायतकर्ता ने बताया कि थानेदार व दारोगा कार्रवाई की जगह टाल मटोल करते हैं। इसलिए मजबूर होकर यहां आना पड़ा। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि 15 जून को दोपहर तीन बजे पुलिस लाइन में फरियादियों व संबंधित पुलिसकर्मी को बुलाया गया है। जहां मामले का निस्तारण तत्काल कराया जाएगा।जिन लोगों ने लापरवाही बरती है उनका निलंबन होगा।

**रामगढ़ताल पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई :** कजाकपुर निवासी सूर्यनाथ प्रसाद ने रामगढ़ताल पुलिस पर प्रताड़ित करने वाले बेटे को बचाने का आरोप लगाया है। सोमवार को प्रेस वार्ता कर सूर्यनाथ ने बताया कि उनका बेटा रविंद्र निषाद उनको पीटने के साथ ही हत्या करने की धमकी दे रहा है। कई बार शिकायत लेकर थाने गए लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।

**पुलिस की मदद से कब्जा कर ली जमीन :** महुईसुघरपुर निवासी राजकुमार यादव ने कजाकपुर के रहने वाले मनबढ़ों पर रामगढ़ताल पुलिस की मदद से जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया है। सोमवार को प्रेस वार्ता कर राजकुमार ने बताया कि उनकी जमीन पर मिट्टी गिराकर कब्जा किया जा रहा है।सूचना देने के बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही।

# 261 की निगरानी कर रही साइबर पुलिस, एक गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** जुमे के दिन नमाज के बाद प्रदेश के कई हिस्सों में पथराव को देखते हुए गोरखपुर पुलिस ने सोशल मीडिया पर निगरानी बढ़ा दी है। चिलुआताल पुलिस ने एक युवक को सोशल मीडिया पर जुमे की नमाज के दिन रैली निकालने की अपील करने के आरोप में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

इसी के साथ साइबर टीम को सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए लगाया गया है। खबर है कि 261 संदिग्ध लोगों की साइबर टीम निगरानी कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर पुलिस ने बीते शुक्रस्वार को जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण तरीके से निपटा लिया है। लेकिन, उसी दिन एक बुर्का धारी महिला ने कैंट इलाके में कार में आग लगा दी थी।

स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया था, लेकिन बड़ी साजिश की आशंका की बात सामने आई है। पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी है। यही वजह है कि अगले शुक्रस्वार को होने वाली

जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए अभी से तैयारी शुरु कर दी है। संवेदनशील क्षेत्र में पुलिस अधिकारी ड्रोन से निगरानी व

## युवक ने जुमे की नमाज के दिन की थी रैली निकालने की अपील

फ्लैग मार्च कर रहे हैं। नुपूर शर्मा प्रकरण को लेकर सोशल मीडिया पर भड़काऊ व आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों की निगरानी शुरु कर दी गई।

दो दिन में साइबर सेल के अलावा एसएसपी की मीडिया सेल ने शहरी क्षेत्र में रहने वाले ऐसे लोगों को चिन्हित किया है, जिन्होंने अपने फेसबुक, ट्वीटर व इंस्टाग्राम एकाउंट से माहौल गरम करने वाले पोस्ट शेयर किए हैं।

इन लोगों की निगरानी करने के साथ ही मैसेज भेजकर पुलिस ने पोस्ट डिलीट करने की चेतावनी दी है। निगरानी के बीच चिलुआताल के करीमनगर मोहल्ले में रहने वाले युवक ने 17 जून को जुमे की नमाज के बाद रैली निकालने की अपील करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया था, उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी डॉ विपिन ताडा ने बताया कि पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। पिछली बार भी पुलिस को सभी समुदायों से सहयोग मिला था। अराजक तत्वों की निगरानी की जा रही है, सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सुविधा पुलिस अफसरों की ओर से प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया

# पांच और नए थाने बनाने की तैयारी

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** सब कुछ ठीक रहा तो जिले में जल्द पांच और नए थाने खुल जाएंगे। पुलिस अफसरों की ओर से प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है। पास होने के बाद इन थानों को बनाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इन थानों से करीब 500 गांवों और मोहल्लों के पांच लाख लोगों को लाभ होगा। उन्हें ज्यादा दूरी नहीं तय करनी पड़ेगी। ये थाने शहरी, दक्षिणी और उत्तरी क्षेत्र में बनेंगे।

जानकारी के मुताबिक, सीएम योगी ने पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद हर एक लाख की आबादी पर नए थानों के निर्माण करने का निर्देश दिया था। इसके बाद ही गोरखपुर में पांच वर्षों में पांच नए थाने बन चुके हैं, जो पूरी तरह से काम कर रहे हैं। इनमें गीडा, रामगढ़ताल, एम्स, साइबर और एएचटी थाना है। हालांकि, एम्स थाना अभी यूपी काप एप और कागजों में ही चालू है। भवन तैयार हो जाने के बाद वहां स्टाफ की तैनाती कर दी जाएगी जिसके बाद एम्स थाना धरातल में भी काम करने लगेगा। वर्तमान में जिले में 30 थाने मौजूद हैं।

**इन नए थानों का भेजा गया प्रस्ताव :** शहरी क्षेत्र के खोराबार थाने से काटकर बेलवार थाना, कैंट थाने से काटकर रेलवे कॉलोनी थाना बनाया जाएगा। जिसका प्रस्ताव एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने भेज दिया है। वहीं, दक्षिणी क्षेत्र में बांसगांव थाने से काटकर कौड़ीराम थाना और बड़हलगंज थाने से काटकर डेरवां थाना बनाया जाएगा। इसके लिए एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने प्रस्ताव भेजा है। वहीं उत्तरी क्षेत्र में चिलुआताल और गुलरिहा थाने का हिस्सा काटकर बालाकोट सोनबरसा थाना बनाया जाएगा।

## इन थानों से कटेंगे इलाके, नए में होंगे शामिल

**खोराबार** के बेलवार चौकी में पड़ने वाले इलाकों जैसे अकोलहिया, पोछिया, छपरा, बरसाइत, लालपुर टीकर, कुंई, प्यासी, गौरी मंगलपुर, कड़जहां, जंगल चंवरी, रायगंज के अलावा झंगहा के रामपुर डांड़ी, लक्ष्मीपुर सहित सैकड़ों गांव बेलवार थाने में शामिल होंगे। इसी प्रकार कैंट के मोहद्दीपुर, रेलवे कॉलोनी को काटकर रेलवे कॉलोनी थाना बनाया जाएगा। वहीं बांसगांव के कौड़ीराम थाने में कुछ गांव बांसगांव और कुछ गगहा और कुछ बेलीपार थाने का हिस्सा काटा जाएगा। कौड़ीराम थाने में कौड़ीराम, डांड़ी, गजपुर, कसिहार, मलांव, जयंतीपुर सहित कई गांव होंगे। वहीं डेरवा थाने में बड़हलगंज और गोला के साथ ही गगहा के कुछ गांवों को काटकर शामिल किया जाएगा। इसी प्रकार बालाकोट सोनबरसा थाने में गुलरिहा और चिलुआताल के गांवों को काटकर शामिल किया जाएगा। इसमें सरहरी, सोनबरसा आदि इलाके होंगे।

# थाने पर सुनवाई न करने पर गिरेगी गाज

## एसएसपी ने 15 जून को पुलिस लाइंस में विवेचक और बीट अधिकारी को बुलाया

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** थाने पर सुनवाई न होने की वजह से पुलिस अफसरों के दफ्तर में लगने वाली भीड़ को एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने गंभीरता से लिया है।

सोमवार को 200 फरियादियों के आने के बाद सख्ती से सभी के प्रार्थनापत्र पर आदेश दिया। साथ ही संबंधित बीट दरोगा, बीट पुलिस अधिकारी (सिपाही) को पुलिस लाइंस में 15 जून को बुलाया है। दोपहर तीन बजे फरियादियों को भी बुलाया गया है। उनकी मौजूदगी में एसएसपी पुलिस वालों से जानेंगे कि आखिर इस मामले में उन्होंने क्या कार्रवाई की। लापरवाही सामने आई तो कार्रवाई तय है। जानकारी के मुताबिक, थानों पर फरियाद लेकर जाने के बाद पुलिस कार्रवाई करने की जगह आनाकानी करती है। इसका असर होता है कि एडीजी से लेकर एसएसपी, एसपी सिटी, एसपी साउथ, नार्थ के दफ्तर में फरियादियों की लाइन लगी रहती है।




अमर उजाला में 12 जून के अंक में प्रकाशित खबर।

सोमवार को अकेले एसएसपी के पास करीब 200 फरियादी पहुंचे थे। इसमें कई ऐसे मामले थे, जिनका निपटारा थाने स्तर पर ही हो जाना चाहिए था। इसे एसएसपी ने गंभीरता से लेते हुए फरियादियों और पुलिस वालों को 15 जून को पुलिस लाइंस में हाजिर होने का आदेश दिया है। ताकि, पुलिस के कामों की समीक्षा की जा सके।

**200 फरियादियों ने दिया प्रार्थनापत्र सभी आवेदकों की मौजूदगी में पुलिस के कामों की होगी समीक्षा**

सोमवार को करीब 200 फरियादी आए थे। फरियादियों और संबंधित पुलिस वालों को 15 जून को तीन बजे पुलिस लाइंस में बुलाया गया है। वहीं पर देखा जाएगा कि प्रार्थनापत्र पर थाने स्तर से क्या कार्रवाई की गई। अगर नहीं की गई तो क्यों? इसी आधार पर लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। - **डॉ. विपिन ताडा,** एसएसपी

# विधायक पर टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**झंगहा।** चौरीचौरा से भाजपा विधायक ई. सरवन निषाद पर अभद्र टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पकड़े गए आरोपी की पहचान दुबौली निवासी पंडित शुभम शुक्ला उर्फ निखिल शुक्ला के रूप में हुई है। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे चौरीचौरा के विधायक ई. सरवन निषाद के प्रतिनिधि जयप्रकाश निषाद ने झंगहा थाना में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि दुबौली गांव का शुभम व उसका साथी, विधायक के खिलाफ सोशल मीडिया पर गालीगलौज और अभद्र शब्दों का प्रयोग कर रहा है। इससे विधायक के समर्थकों में काफी आक्रोश का माहौल है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर नामजद आरोपी को पकड़ लिया है। उसके साथी के बारे में पुलिस जांच कर रही है। ब्यूरो

# सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

### खजनी पुलिस ने केस दर्ज कर भेजा जेल, चार दिन में इस तरह की दूसरी घटना

**उनवल (गोरखपुर)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी को सोमवार को खजनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी कर उसे वायरल कर दिया था।

मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई की। चार दिन के भीतर इस तरह का यह दूसरा मामला सामने आया है। अभी कैंट पुलिस ने मुख्यमंत्री पर टिप्पणी के मामले में कार्रवाई की थी।

आरोपी की पहचान खजनी के सरया तिवारी टोला तेतरिया निवासी



अकरम अली उर्फ गुलबहार के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, व्हाट्सएप पर मुख्यमंत्री के खिलाफ टिप्पणी कर अकरम ने वायरल किया था। गांव के ही अमित सिंह ने इसे देखा और फिर ट्वीट कर सांसद रवि किशन व पुलिस को जानकारी दी।

खजनी पुलिस ने संज्ञान लेते हुए केस दर्ज कर लिया। सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इंस्पेक्टर इकरार अहमद ने बताया कि मामले की जानकारी होने पर तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया था।

# जिलाधिकारी को दरकिनार कर दागी की कराई पीएसी में ज्वाइनिंग

## सहायक निदेशक अभियोजन का एक और कारनामा सामने आया : दो और दागियों की सरकारी विभागों में तैनाती हुई, शासन से हटाने की सिफारिश

अमर उजाला ब्यूरो

### गैंगस्टर की फाइल रोक कर घूस लेने के आरोपों से भी घिरे हैं अशोक वर्मा

**गोरखपुर।** सपा नेता व 11 मुकदमों में नामजद कपिलमुनि यादव की गैंगस्टर से जुड़ी फाइल पर आपत्ति लगाकर घूस लेने के आरोपों से घिरे प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा का एक और कारनामा सामने आया है। पता चला है कि जिलाधिकारी के संज्ञान में लाए बगैर ही मुकदमों में नामजद आरोपियों को सरकारी विभागों में कार्यभार ग्रहण करा दिया।

ऐसे तीन मामले सामने आए हैं। इसी लिहाज से जिलाधिकारी ने अशोक वर्मा से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी को पत्र लिखकर संयुक्त निदेशक को तत्काल हटाने व कार्रवाई की सिफारिश की है।

घूस लेने के आरोपों से घिरे प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन के खिलाफ जांच चल ही रही थी कि एक और मामला सामने आ गया। तत्कालीन जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने मामले का सिलसिलेवार ढंग से पर्दाफाश किया है। जिलाधिकारी ने अपर मुख्य सचिव गृह को लिखे पत्र में कहा कि बड़हलगंज क्षेत्र के परसिया तिवारी गांव के विमलेश तिवारी के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं। मुकदमे न्यायालय विचाराधीन हैं। इसके बावजूद सहायक निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा ने पीएसी के सेनानायक को पत्र भेजकर विमलेश तिवारी को कार्यभार ग्रहण करा दिया। इसकी अनुमति जिलाधिकारी से लेने की जरूरत नहीं समझी गई। नियमानुसार, जिलाधिकारी की अनुमति जरूरी होती है।

इसी तरह चौरीचौरा क्षेत्र के सोनबरसा खुर्द निवासी पवन कुमार के मामले में भी क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर विधिक राय दी गई है। पवन कुमार के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज है। आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया जा चुका है। इसके बावजूद पवन कुमार की नियुक्ति सरकारी महकमे में करा दी गई। गोला क्षेत्र के कोहरा बुजुर्ग निवासी देवेश चन्द के मामले में भी ऐसे ही किया गया है। सहायक निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा के पास जिलाधिकारी व एसएसपी से जुड़ी फाइलों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी है, लेकिन वे लगातार मनमानी कर रहे हैं। सरकारी विभागों में दागी अभ्यर्थियों की तैनाती की राय दे रहे हैं।

### यह है नियम

**सरकारी** सेवा के लिए चयनित अभ्यर्थी के खिलाफ यदि कोई मुकदमा दर्ज होता है तो तैनाती से पहले जिलाधिकारी की अनुमति जरूरी होती है। जिलाधिकारी की अनुमति के बगैर किसी अभ्यर्थी को कार्यभार नहीं ग्रहण कराया जा सकता है।

# घूस कांड : अफसरों के खिलाफ विभागीय जांच, गाज गिरनी तय

- अपर निदेशक अभियोजन अयोध्या ने गोरखपुर आकर की जांच
- संयुक्त निदेशक अभियोजन और ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी के घूस लेने का मामला

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** जिला बदर कपिलमुनि यादव की गैंगस्टर की फाइल रोकने, फिर उसे आगे बढ़ाने के लिए घूस लेने के आरोपों से घिरे प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा और ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी रणविजय सिंह के खिलाफ सोमवार से विभागीय जांच शुरू हो गई।

अयोध्या के अपर निदेशक अभियोजन जय प्रकाश पांडेय गोरखपुर आए और जांच करके देर शाम लखनऊ चले गए। अपर निदेशक को 24 घंटे में ही जांच रिपोर्ट शासन को देनी है। बताया जा रहा है कि मामले में दोनों अफसरों पर गाज गिरनी तय है।

जानकारी के मुताबिक, प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा व ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी रणविजय सिंह घूसखोरी में फंसे हैं। इस मामले के वायरल वीडियो की जांच जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने एडीएम सिटी विनीत सिंह से कराई थी। जांच में घूस लेने की पुष्टि हुई। इसी का



गैंगस्टर की फाइल रोक संयुक्त निदेशक अभियोजन, ज्येष्ठ अधिकारी ने लिया घूस

13 जून के अंक में प्रकाशित खबर।

हवाला देते हुए ही जिलाधिकारी ने दोनों अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी से की है।

सूत्रों ने बताया कि घूसखोरी से जुड़े इस प्रकरण को शासन ने गंभीरता से संज्ञान लिया। गृह विभाग ने गोरखपुर के जिलाधिकारी के पत्र व एडीएम सिटी की जांच रिपोर्ट अयोध्या के अपर निदेशक अभियोजन को उपलब्ध कराई।

साथ ही घूसखोरी से जुड़े वीडियो की जांच करके रिपोर्ट देने को कहा। इसी का नतीजा रहा कि जांच अधिकारी सोमवार को गोरखपुर आए। एक-एक बिंदु की पड़ताल की और आरोपियों के बयान भी दर्ज किए। देर शाम जांच करके अपर निदेशक लखनऊ रवाना हो गए। वह गृह विभाग को रिपोर्ट देंगे, फिर आगे की कार्रवाई होगी।

### दीपक ने किया स्टिंग ऑपरेशन

**कपिलमुनि** यादव के खिलाफ खोराबार व रामगढ़ताल थाने में हत्या, हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में 11 मुकदमे दर्ज हैं। आरोप है कि कपिलमुनि ने कजाकपुर के संजय यादव की हत्या की, फिर उनके शव को खेत में गड़वा दिया। इसी खेत में गेहूं की बुआई करा दी। बाद में संजय की घड़ी बरामद हुई और हत्या में कपिलमुनि यादव को नामजद किया गया। इस मामले की पैरवी संजय के भाई दीपक यादव कर रहे हैं। दीपक का आरोप है कि कपिलमुनि जान से मारने की धमकी दे चुका है। दीपक ही कपिलमुनि के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### रामगढ़ताल पुलिस की सिफारिश पर आपत्ति

**कपिलमुनि** यादव को रामगढ़ताल पुलिस ने जिला बदर किया है। थाना पुलिस ने ही विधानसभा चुनाव से पहले कपिलमुनि के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की सिफारिश की थी, लेकिन मामले में प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन व ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी ने अड़ंगा लगा दिया।

**31 जुलाई को होंगे सेवानिवृत्त**

**संयुक्त** निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा जुलाई में सेवानिवृत्त हो जाएंगे, लेकिन पहले ही गंभीर मामले में फंस गए। बताया जा रहा है कि अशोक वर्मा की सेवानिवृत्ति आयु 31 जुलाई को पूरी होगी।

### ... तो और भी मामलों में लगाई आपत्ति

**दीपक** यादव ने अपर मुख्य सचिव गृह को जो पत्र भेजा है, उसके मुताबिक, कैंट थाने से अशफाक अहमद, शमशाद अहमद, शमशेर आलम, तनवीर खान और विवेक मद्धेशिया के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की सिफारिश की गई थी। एसएसपी, सीओ आइंस्पेक्टर स्तर से औपचारिकता भी पूरी कर दी गई, लेकिन संयुक्त निदेशक अभियोजन स्तर से आपत्ति लगा दी गई। यह सिलसिला चलता रहा, लेकिन अचानक गैंगस्टर की फाइल स्वीकृत कर दी गई।



कपिलमुनि यादव की गैंगस्टर से जुड़ी फाइल को दो बार आपत्ति लगाकर वापस की गई है। गैंगस्टर की फाइल तैयार है। तीसरी बार भेजी जाएगी। गैंगस्टर की कार्रवाई जरूर होगी। इस तरह के और मामले दिखवाए जाएंगे। देखा जाएगा कि किस-किस मामले में आपत्ति लगाकर फाइल वापस की गई है। गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद बदमाश को जल्दी जमानत नहीं मिलती है, लेकिन कार्रवाई में देरी का लाभ मिल जाता है। आगे से ऐसा न हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा। कपिलमुनि, रामगढ़ताल पुलिस द्वारा जिला बदर किया गया है। - **डॉ. विपिन ताडा,** एसएसपी गोरखपुर



पूरे मामले की रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। अब शासन स्तर से ही कार्रवाई होनी है। जैसे ही कोई आदेश मिलेगा, उसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

\- **कृष्णा करुणेश,** डीएम गोरखपुर

घूस कांड से संबंधित खबरें पढ़ें
amarujala.com पर

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-06-2022

दैनिक जागरण दि० - 14-06-22

# वाहन चलाते समय यातायात नियमों का जरूर करें पालन




बीआरडी बीडी पीजी कालेज आश्रम में यातायात जागरूकता गोष्ठी को संबोधित करते उप निरीक्षक एससी पांडेय • जागरण

जागरण संवाददाता, बरहज: बाबा राघवदास भगवानदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय आश्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजन में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को आयोजित गोष्ठी में उप निरीक्षक एससी पांडेय ने कहा कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें।

उप निरीक्षक ने कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट लगाना आवश्यक है। मोबाइल से बात करते हुए गाड़ी न चलाएं। यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। दूसरों को भी यातायात नियमों से जागरूक करते रहना चाहिए। प्रो. अजय कुमार मिश्र ने कहा कि नियम को पढ़ने के साथ-साथ व्यवहार में भी लाना होगा। अनुज कुमार श्रीवास्तव ने यातायात नियम का पालन कर सड़क दुर्घटना रोकने की बात कही। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. विनीत कुमार पांडेय ने किया। इस दौरान अंकित पाठक, आकाश, दुर्गेश यादव, शालिनी, अब्दुल, मुस्कान परवीन, अफरोज आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि०-14-6-22

# ... तो सुपारी देकर कराई गई बैरिस्टर यादव की हत्या

## पुलिस के हाथ लगा अहम सुराग, बिहार व अन्य जगहों पर दबिश दे रही पुलिस

**खामपार।** सेमरौना टोला निवासी बैरिस्टर यादव की शनिवार को हुई गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस को भनक लगी है कि रुपये के लेने-देने में एक व्यक्ति ने पेशेवर बदमाशों को सुपारी देकर हत्या कराई है। पुलिस की दो टीमों सहित एसओजी घटना के पर्दाफाश के लिए बिहार के एक शूटर पर निगाह गड़ाए हुए है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अभी तक की जांच के दौरान घटना का कारण रुपये के लेन-देन बताई जा रही है। घटना के बाद से ही यह बात सामने आ गई है कि भाड़े के हत्यारों ने ही इस घटना को अंजाम दिया है। जिस प्रकार बाइक सवार बदमाशों ने नाइन एमएम की पिस्टल से गोली मारकर युवक की हत्या की है, वह सामान्य व्यक्ति नहीं कर सकता है। बदमाश हवाई फायरिंग करके फरार हुए उससे पुलिस का मानना है कि यह कार्य जमे बदमाश ही करते है।

एसओजी इस मामले में अभी तक यूपी व बिहार के दर्जनों स्थानों पर छापे मार चुकी है। अभी तक की कार्रवाई पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है। क्षेत्राधिकारी पंचम लाल ने कहा कि पुलिस कई बिंदुओं पर काम कर रही है और मामले का सही खुलासा होगा। हो सकता है कि किसी विवाद में किसी ने बदमाशों से हत्या करा दी हो। संवाद

अमर उजाला दि० 14-6-22

# प्रेमिका की पिटाई से खफा होकर युवक ने की थी आर्केस्ट्रा संचालक की हत्या

## दोस्त के साथ मिलकर दिया था वारदात को अंजाम, हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार, फरसा व बाइक बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। चेरो चौराहे पर हुई आर्केस्ट्रा संचालक की हत्या का पर्दाफाश कोतवाली पुलिस ने सोमवार को किया। इसमें शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, हत्या में प्रयुक्त हथियार, बाइक व खून लगा कंबल बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

बरहज थाना क्षेत्र के मोहाव गांव निवासी रामपुकार गोंड (35) वर्ष कोतवाली थाना क्षेत्र के चेरो चौराहे पर किराए की एक मकान में रहकर आर्केस्ट्रा ग्रुप चलाते थे, जिसमें नौ नर्तकी काम करती हैं। शुक्रवार को सभी नर्तकी किसी कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। शनिवार की सुबह कार्यक्रम के बाद नर्तकी जब पहुंचीं तो संचालक मौजूद नहीं थे और मकान में बाहर से ताला लटक रहा था। गेट के पास खून, चाकू देख हत्या की आशंका होने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के काफी प्रयास के बाद सलेमपुर-बरहज रेल लाइन के किनारे देवरहा बाबा रोड रेलवे स्टेशन के समीप एक गड्ढे की झाड़ी से आर्केस्ट्रा संचालक का शव बरामद हुआ था।



आर्केस्ट्रा संचालक के हत्या के आरोपियों को जेल भेजती कोतवाली पुलिस।

इस मामले कोतवाली पुलिस रविवार की देर रात मृतक के भाई अनिल गोंडकी तहरीर पर खुखुंदू थाना क्षेत्र के तालडीहा गांव निवासी मारकंडेय उर्फ राहुल पांडेय समेत कुछ अज्ञात पर हत्या, साक्ष्य छिपाने व एसीएसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज की थी। इसके बाद कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम मामले की जांच में जुट गई। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में घटना के पर्दाफाश एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सोमवार को क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में प्रभारी एसओजी मय टीम व प्रभारी निरीक्षक सलेमपुर नवीन कुमार मिश्रा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर थे।

इसी बीच मुखबिर की सूचना पर रामपुर बुजुर्ग गांव के पास से राहुल उर्फ मार्कंडेय पांडेय उम्र करीब 30 वर्ष तथा चंदन प्रसाद उम्र करीब 25 वर्ष निवासी तालडीहा थाना खुखुंदू को हत्या में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम के आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की। बताया कि मृतक राम पुकार के आर्केस्ट्रा में काम करने वाली डांसर पिंकी गिरि उनके आर्केस्ट्रा में 4-5 साल से काम करती थी। इसी दौरान आर्केस्ट्रा में सट्टा बुक कराने व पार्टी को लाने ले जाने के दौरान राहुल उर्फ मारकंडेय से संपर्क हो गया।

जब कभी आर्केस्ट्रा संचालक डांसर पिंकी गिरि को किसी बात के लिए डांटता या मारता पीटता था तो मारकंडेय पांडेय को बुरा लगता था। इसी बात से नाराज होकर राहुल उर्फ मारकंडेय पांडेय अपने दोस्त चंदन प्रसाद के साथ मिलकर शुक्रवार की रात में पीछे से छत पर चढ़ गया और वहां सो रहे आर्केस्ट्रा मालिक रामपुकार के चेहरे व अन्य स्थानों पर धारदार हथियार बांका से प्रहार कर हत्या कर दिया और उनका मोबाइल अपने पास रख लिया था। शव को नीचे लाकर खून साफ कर मोटर साइकिल पर शव रखकर चंदन व राहुल उर्फ मारकंडेय पांडेय ने देवरहा बाबा ढाले के पास ले जाकर छिपा दिया। बाइक चंदन चला रहा था।

पुलिस टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर ग्राम करौता से माथापार जाने वाले मार्ग पर बने पुल के नीचे झाड़ियों से घटना में प्रयुक्त फरसा मय बेट तथा खून लगा कंबल (जिसमें शव को लपेटकर घर से रेलवे ढाले तक ले जाया गया) बरामद किया। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया। वहीं उनके पास घटना में प्रयुक्त बाइक, फरसा, खून लगा कंबल व मृतक का मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

अमर उजाला दि०-14-6-22



कार्यक्रम को संबोधित करते पुलिस अधिकारी व अन्य। संवाद

# नशे में वाहन न चलाएं : पांडेय

बरहज। बीआरडीबीडी पीजी कॉलेज आश्रम में सोमवार को सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सड़क पर नियमों की अनदेखी करने से जान जा सकती है। इसके लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी है।

मुख्य अतिथि एसएसआई सुभाष चंद्र पांडेय ने कहा कि रोजाना सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान जाती है। जिसकी वजह नियमों की अनदेखी करना है। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में गाड़ी न चलाएं। हेल्मेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करने और सामान्य रफ्तार में वाहन चलाने से ही दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सकता है। ड्राइव करने के दौरान गाड़ी के कागजात साथ में अवश्य रखना चाहिए, जिससे व्यक्ति की पहचान में आसानी हो, जबकि छोटी-बड़ी समस्याओं से निजात मिल सके। गोष्ठी को डॉ. अजय कुमार मिश्र, अनुज श्रीवास्तव, अब्दुल हसीब आदि ने संबोधित किया। इस दौरान विनय मिश्र, रवींद्र मिश्र, मनीष श्रीवास्तव, प्रदीप, आनंद मिश्र आदि मौजूद रहे। संवाद

अमर उजाला दि०-14-6-22

# चोरी की दो बाइकों और तमंचे के साथ तीन बाइक लिफ्टर गिरफ्तार

लार। चोरी की बाइक लेकर बिहार जा रहे तीन बाइक लिफ्टरों को पुलिस ने घेराबंदी कर सुतावर गांव के समीप दबोच लिया। तीनों के पास से चोरी की दो बाइक व एक तमंचा बरामद हुआ है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीनों को न्यायालय में पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह, एसएसआई राममोहन सिंह रविवार की शाम गश्त कर रहे थे। मुखबिर ने सूचना दी कि चोरी की दो बाइक के साथ तीन युवक मेहरौना के रास्ते बिहार जाने की फिराक में हैं। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस वाहन लिफ्टरों की तलाश में सुतावार तिराहे पर पहुंच गई। तभी दो बाइक पर तीन युवक आते दिखे। शक होने पर पुलिस ने रोका तो वह रफ्तार बढ़ा कर भागने लगे। पुलिस ने कुछ ही दूरी पर घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया। पुलिस थाने लेकर पहुंची। तीनों के पास से दो चोरी की बाइक व एक देशी तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में उनकी पहचान विनोद कुमार उर्फ लड्डन निवासी वैश्यकर्णी वार्ड लार, धन्नु कुमार भारती, दलित बस्ती वार्ड लार, शाकिर चोरडीहा लार के रूप में हुई। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। वहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि तीन बाइक चोरों को गिरफ्तार किया गया है। दो बाइक व देशी तमंचा बरामद किया गया है। संवाद

अमर उजाला दि--14-6-22

# अभद्र टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

बैतालपुर। धार्मिक आस्था को लेकर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वायरल पोस्ट की शिकायत बैतालपुर गांव निवासी दिनेश चौहान, गिरजेश गुप्ता, हर्ष श्रीवास्तव आदि ने की थी। थानाध्यक्ष विपिन मलिक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को विशुनपुरा गांव निवासी युवक को गिरफ्तार कर लिया। एसओ ने बताया कि गलत टिप्पणी करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

अमर उजाला दि०-14-6-22

# डग्गामार वाहनों के खिलाफ चला अभियान नौ बसें सीज

देवरिया। डग्गामारी करने वाले वाहनों के खिलाफ पुलिस और परिवहन विभाग का अभियान सोमवार को भी जारी रहा।

विभिन्न मार्गों से आठ सामान्य बसों को एवं एक लग्जरी बस को अवैध रूप से संचालन के मामले में सीज किया गया। शहर के प्रमुख मार्गों पर प्रतिदिन दिखने वाले डग्गामार वाहन संचालकों में हड़कंप मचा रहा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन राजीव चतुर्वेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में शहर के अवैध स्टैंड के खिलाफ अभियान चलाया गया। संवाद

अमर उजाला दि०-14-6-22

# भाजपा विधायक शलभ मणि, संजय केडिया सहित दस पर केस

## कोर्ट के आदेश पर गौरी बाजार पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, पूर्व विधायक जन्मेजय सिंह के पुत्र ने दर्ज कराया मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। न्यायालय के आदेश पर गौरी बाजार पुलिस ने सोमवार को सदर विधायक डॉ.शलभ मणि त्रिपाठी और व्यवसायी संजय केडिया सहित दस लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले, डकैती सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पूर्व विधायक जन्मेजय सिंह के पुत्र श्रीप्रकाश सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई थी।


सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी

गौरीबाजार थाना क्षेत्र के देवगांव निवासी पूर्व विधायक स्व. जन्मेजय सिंह के पुत्र श्रीप्रकाश सिंह ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में बताया था कि उनके छोटे भाई अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सदर से सपा प्रत्याशी के रुप में चुनाव मैदान में थे। 2 मार्च 2022 की रात में करीब 9.30 बजे जानकारी मिली थी कि भाजपा प्रत्याशी डॉ.शलभ मणि कुछ बाहरी लोगों के साथ करमाजीतपुर गांव में रुपये और शराब बंटवाने की तैयारी में है। जानकारी होने पर छोटे को फोन से बताया और जानकारी लेने के लिए हम लोग मौके पर पहुंच गए। वहां मौजद लोगों ने हम लोगों पर जानलेवा हमला बोल दिया, जिससे कई लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। इस मामले में तहरीर पुलिस को दी गई, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। इस मामले में 18 मई को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने सदर विधायक सहित अन्य आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर विवेचाना करने का आदेश गौरी बाजार पुलिस को दिया। कोर्ट के आदेश पर सोमवार को पुलिस ने भाजापा के सदर विधायक डॉ.शलभ मणि त्रिपाठी, व्यवसायी संजय केडिया, आशुतोष ओझा, सुनील ओझा, सिद्धार्थ ओझा, मुकेश शर्मा निवासी गोरखपुर, सर्वेश मिश्र निवासी आजमगढ़, कमलेश मिश्र निवासी लखनऊ, प्रमोद सिंह निवासी कोड़ा, बरहज, महर्षि मणि त्रिपाठी पता अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला, डकैती सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ विपिन मलिक ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना की जाएगी। जबकि इसी घटना में पहले ही आशुतोष ओझा की तहरीर पर पूर्व विधायक के पुत्र सहित अन्य नामजद पर केस दर्ज किया जा चुका है।

### इस मामले में वादी पर पहले ही दर्ज हो चुका है मुकदमा

देवरिया। गौरीबाजार क्षेत्र के करमाजीतपुर गांव में हुई घटना में सपा प्रत्याशी रहे अजय सिंह उर्फ पिंटू, उनके भाई श्रीप्रकाश सहित नौ नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने पहले ही गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में गोरखपुर निवासी आशुतोष ओझा ने तहरीर दी थी। इस मामले में गिरफ्तारी न होने पर कुछ लोगों पर इनाम भी घोषित हुआ था।

राष्ट्रीय सहारा दि०-14-6-22

# मिशन शक्ति अभियान : महिला सिपाहियों ने महिलाओं को किया जागरूक

रुद्रपुर (एसएनबी)। पुसिल अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सिपाहियों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक करने हेतु रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमौनी खास व लक्ष्मीपुर में अभियान चलाकर शासन द्वारा जारी योजनाओं को अवगत कराते हुए जागरूक किया तथा योजनाओं संबंधित पर्चा भी वितरण किया। रविवार की शाम अमौनी खास में महिला सिपाही अंजली शुक्ला, अनमोल सिंह व लक्ष्मीपुर में ज्योति राय व ज्योति सिंह ने चौपाल लगाकर जागरूक किया। जहां वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध क्राइम के संबंध में महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि अनजान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें। फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी अपरिचित व्यक्ति से बात करने से बचे। यदि किसी के साथ साइबर क्राइम होता है, तो तत्काल साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराये तथा अपने नजदीकी थाने में सम्पर्क करें। शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नं. 102, 108, 112, 1090, 1076 व 1930 पर महिलाएं व बालिकाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं।

राष्ट्रीय सहारा दि०-15-6-22

# छापेमारी में 16 जुआरी धराये

बरहज (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटिया डीह के बागीचे स्थित पोखरे के पास पुलिस ने छापेमारी कर 16 जुआरियों को 54830 रूपये नकदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की छापेमारी के बाद हड़कम्प मच गया। मौके से एक दर्जन दो पहिया वाहन भी बरामद हुआ है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

**मौके से 54830 रुपये बरामद**

जानकारी के अनुसार बरहज क रूअना मार्ग हरनौठा गांव के पूर्व बनकटिया स्थित बागीचे के पोखरे के पास कई दिनों से बड़े पैमाने पर जुआरियों द्वारा जुआ खेला जाता था। रविवार की दोपहर बाद सीओ देव आनन्द थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र पुलिस टीम के साथ घेराबन्दी करते हुए जुआ खेल रहे जुआरियों को दबोच लिया। पुलिस छापेमारी के दौरान जुआरी भागने की कोशिश किए लेकिन वे पुलिस के शिंकजे से बाहर नहीं निकल सके। तलाशी के बाद जुआरियों के पास से 54830 रूपये नकदी बरामद हुआ वहीं करीब एक दर्जन दो पहिया वाहनों को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

पकडे गये जुआरियों में गौरा निवासी जयप्रकाश सिंह पुत्र अर्जुन सिंह, पुराना बरहज निवासी अमरेन्द्र सिंह उर्फ सिपाही पुत्र स्व. राधेश्याम सिंह, तिवारीपुर निवासी मनीष मद्धेशिया पुत्र स्व. शंकर मद्धेशिया, आजाद नगर उत्तरी निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र गोपाल, आजाद नगर दक्षिणी निवासी विक्रम जायसवाल पुत्र विनोद जायसवाल, गौरा निवासी विकास सिंह पुत्र विवेक सिंह, लवरछी निवासी नागेन्द्र यादव पुत्र स्व. अच्छेलाल, जयनगर निवासी कृष्ण कुमार कुशवाहा पुत्र रामचन्द्र कुशवाहा, गौरा निवासी राजेश सिंह पुत्र लल्लन सिंह, पैना बीच पट्टी दिलीप सिंह पुत्र नागेन्द्र सिंह, पप्पू कन्नौजिया पुत्र स्व. उमाशंकर कन्नौजिया, आजाद नगर दक्षिणी निवासी श्रवण चौरसिया पुत्र खदेरू, गौरा निवासी गुड्डू सोनकर पुत्र सुवाष सोनकर, चिटूं सिंह पुत्र स्व. उमाशंकर सिंह, कस्बा निवासी गौपाल सैनी पुत्र अज्ञात सहित कुल 16 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर (13) जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। एसओ जयशंकर मिश्र ने बताया कि थाना क्षेत्र के बनकटिया में जुआ खेलते 16 जुआरियों को नकदी के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी।

# बांस की कईन काटने को लेकर मारपीट

तरकुलवा (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोन्हवलिया गांव में रविवार को बांस की कईन काटने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों को लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने एक महिला और उसके पति के कान को दांत से काट लिया। इस मामले में तरकुलवा पुलिस ने पीड़िता मीरा देवी पत्नी रामप्यारे की तहरीर पर गोपाल पुत्र गोधन, संतरा पत्नी गोपाल व रीना देवी पत्नी नीलेश ग्राम कोन्हवलिया थाना तरकुलवा के खिलाफ धारा 323, 324 व 504 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा दि०-१५-६-२२

# तमंचे के साथ टाप-10 अपराधी गिरफ्तार

देवरिया(एसएनबी)। सदर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को शहर के कसया रोड स्थित बालाजी मंदिर तिराहे से गौ तस्करी में वांछित टाप-10 अपराधी अभियुक्त को एक अदद अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। इस मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। शहर कोतवाल अनुज सिंह ने बताया



कि सोमवार को एस.आई. मो. दानिश आजम ने अपने हमराहियों कां.उमेश चन्द्र राय व कां. नरसिंह यादव के साथ मुखबिर की सूचना पर बालाजी मंदिर तिराहे से गौ तस्करी में वांछित टाप-10 अपराधी अभियुक्त ऋषिपाल पुत्र पवन पाल निवासी रघवापुर थाना कोतवाली जनपद देवरिया को एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना कोतवाली पर मु.अ.सं. 414/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कराते हुए नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है। शहर कोतवाल श्री सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध इसके पूर्व भी सदर कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट गोवध निवारण अधिनियम एवं आर्म्स एक्ट के तहत तीन अभियोग पंजीकृत हैं।

राष्ट्रीय सहारा दि० -15-6-22

# बाइक व आला कत्ल बरामद, दो धराए

## आर्केस्ट्रा संचालक हत्याकाण्ड का पर्दाफाश

**देवरिया(एसएनबी)**। एसओजी टीम व थाना सलेमपुर पुलिस ने आर्केस्ट्रा संचालक हत्याकाण्ड का सोमवार को खुलासा कर दिया है। इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त आला कत्ल व बाइक भी बरामद किया है।

गत 10/11 जून की रात में मकान पर सोते समय थाना सलेमपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चेरो में किराये के मकान में रह रहे आर्केस्ट्रा ग्रुप के संचालक रामपुकार गोंड पुत्र मिठाई लाल गोंड निवासी मोहाब थाना बरहज जनपद देवरिया की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी गयी थी। शव को देवरहवा बाबा हाल्ट स्टेशन के रेल पटरी के पास झाड़ियों में फेंककर पत्तियों से छिपा दिया गया था। इस संबंध में मृतक के भाई अनिल गोंड पुत्र मिठाई लाल गोंड द्वारा दिये गये तहरीर पर थाना सलेमपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 122/2022 धारा 302/201 आईपीसी व 3(2) 5 एससी/एसटी एक्ट बनाम मारकण्डेय पाण्डेय उर्फ राहुल पुत्र राजेन्द्र पाण्डेय निवासी तालडिहा पोस्ट बालेपुर थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया व कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। सोमवार को क्षेत्राधिकारी सलेमपुर के नेतृत्व में प्रभारी एसओजी मय टीम प्रभारी निरीक्षक सलेमपुर नवीन मिश्रा मय पुलिस क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम रामपुर बुजुर्ग के पास से अभियुक्त राहुल उर्फ मारकण्डेय पाण्डेय पुत्र राजेन्द्र पाण्डेय, तथा प्रकाश में आये अभियुक्त चन्दन प्रसाद पुत्र खुशी प्रसाद निवासीगण तालडीहा थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया को मय घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स वाहन संख्या यूपी 52-एएस-8575 के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि मृतक रामपुकार के आर्केस्ट्रा में काम करने वाली डांसर पिंकी गिरि पुत्री निताई गिरि निवासी गोराई थाना सोनारपुर जनपद सियालदह (पं. बंगाल) उनके आर्केस्ट्रा में चार -पांच वर्ष से काम करती थी। इसी दौरान आर्केस्ट्रा में सट्टा बुक कराने व पार्टी को ले जाने-ले आने के दौरान राहुल उर्फ मारकण्डेय पुत्र राजेन्द्र पाण्डेय से इनकी घनिष्टता हो गयी। जब कभी आर्केस्ट्रा संचालक डांसर पिंकी गिरि को किसी बात के लिए डांटता या मारता पीटता था तब मारकण्डेय पाण्डेय को बुरा लगता था। इसी बात से नाराज होकर राहुल उर्फ मारकण्डेय पाण्डेय अपने साथी चंदन प्रसाद के साथ मिलकर गत 10/11 जून की रात में पीछे से छत पर चढ़कर धारदार हथियार बांका से छत पर सो रहे आर्केस्ट्रा मालिक रामपुकार को चेहरे व अन्य जगहों पर मारकर हत्या कर दिया। उसका मोबाइल अपने पास रख लिया था। शव को नीचे लाकर खून साफकर मोटरसाइकिल पर रख लिया। मोटरसाइकिल चंदन चला रहा था। राहुल उर्फ मारकण्डेय पाण्डेय बीच में शव को बाइक पर लादकर देवरहा बाबा ढाले के पास ले जाकर छिपा दिया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों की निशानदेही पर ग्राम करौता से माथापार जाने वाले मार्ग पर बने पुल के नीचे झाड़ियों में से घटना में प्रयुक्त एक अदद फरसा मय बेट तथा एक अदद कम्बल खून से सना (जिसमें शव को लेकर रेलवे ढाले तक ले जाया गया) बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना में प्रयुक्त आला कत्ल को कब्जे में लेते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



घटना में प्रयुक्त बाइक व आला कत्ल के साथ गिरफ्तार अभियुक्त।

राष्ट्रीय सहारा दि० 14-6-22

# टाप टेन अभियुक्त चाकू के साथ गिरफ्तार

तरकुलवा(एसएनबी)। रामपुर धौताल गांव निवासी एक टाप टेन अभियुक्त को पुलिस ने सोमवार को एक अदद अबैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस अभिरक्षा में उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि तरकुलवा थाना क्षेत्र के रामपुर धौताल गांव के निवासी आजाद पुत्र मैनुद्दीन के विरुद्ध तरकुलवा थाने में कई संगीन मुकदमा पंजीकृत हैं। सोमवार को गश्त के दौरान पुलिस ने उसे एक अदद अबैध चाकू के साथ गुलहरिया चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। जिसके खिलाफ पुलिस ने धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

हिन्दुस्तान दि० 14-6-22

# पत्नी के करीबी ने की थी आर्केस्ट्रा संचालक की हत्या

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। आर्केस्ट्रा संचालक की पत्नी के करीबी ने ही उसकी हत्या की थी। उसने अपने दोस्त की मदद से चाकुओं से गोद कर हत्या की थी। सलेमपुर पुलिस और एसओजी ने सोमवार को इस मामले का खुलासा करते हुए दोनों हत्यारों को जेल भेज दिया।

बरहज क्षेत्र के मोहाव गांव के रहने वाला रामपुकार गोड़ छह वर्ष से सलेमपुर के चेरो में किराए का मकान लेकर आर्केस्ट्रा चलाता था। उसकी एक शादी पहले हुई थी बाद में उसने आर्केस्ट्रा में काम करने वाली पिंकी गिरि से भी शादी कर लिया था। वहीं खुखुन्दू क्षेत्र के तालडीहा के रहने वाले मारकंडेय पांडेय उर्फ राहुल पुत्र राजेन्द्र पांडेय पिकअप चलाता था। वह आर्केस्ट्रा के कार्यक्रम में डांसरों को ले जाता और ले आता था। इसी बीच आर्केस्ट्रा संचालक की पत्नी पिंकी से उसकी घनिष्ठता बढ़ गई। शुक्रवार की रात में रात में मारकंडेय ने अपने दोस्त के साथ मिलकर पीछे की तरफ से छत पर चढ़ कर रामपुकार की फरसा से प्रहार कर हत्या कर दिया। हत्याकांड के खुलासे के लिए एसपी संकल्प शर्मा ने सीओ विनय कुमार के नेतृत्व में एसओजी और सलेमपुर कोतवाली पुलिस को लगाया था। पुलिस की जांच में पिकअप चालक और उसके दोस्त की संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने आर्केस्ट्रा संचालक के छोटे भाई अनिल गोड़ पुत्र मिठाई लाल की तहरीर पर मारकण्डेय समेत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

रामपुकार की हत्या करने वाले राहुल ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि पिंकी पुत्री निताई गिरी निवासी गोराई थाना सोनारपुर जिला सियालदह पश्चिम बंगाल गत 5 साल से आर्केस्ट्रा में काम करती है। आर्केस्ट्रा में सट्टा बुक कराने व पार्टी को ले जाने ले आने के दौरान उसकी पिंकी से घनिष्ठता हो गयी। इसकी भनक आर्केस्ट्रा संचालक रामपुकार को लग गई थी। वह बात-बात पर पिंकी मारता-पिटता था।



पुलिस की गिरफ्त में आर्केस्ट्रा संचालक के हत्यारोपी। ● हिन्दुस्तान

## कॉल डिटेल से आरोपी तक पहुंची पुलिस

आर्केस्ट्रा संचालक रामपुकार की हत्या के बाद पुलिस व एसओजी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगी। पुलिस एक-एक बिन्दुओं पर जांच कर रही थी। आर्केस्ट्रा संचालक और उसके भाई के मोबाइल कॉल डिटेल को पुलिस ने खंगाला। पिंकी के मोबाइल पर मृतक की काफी बात हुई थी।

## भाई पर नहीं लगा कलंक

आर्केस्ट्रा संचालक की हत्या के बाद सलेमपुर पुलिस उसका और उसके भाई व नर्तकियों से पूछताछ शुरु की। शुरुआत में मृतक के छोटे भाई के शर्ट पर मिले खून के धब्बा से संदेह हुआ। पुलिस ने उससे लम्बी पूछताछ किया। पूछताछ और मोबाइल लोकेशन के आधार पर अनिल को लोकेशन दूसरे स्थान पर था। पुलिस ने हत्याकांड में दूसरे पहलुओं पर जांच शुरु की।

हिन्दुस्तान दि०-14-6-22

# अवैध असलहे के साथ टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार

- सदर कोतवाली क्षेत्र के रघवापुर गांव का रहने वाला है आरोपी
- सदर कोतवाली पुलिस ने बालाजी मंदिर तिराहे से किया गिरफ्तार

देवरिया, निज संवाददाता। सदर कोतवाली के टॉप-10 शातिर अपराधी, हिस्ट्रीशीटर व गौ तस्कर को पुलिस ने सोमवार को दबोच लिया। बदमाश जिले में बड़े पैमाने पर गौ-तस्करी करता था। बदमाश के पास से अवैध असलहा भी बरामद हुआ।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर जिले के थानेदार टॉप टेन अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रहे थे। क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयष त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में सोमवार को कोतवाली के दरोगा मो. दानिश आजम अपने हमराह कांस्टेबल उमेशचन्द्र राय और नरसिह यादव गश्त कर रहे थे। इसी बीच मुखबीर ने सूचना दिया के कोतवाली का टॉप टेन अपराधी भागने के फिराक में है। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए देवरिया कसया मार्ग पर बालाजी मंदिर तिराहे से गौ तस्करी में वांछित टॉप10 अपराधी ऋषि पाल पुत्र पवन पाल निवासी रघवापुर थाना सदर कोतवाली जिला देवरिया को दबोच लिया।

हिन्दुस्तान दि० -14-6-22

# जुए के अड्डे पर छापेमारी 13 को पुलिस ने दबोचा

बरहज। एक बगीचे में रविवारकी रात जुआ खेल रहे एक अड्डे पर पुलिस टीम ने छापेमारी की। टीम ने 13 लोगों को दबोचा। वहीं, तीन लोग फरार हो गए। पुलिस ने 54 हजार 830 रुपया बरामद किया।

क्षेत्र स्थित बनकटिया डीह के बगीचे में पोखरे के पास रात करीब 9:10 बजे कुछ लोग हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे। जहां जानकारी पर मयफोर्स पहुंचे एसओ जयशंकर मिश्र ने आरोपी रूस्तम, जयप्रकाश सिंह, अमरेन्द्र सिंह, मनीष मद्धेशिया, राजेन्द्र कुमार, विक्रम जायसवाल, विकास सिंह, नागेन्द्र यादव, कृष्ण कुमार कुशवाहा, राजेश सिंह, दिलीप सिंह, पप्पू कन्नौजिया, श्रवण चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया।

हिन्दुस्तान दि० 15-6-22

# चोरी की बाइक व तमंचा संग तीन गिरफ्तार

लार। सोमवार को लार पुलिस ने तीन बाइक चोर को जेल भेज दिया है। उनके पास से पुलिस ने चोरी की दो बाइक व एक तमंचा बरामद किया है।

रविवार की देर शाम प्रभारी निरीक्षक लार नवीन कुमार सिंह टीम के साथ गस्त में निकले थे। सूचना मिली कि तीन संदिग्ध लोग सुतावर मोड़ के पास बाइक से खड़े हैं। सूचना के बाद टीम ने मौके से चोरी की दो बाइक व तमंचा के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार कर उन्हें सोमवार को जेल भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि०-14-6-22

# युवक के हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस

भाटपाररानी। खामपार थाना क्षेत्र के नेटुआवीर चौराहे पर शनिवार की दोपहर बदमाशों ने युवक की गोली मारकर हत्या कर दिया। घटना के बाद से ही युवक के हत्यारों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

खामपार थाना क्षेत्र के ततायर बुजुर्ग सेमरौना निवासी बलिस्टर यादव (35) वर्ष पुत्र स्व पूरन यादव शनिवार को नेटुआवीर चौराहा पर मकान के सामने खड़ा था। अचानक बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे गोली से उड़ा दिया। घटना के दिन से ही बदमाशो की तलाश में पुलिस की टीम लगी हुई है।

हिन्दुस्तान दि०-14-6-22

# करमाजीतपुर कांड में सदर विधायक समेत 10 पर केस

गौरीबाजार/देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। विधानसभा चुनाव के दौरान करमाजीतपुर में भाजपा और सपा कार्यकर्ताओं के बीच हुए विवाद में गौरीबाजार पुलिस ने सदर विधायक समेत 10 के विरुद्ध हत्या का प्रयास, लूट और बलवा समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की है।

दो मार्च की रात करमाजीतपुर के रहने वाले अशोक निषाद के घर मंदिर में प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में विवाद हुआ था। इस मामले में पूर्व विधायक स्व. जन्मेजय सिंह के बेटे और सपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह पिण्टू के भाई श्रीप्रकाश सिंह ने भाजपा प्रत्याशी शलभ मणि त्रिपाठी समेत 10 के खिलाफ आरोप लगाते हुए गौरीबाजार पुलिस को तहरीर दी थी। मुकदमा दर्ज नहीं होने पर एसीजेएम कोर्ट में गुहार लगाई। एसीजेएम ने प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए गौरीबाजार पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवचेना करने का निर्देश दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, मयंक ओझा, सुनील ओझा, सिद्धार्थ ओझा पुत्रगण सुधाकर ओझा निवासी राजेन्द्र नगर गोरखनाथ जिला गोरखपुर, मुकेश शर्मा निवासी राजेन्द्र नगर थाना गोरखनाथ गोरखपुर, सर्वेश मिश्र निवासी मीरपुर, अतरौलिया आजमगढ़, कमलेश मिश्र निवासी जानकीपुरम लखनऊ, संजय केडिया निवासी कोतवाली रोड, रजिस्ट्री कार्यालय, प्रमोद सिंह निवासी कोड़ा थाना बरहज और महर्षि मणि त्रिपाठी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**अब तक यह हुई है कार्रवाई:** इस घटना में गौरीबाजार पुलिस ने आशुतोष ओझा की तहरीर पर सपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह पिंटू, श्रीप्रकाश सिंह पुत्रगण स्व.जन्मेजय सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह पुत्र श्रीप्रकाश सिंह निवासीगण देवगांव, पिंटू यादव, हर्ष शर्मा, रघुराज प्रताप, राजू सिंह सैंथवार, धनेश यादव व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। 10 मई को भवनाथ यादव निवासी मठिया माफी थाना गौरीबाजार, संजय यादव निवासी गौरीबाजार, संजीव यादव निवासी गौरीबाजार और भरत यादव को गिरफ्तार किया था।

## यह थी घटना

विधानसभा चुनाव का प्रचार समाप्त हो चुका था। 3 मार्च को चुनाव के लिए मतदान होना था। 2 मार्च 2022 की रात में करमाजीतपुर के रहने वाले अशोक निषाद के घर एक कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने के लिए भाजपा और सपा कार्यकर्ता गए हुए थे। उसी दौरान दोनों पक्षों के जमकर मारपीट हुई थी।

> इस घटना से जुड़ा बच्चा-बच्चा जानता है कि मैं मौके पर नहीं था। भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले की सूचना पर तत्कालीन डीजीपी, डीएम और एसपी से बात करते हुए घटनास्थल पर पहुंचा। इस बात का गवाह मेरा सरकारी गनर भी है। इसके बावजूद कोर्ट के निर्णय का सम्मान है। भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला और अपमान का विरोध करने के लिए ऐसे सैकड़ों मुकदमे झेलने को तैयार हूं।
>
> -शलभ मणि त्रिपाठी, विधायक, देवरिया सदर

हिन्दुस्तान दि० 14-6-22

# यातायात नियमों को लेकर किया जागरूक

बरहज। बीआरडीबीडी पीजी कॉलेज आश्रम बरहज में राष्ट्रीय सेवा योजना से सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सोमवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसएसआई सुभाष चंद पाण्डेय ने स्वयं सेवकों व स्वयं सेविकाओं को सड़क सुरक्षा व यातायात से संबंधित नियमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हेलमेट लगाना बहुत अनिवार्य है।

हिन्दुस्तान दि० 14-6-22

# महिलाओं को किया जागरूक

खुखुन्दू। मिशन शक्ति के तहत थाना क्षेत्र के पिपरा खेमकरन गांव में महिला कांस्टेबल प्रीति चौरसिया और पूनम सिंह ने महिलाओं के कर्तव्य और उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारियां देकर इन्हें जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को बताया कि थाने में महिला हेल्प डेस्क बना हुआ है। जब भी कोई शिकायत हो तो वह सीधे आए वह महिला पुलिस ही उनकी बात सुनेगी।

दैनिक जागरण दि० 14-6-22

# जुआ खेलते 16 गिरफ्तार

जासं, बरहजः बरहज में जुआ के अड्डे पर पुलिस ने सोमवार को छापेमारी कर 16 लोगों को गिरफ्तार किया। मौके से 54 हजार 830 रुपये नकदी बरामद की। सभी आरोपितों के विरुद्ध जुआ एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। बरहज-देवरिया मार्ग पर बनकटिया डीह पोखरा स्थित एक बगीचे के पास लोग जुआ खेल रहे थे। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने छापेमारी की। जयप्रकाश सिंह निवासी गौरा, अमरेंद्र सिंह उर्फ सिपाही निवासी पुराना बरहज, मनीष मद्धेशिया निवासी तिवारीपुर, रुस्तम निवासी सलेमपुर कस्बा थाना सलेमपुर, राजेंद्र कुमार निवासी आजाद नगर उत्तरी, विक्रम जायसवाल निवासी आजाद नगर दक्षिणी, विकास सिंह निवासी गौरा, नागेंद्र यादव निवासी लवरछी, कृष्ण कुमार कुशवाहा निवासी जयनगर, राकेश सिंह निवासी गौरा, दिलीप सिंह निवासी पैना आदि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

दैनिक जागरण दि०-14-6-22

# बिहार पुलिस ने की छापेमारी

रामपुर कारखाना : बिहार के बेतिया जनपद के धनहा में लूटपाट के मामले में बिहार पुलिस ने सोमवार को फिर छापेमारी की। लूट में रामपुर कारखाना, बघौचघाट, महुआडीह, बरियारपुर थानाक्षेत्र के गांव के युवकों की संलिप्तता सामने आई है। अभी तक आरोपित पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े हैं। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि बिहार पुलिस आई है। छापेमारी की जा रही है ।(जासं)

# घराती-बराती भिड़े, पुलिस की देखरेख में हुआ विवाह

मदनपुर, देवरिया : मदनपुर कस्बे में रविवार की रात आई बरात में कपड़े पर खाना गिरने को लेकर मारपीट हो गई। विवाद की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने मामला शांत कराकर विवाह सम्पन्न कराया। कस्बा निवासी एक व्यक्ति के घर रुद्रपुर क्षेत्र के एक गांव से बारात आई थी। खाना खिलाते समय एक बराती के कपड़े पर सब्जी गिर गई, जिसे लेकर मारपीट हो गई। दोनों पक्ष के लोगों को हल्की चोट आई। थानाध्यक्ष बीबी राजभर ने बताया कि मामला शांत करा दिया गया था। किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है। (जासं)

दैनिक जागरण दि० - 14-6-22

दै० जागरण दि० १५-६

# तमंचा व चोरी की दो बाइक के साथ तीन गिरफ्तार, गए जेल

जासं, लार, देवरिया: पुलिस ने रविवार की रात चोरी की दो बाइक व तमंचा के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार किया। न्यायिक अभिरक्षा में तीनों को जेल भेज दिया गया।

वरिष्ठ उप निरीक्षक राम मोहन सिंह पुलिस बल के साथ रात करीब 11.45 बजे गश्त पर निकले थे। वह राम-जानकी मार्ग पर मेहरौना की तरफ जा रहे थे तभी सुतावर मोड़ के पास दो बाइक पर तीन सवार आते हुए दिखाई दिए। युवकों की गतिविधियां संदिग्ध लगी तो पुलिस ने पूछताछ की। पुलिस ने दोनों बाइक के कागजात मांगे तो नहीं दिखा सके। जांच में दोनों बाइक चोरी की निकली। तलाशी लेने पर तमंचा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपितों की पहचान नगर के दलित बस्ती के धन्नू कुमार भारती पुत्र विजय, बैसकरनी के विनोद कुमार सोनकर पुत्र अशोक सोनकर, चोरडीहा गांव के शाकिर अली पुत्र अब्दुल के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि दोनों बाइक चोरी की है। एक युवक के पास से तमंचा मिला है।

दैनिक जागरण दि० - 14-6-22

# बाल श्रम रोकने को करें जागरूक

## एएसपी ने विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठक में दिए निर्देश

- पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज होने वाले मामले से बाल कल्याण समिति को कराएं अवगत
- बाल श्रम कानून के पालन में न बरती जाए कोताही, उल्लंघन करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

जागरण संवाददाता, देवरिया: अपर पुलिस अधीक्षक डा.राजेश सोनकर ने कहा कि बाल श्रम व बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए समाज को आगे आना होगा। इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार की आवश्यकता है। जनता को जागरूक कर ही इस पर पूरी तरह रोक लगाई जा सकती है।

वह सोमवार को पुलिस लाइंस के मनोरंजन कक्ष में विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 का उद्देश्य बाल विवाह पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना है। इसे जनपद में प्रभावी तरीके से लागू किया जाना चाहिए। जनपद में बाल श्रम कानून का पालन कराने में कोताही न बरतें। इसका उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।



विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठक को संबोधित करते एएसपी डा.राजेश सोनकर • सौ.पुलिस

उन्होंने पाक्सो एक्ट के तहत के तहत दर्ज होने वाले मामले से बाल कल्याण समिति को अवगत कराने का निर्देश दिया। प्रभारी जिला परिविक्षा अधिकारी रामकृपाल मौर्य ने कहा कि बच्चों की काउंसिलिंग नियमित रूप से कराएं। बाल संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। इस मौके पर डीसीआरबी के प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सावित्री राय, प्रमिला गुप्ता, सुनील तिवारी, नीतू भारती, मीनू जायसवाल, केशव मिश्र आदि मौजूद रहीं।

दैनिक जागरण दि०-14-6-22

# जिपंस के पति पर प्राणघातक हमला

जासं, देवरियाः जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता बबिता चौहान के पति शत्रुघ्न चौहान पर रविवार की रात प्राणघातक हमला का मामला सामने आया है। सदर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को छह नामजद व पांच अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामला सदर कोतवाली के बढ़या बुजुर्ग गांव का है। जिला पंचायत सदस्य ने तहरीर में कहा है कि उनके पड़ोस में बरात आई थी। जिसमें गांव के रहने वाले आरोपित अनिल यादव व राकेश यादव, उसके रिश्तेदार रुद्रपुर के मिश्रौलिया गांव के उपेंद्र यादव, गोविंद यादव, सत्येंद्र यादव, ऋषिकेश यादव व छह अज्ञात लोगों ने मेरे पति शत्रुघ्न पर लाठी-डंडा, फरसा आदि से प्राणघातक हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

दैनिक जागरण दि०-14-6-22

# आर्केस्ट्रा संचालक की हत्या के मामले में जेल भेजे गए दो आरोपित

जागरण संवाददाता, सलेमपुर, देवरिया: कोतवाली क्षेत्र के चेरो चौराहे पर किराए की मकान में नर्तकियो के साथ रह रहे आर्केस्ट्रा संचालक की शनिवार की रात में सोते समय धारदार हथियार से की गई हत्या के मामले का एसओजी टीम और कोतवाली पुलिस ने मोबाइल काल डिटेल के जरिये 24 घंटे के अंदर पर्दाफाश कर दिया। हत्या में शामिल दोनों आरोपितों को घटना में प्रयुक्त चाकू, फरसा तथा बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार मोहाव गांव के रहने वाले राम पुकार गोंड़ पुत्र मिठाई लाल गोंड़ कोतवाली थाना क्षेत्र के चेरो चौराहे पर किराए की मकान में रहकर आर्केस्ट्रा संचालन का कार्य करता था। आर्केस्ट्रा में करीब नौ नर्तकियां रहती थीं। उसमें से एक नर्तकी से रामकुमार का संबंध था। नर्तकियों के अनुसार वह उससे शादी कर पति-पत्नी की तरह रहता था। इधर उस नर्तकी का संबंध खुखुंदू थाना क्षेत्र के तालडीहा गांव निवासी राहुल उर्फ मारकण्डेय पुत्र राजेंद्र से हो गया था। राहुल उससे मिलने जाता था। इसके चलते राम पुकार नर्तकी को मारता पीटता था। इसकी शिकायत जब उसने राहुल से की तो राहुल ने रामपुकार को हमेशा के लिए हटाने का निर्णय लिया। शुक्रवार की रात में सभी नर्तकियां शादी कार्यक्रम में गईं और राम पुकार अकेले छत पर सो गया। प्रेमिका नर्तकी की सूचना पर राहुल अपने मित्र चंद्रन प्रसाद पुत्र खुशी प्रसाद को साथ लेकर आधी रात को मकान के पीछे की हिस्सा से फरसा लेकर छत पर चढ गया और सो रहे राम पुकार के गले पर वार कर हत्या कर दी। शव को कंबल में लपेटकर बाइक से देवरहा बाबा हाल्ट स्टेशन के पास माहाथपार धरमनपुर रेलवे लाइन के पास स्थित झाड़ी में फेंक दिया। पुलिस ने हत्या व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर राहुल और चंदन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## हत्या में प्रयुक्त बाइक दूसरे की निकली

राम पुकार की हत्या करने के लिए अभियुक्त जिस बाइक को साथ ले गए थे, वह बाइक कोतवाली थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग गांव निवासी जामवंत शर्मा के नाम से है। आरोपित बाइक को रिश्तेदारी में जाने के लिए मांगे थे। घटना का पर्दाफाश होने के बाद पुलिस ने बाइक की जांच की तो बाइक दूसरे के नाम से थी।

दैनिक जागरण दि०-14-06-22

# विधायक शलभ मणि समेत 10 के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा

- अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश पर दर्ज हुआ केस
- पूर्व विधायक जन्मेजय सिंह के पुत्र ने कोर्ट में दिया था प्रार्थना पत्र

जागरण संवाददाता, देवरिया: अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश पर गौरीबाजार पुलिस ने सदर विधायक शलभ मणि व कारोबारी संजय केडिया समेत दस के विरुद्ध हत्या के प्रयास व डकैती समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोर्ट ने यह आदेश गौरीबाजार के करमाजीतपुर गांव में विधानसभा चुनाव के दौरान हुए बवाल को लेकर पूर्व विधायक स्व. जन्मेजय सिंह के बेटे और सपा प्रत्याशी देवगांव निवासी सपा अजय प्रताप सिंह के बड़े भाई श्रीप्रकाश सिंह के प्रार्थना पत्र पर दिया है।

विधानसभा चुनाव में मतदान के एक दिन पूर्व दो मार्च की रात करमाजीतपुर गांव में सपा व भाजपा प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच मारपीट के बाद बवाल हो गया था। श्रीप्रकाश सिंह का आरोप लगाया कि रात करीब नौ बजे भाजपा प्रत्याशी के शराब व पैसा बांटने की सूचना मिलने के बाद वह रात करीब 10.15 बजे गांव पहुंचे। एक व्यक्ति के दरवाजे पर काफी भीड़ थी। कुर्सी मेज लगा था। उस व्यक्ति की झोपड़ी से कारोबारी संजय केडिया साथियों के साथ बाहर आए और मारने के लिए उकसाया।

इसी बीच भाजपा प्रत्याशी शलभ मणि त्रिपाठी समर्थकों के साथ आ गए। उनके साथ आए मयंक ओझा ने पिस्टल से जान मारने के उद्देश्य से फायर किया। लेकिन संयोग से मैं बच गया। गले से सोने की चेन, मोबाइल फोन, घड़ी व पाकेट से 10 हजार रुपये लूट लिए गए। पुलिस के पहुंचने पर हमलावर भाग गए।

पुलिस ने मामले में शलभ मणि, संजय केडिया के अलावा गोरखपुर निवासी मयंक ओझा, सुनील ओझा व सिद्धार्थ ओझा, मुकेश शर्मा, सर्वेश मिश्र मीरपुर अतरौलिया (आजमगढ़), कमलेश मिश्रा (लखनऊ), प्रमोद सिंह खोड़ा (बरहज), महर्षि मणि त्रिपाठी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

## श्रीप्रकाश व अजय प्रताप पर घोषित है इनाम

देवरिया: करमाजीतपुर गांव में हुए बवाल के मामले में गौरीबाजार पुलिस ने श्रीप्रकाश सिंह, अजय प्रताप सिंह पिंटू, भतीजे ज्ञान प्रकाश सिंह पुत्र श्रीप्रकाश सिंह, करमाजीतपुर के बौना टोला के पिंटू यादव उर्फ अच्छेलाल यादव, नगरौली के हर्ष शर्मा, गौरीबाजार के रघुराज प्रताप बागी, गुड़री के राजू सिंह सैंथवार, सिरजम के धनेश यादव के विरुद्ध 25-25 हजार रुपये का इनाम पहले से ही घोषित है। आशुतोष ओझा की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

दैनिक जागरण दि०-14-06-22

# टाप टेन अपराधी ऋषि पाल गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, देवरिया: कोतवाली पुलिस ने सोमवार को गो-तस्करी में संलिप्त टाप टेन अपराधी व हिस्ट्रीशीटर ऋषि पाल को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है।

एसपी संकल्प शर्मा के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। सुबह उप निरीक्षक मोहम्मद दानिश आजम पुलिस बल के साथ बालाजी मंदिर तिराहे पर गश्त पर थे। उसी समय गो-तस्करी में वांछित व टाप टेन अपराधी रघवापुर का रहने वाला ऋषि पाल पुत्र पवन पाल दिखाई दिया। पुलिस ने तलाशी ली तो उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उसके विरुद्ध सदर कोतवाली में वर्ष 2020 में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रापिक सब्स्टांसेस एक्ट (एनडीपीएस एक्ट), वर्ष 2021 में गोवध अधिनियम, 2022 में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हो चुका है। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि बदमाश गो तस्करी के मुकदमें में वांछित चल रहा था।



पुलिस की गिरफ्त में गो तस्कर
● सौ. पुलिस

दैनिक जागरण दि० 14-6-22

# चाकू के साथ टापटेन अपराधी गिरफ्तार

तरकुलवा : रामपुर धौताल का रहने वाला टापटेन अपराधी आजाद पुत्र मैनुद्दीन को पुलिस ने सोमवार को बंजरिया मोड़ के निकट से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चाकू बरामद किया। आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। (जासं)

दैनिक जागरण दि०-14-6-22

## मुकदमा दर्ज होने के बाद थाने पहुंची युवती

**बंगरा बाजार :** खामपार क्षेत्र के एक गांव की युवती के अपहरण के मामले में सवरेजी के तीन लोगों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने की जानकारी होने पर युवती अचानक थाने पहुंच गई। युवती ने खुद को बालिग बताया और युवक से शादी कर लिए जाने की बात करने लगी। थानाध्यक्ष बृजेश मिश्र ने बताया कि युवती थाने पर आकर खुद को बालिग बता रही थी। (जासं)

## किशोरी के बारे में पूछने पर मारपीट, मुकदमा

**तरकुलवा :** मुंडेरा बाबू गांव में किशोरी के अपहरण के मामले में पूछताछ को लेकर दो पक्ष में मारपीट हो गई। स्वजन की तहरीर पर संजय पटेल, चम्पा पटेल पत्नी संजय पटेल, रेनू पटेल पुत्री संजय पटेल के विरुद्ध केस दर्ज किया है। (जासं)

# KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 14-06-2022

# पाक्सो एक्ट का वांछित्त गिरफ्तार

**पडरौना :** सदर कोतवाली पुलिस ने नगर के अंबे चौक से पाक्सो एक्ट के वांछित को सोमवार को गिरफ्तार किया। गश्त के दौरान पुलिस का वाहन देख एक युवक भागने लगा। दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान अनिल शर्मा निवासी रामधाम विशुनपुरा थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित की काफी दिनों से तलाश हो रही थी।

# पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने सोमवार को पॉक्सो एक्ट में वांछित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पडरौना पुलिस टीम ने अम्बे चौक से पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अनिल शर्मा पुत्र गनेश निवासी रामधाम विशुनपुरा को गिरफ्तार कर लिया।

# अपहरण का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**कुशीनगर।** कप्तानगंज थाने की पुलिस टीम द्वारा कप्तानगंज रेलवे स्टेशन के पास से अपहरण के मामले में वांछित प्रविन्द्र लाम्बा पुत्र जयपाल सिंह निवासी चिण्डालिया थाना नारनौल जनपद महेन्द्रगढ़ हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि पकड़े गये आरोपी को जेल भेजे जाने के लिए आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अभद्र टिप्पणी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कुशीनगर।** सोशल मीडिया फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने के आरोपी को विशुनपुरा पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आपत्तिजनक टिप्पणी कर सांप्रदायिक सौहार्द खराब करने के मामले में उसके खिलाफ शनिवार को केस दर्ज किया गया था।

# जेसीबी लगा मीट की दुकानों को हटवाया

## कार्रवाई

**फाजिलनगर,हिसं।** उपनगर में फोरलेन के उत्तरी सर्विस रोड के किनारे मीट के दुकानों के चलते बदबू की शिकायत और अपने निर्धारित जगह पर दुकान नहीं ले जाने के चलते ज्वांइट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर जेसीबी लगाकर सभी दुकानों को हटवाया गया।

नगर पंचायत बनने के बाद से सड़क किनारे फल, मीट आदि की दुकानों के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने दुकानदारों के लिए अलग अलग जगह चिन्हित कर उनको अपने स्थान पर दुकान लगाने का निर्देश दिया था। अन्य दुकानदार तो अपनी दुकानें निर्धारित जगह पर स्थापित कर लिये लेकिन कस्बे के छोटी ओवरब्रिज के बगल में मीट बेचने वाले दुकानदार, जिनको सब्जी मंडी के बगल में दुकान लगाने को निर्देश दिया गया था वे सभी आदेश के बाद भी सड़क किनारे ही मीट बेचने का कार्य कर रहे थे। सभी मीट व्यवसायियों को पन्द्रह दिन पूर्व नोटिस देकर सभी को अपनी दुकानें निर्धारित स्थल ले जाने को कहा गया था लेकिन मीट व्यवसायी अपनी दुकानें नहीं हटाये थे। इसके बाद सोमवार को पुलिस बल के साथ जेसीबी लगाकर सभी दुकानों को वहां से हटवाया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव व महामंत्री ब्यास सिंह ने कहा कि कस्बे में सभी के सहमति से यह तय हुआ था कि सभी कारोबारी अपनी निर्धारित जगहों पर दुकान खोलेंगे। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत प्रेमशंकर गुप्ता ने कहा कि सभी दुकानदारों को 15 दिन पहले नोटिस दी गयी थी कि वे दुकानों को अपने आवंटित स्थानों पर ले जाएं पर ये जमे हुए थे, जिसके बाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के आदेश पर कार्रवाई की गई।



सोमवार को जेसीबी से मीट के दुकान को हटवाते नगर पंचायत के कर्मचारी।

# तीन किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**जटहा बाजार।** जटहा बाजार थाने की पुलिस ने सोमवार को एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन किलो आठ सौ गांजा बरामद किया।

जनपद में एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जटहा बाजार थाने की पुलिस अपराधियों की टोह में लगी थी। पकड़े गये व्यक्ति की पहचान भीखम प्रसाद पुत्र बेचू प्रसाद निवासी हिरनही टोला बीन टोली के रूप में हुई। एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

# डेढ़ कुंतल गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** तरया सुजान थाने व स्वाट टीम ने संयुक्त ऑपरेशन में गांजे की बड़ी खेप पकड़ी है। यह खेप पिकअप में नीचे बॉक्स बनाकर 72 पैकेटों में छिपायी गयी थी। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया गांजा 1.40 कुंतल है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 21 लाख बतायी जा रही है। गांजे के साथ अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर भी पकड़ा गया है।

एसपी धवल जायसवाल ने सोमवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी।



सोमवार को गांजा तस्कर की गिरफ्तारी की जानकारी देते एसपी धवल जायसवाल।

बताया कि थाना तरयासुजान व स्वाट की संयुक्त टीम सोमवार को अपराधियों की धर पकड़ की योजना बना रही थी तभी मुखबिर ने गांजा तस्कर के आने जानकारी दी। कहा कि माधोपुर बुजुर्ग के पास तत्काल चेकिंग की जाए तो तस्कर पकड़ा जा सकता है। सूचना पर पुलिस टीम माधोपुर बुजुर्ग रिलायंस पेट्रोल पम्प एनएच 28 के पास से पहुंची। वाहनों की चेकिंग करने लगी। तभी पिकअप पहुंचा। रोक कर चेक किया गया तो नीचे अलग से कुछ बॉक्स बने थे। बॉक्स को खुलवाया तो उसमें कुल 140 किग्रा गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा की कीमत लगभग 21 लाख रुपये है। एक गांजा तस्कर दीपक कुमार कुशावाहा निवासी बाघाचौर थाना तरयासुजान को गिरफ्तार किया।

# पत्रकार पर हमला, दो आरोपी दबोचे गए

समउर बाजार। एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार को कुछ लोगों द्वारा घर में घुसकर हमला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पत्रकार की तहरीर पर पटहेरवा पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। तीन आरोपियों में से दो को पुलिस ने दबोच लिया है।

# दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

नेबुआ नौरंगिया। स्थानीय थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर टोला मंगरूआ कुटी निवासी सुरेन्द्र कुशवाहा के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज था।

मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही वह फरार चल रहा था। सोमवार को एसओ गिरिजेश उपाध्याय को मुखबिर से सूचना मिली कि वह कहीं भागने की फिराक में सूरज नगर तिराहा पर वाहन के इंतजार में है।

**कुछ अलग** | **नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक अपराध करने की प्रवृत्ति में देखा जा रहा खास बदलाव**

# यूपी में हिंसक अपराध घटे, साइबर क्राइम बढ़ा

**राजीव ओझा**

लखनऊ। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों को संकेतक मानें तो समाज में एक खास तरह का बदलाव देखा जा सकता है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2018, 2019 व 2020 में हिंसक अपराधों में लगातार कमी आई है तो साइबर अपराध में भारी उछाल आया है। यही वजह है कि साइबर अपराध को अब बड़ी चुनौती के तौर पर देखा जाने लगा है।

**धोखाधड़ी के मामले ज्यादाः** यूपी में वर्ष 2018 में हिंसक अपराध की 65155 घटनाएं हुईं तो वर्ष 2019 में 55519 और वर्ष 2020 में 51983 घटनाएं हुईं। इन तीनों वर्षों में साइबर अपराध की क्रमशः 6280, 11416 व 11097 घटनाएं हुईं। जाहिर है कि वर्ष 2018 की तुलना में वर्ष 2019 में साइबर अपराधों में भारी उछाल आया, जबकि वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2020 में मामूली कमी आई है। साइबर अपराध में सबसे ज्यादा मामले धोखाधड़ी के सामने आ रहे हैं तो दूसरे नंबर पर जबरदस्ती वसूली के मामले हैं। वर्ष 2020 के आंकड़ों पर गौर करें तो 4674 मामले धोखाधड़ी के ही हैं, जबकि 1055 मामले जबरन वसूली और 560 मामले लैंगिक उत्पीडन के हैं।

### आईपीसी में दर्ज अपराध

| | |
|---|---|
| वर्ष 2018 | 3,42,355 |
| वर्ष 2019 | 3,53,131 |
| वर्ष 2020 | 3,55,110 |

### साइबर क्राइम के केस

| | |
|---|---|
| वर्ष 2018 | 6,280 |
| वर्ष 2019 | 11,416 |
| वर्ष 2020 | 11,097 |

### ट्विटर पर भी दर्ज करा सकते हैं शिकायत

साइबर अपराध में बढ़ोत्तरी को देखते हुए पुलिस के पास संसाधन बढ़ाने के प्रयास भी शुरू हो गए हैं। साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 पर मिलने वाली शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के प्रबंध किए गए हैं। इसके लिए प्रदेश पुलिस की आपात सेवा यूपी-112 के साथ इसका एकीकरण भी किया गया है, इससे 112 पर कॉल कर के भी साइबर क्राइम की शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। साइबर क्राइम पोर्टल (**www.cybercrime.gov.in**), ट्विटर (**@cyberpolice_up**) और व्हाट्सएप (नंबर 7839877207) पर भी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**नेबुआ-नौरंगिया:** दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी तलाश में पुलिस सरगर्मी से कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक गिरीजेश उपाध्याय दोपहर में गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि दुष्कर्म के मामले में वांछित युवक सूरजनगर बाजार में मौजूद है।

मौके से उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान सुरेंद्र कुशवाहा के रूप में हुई। उसने एक निराश्रित महिला के साथ 30 मई 2021 को उसके घर में उस समय दुष्कर्म किया जब वह अकेले थी।

थाने में प्राथमिकी दर्ज न होने पर पीड़िता ने न्यायालय में वाद दाखिल किया था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस मुकदमा दर्ज किया है।

# नाबालिग बरामद, अपहर्ता गिरफ्तार

**कप्तानगंज:** कस्बे में रेलवे स्टेशन के पास से अपहृत नाबालिग को सोमवार को कप्तानगंज पुलिस ने सकुशल बरामद कर अपहर्ता को गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 12 वर्षीय नाबालिग बीते शनिवार को गायब हो गई। स्वजन ने कस्बे में एक दुकान पर काम करने वाले परविंद्र लांबा निवासी चंड्डलिया थाना नारनौल जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा के विरुद्ध अपहरण की तहरीर दी। सोमवार दोपहर एक बजे पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से नाबालिग को बरामद कर अपहर्ता को गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ अनिल उपाध्याय ने बताया कि अपहर्ता को कोर्ट ने जेल भेज दिया। (जासं)

# आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**जासं, गोड़रिया :** इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले विशुनपुरा क्षेत्र के दुबौली बाजार के आरोपित को पुलिस ने सोमवार की शाम दुबौली बाजार से गिरफ्तार की। शनिवार को इंटरनेट मीडिया पर उक्त गांव के आशिफ अंसारी ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

# मारपीट के मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा

**रामपुर बुजुर्ग:** हाटा के मोतीपाकड़ श्रीकांत गांव में रविवार की रात दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल शिवनाथ कन्नौजिया की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के मनीष व दो अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है। (जासं)

# पूर्व प्रधान पर हमले के मामले में तीन पर मुकदमा

**जासं., तमकुहीराज :** हरदिया हाता गांव के पूर्व प्रधान को घर में घुसकर मारने पीटने व धमकी देने के मामले में सोमवार को तीन पर केस दर्ज किया गया। पूर्व प्रधान अनिल पांडेय ने पटहेरवा पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि ग्रामपंचायत में हो रहे विकास कार्य का शनिवार की शाम को उन्होंने एक वीडियो बनाया था। इससे नाराज नागेंद्र यादव, नंदकुमार व रवि प्रसाद सोमवार की सुबह नौ बजे आए तथा घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

# किशोरी को भगाने के मामले में दर्ज नहीं हुआ मुकदमा

**जासं., नेबुआ नौरंगिया:** क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को बहला फुसलाकर तीन माह पहले पड़ोसी गांव का युवक भगा ले गया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया है। किशोरी के पिता ने अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि पांच मार्च की शाम किशोरी गांव के बाहर गई थी। उसी दौरान पड़ोसी गांव का युवक उसे भगा ले गया।

# खलिहान की भूमि से हटाया गया अतिक्रमण



रामकोला क्षेत्र के बगहा खुर्द गांव में अतिक्रमण हटाता बुलडोजर● जागरण

**जागरण संवाददाता, लक्ष्मीगंज:** कानूनगो शिवप्रसाद गुप्ता राजस्वकर्मियों और पुलिस के साथ बुलडोजर लेकर सोमवार को रामकोला ब्लाक के बगहा खुर्द गांव में अतिक्रमण हटवाने पहुंचे। टीम ने प्राथमिक विद्यालय के बगल में खलिहान, सड़क के किनारे और पोखरा की भूमि से अतिक्रमण हटवाया।

कानूनगो ने बताया कि कप्तानगंज तहसील कोर्ट में मुकदमा चल रहा था। उसमें हुए आदेश के बाद राजस्व टीम ने कई बार गांव लोगों से अतिक्रमण हटा लेने कहा था। उसके बाद भी किसी अतिक्रमणकारी ने भूमि खाली नहीं की। लेखपाल प्रदीप कुमार, प्रधान के पति धीरज यादव, जैकी, सरोज, जेपी यादव, संदीप यादव, दिलीप, सोनू, नागेंद्र आदि मौजूद रहे।

## सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की एसडीएम से मांग

**जासं, कप्तानगंज:** क्षेत्र के पड़ौली गांव के टोला कुईचंवर में प्राथमिक विद्यालय तक जाने वाली सड़क पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। इसके विरोध में सोमवार को पंचायत भवन में ग्रामीणों ने बैठक की और एसडीएम से अतिक्रमण हटवाने की मांग की। गांव के रामप्यारे सिंह, धीरू सिंह, रोहित सिंह, मैनेजर यादव, पवन विश्वकर्मा आदि ने कहा कि अतिक्रमण से कुईचंवर प्राथमिक स्कूल रास्ता सिकुड़ गया है। विद्यालय के सामने वाली सरकारी भूमि पर भी कब्जा किया गया है। एसडीएम गोपाल शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही अभियान चलाकर गांव को अतिक्रमणमुक्त कराया जाएगा।

## फाजिलनगर में खाली कराई गई फोरलेन की सर्विस रोड

**जासं, फाजिलनगर:** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर कस्बे में फोरलेन के उत्तरी सर्विस रोड पर अतिक्रमण हटाने का कार्य सोमवार की शाम शुरू हुआ। कुछ दिन पहले नगर पंचायत ने यहां के दुकानदारों को निर्धारित स्थान पर अपनी दुकान ले जाने का नोटिस दिया था। इसके बाद भी यह अतिक्रमण हटाया नहीं गया था। यहां दुकानदारों के लिए अलग-अलग मंडियां बनवाई गई हैं। मीट के दुकानदार सब्जी मंडी के पास बनी अपनी मंडी में न जाकर फोरलेन की उत्तरी पटरी पर जमे हुए थे। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत प्रेमशंकर गुप्ता ने कहा कि सभी दुकानदारों को 15 दिन पहले नोटिस दे दिया गया था। आदेश का अनुपालन नहीं होने के बाद कार्रवाई की गई है।

# कुशीनगर में शामिल होगा सोहगीबरवा थाना, भेजी गई रिपोर्ट



महराजगंज का सोहगीबरवा थाना ● जागरण

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** वर्ष 2003 में जंगल पार्टी के आतंक को खत्म करने के लिए यूपी व बिहार की सीमा पर बनाया गया सोहगीबरवा थाना शीघ्र ही कुशीनगर जिले में शामिल हो जाएगा। शासन ने इस संबंध में कुछ दिनों पूर्व दोनों जिलों से रिपोर्ट मांगी थी। महराजगंज व कुशीनगर जिले से अनापत्ति रिपोर्ट भेज दी गई है। आवागमन की सुविधा को देखते हुए शासन स्तर पर सोहगीबरवा का पुलिस जिला कुशीनगर बनाने पर विचार चल रहा है, जबकि इसके अधीन आने वाले सोहगीबरवा, शिकारपुर व भोथहा गांव का राजस्व जिला पूर्व की भांति महराजगंज ही रहेगा।

महराजगंज जिला मुख्यालय से 70 किमी दूर नारायणी नदी के उस पार सोहगीबरवा के ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए थाने का निर्माण हुआ था। जिले से थाने पर पहुंचने के लिए कुशीनगर के खड्डा होते हुए बिहार के पश्चिमी चंपारण के नौरंगिया होकर जाना पड़ता है। नेपाल के रास्ते भी थाने पर जाने की सुविधा है, लेकिन दूसरे देश में शस्त्र लेकर जाने पर प्रतिबंध के चलते पुलिस को झुलनीपुर पुलिस चौकी पर असलहा जमा करना पड़ता है। वर्षा के मौसम में चारो तरफ पानी भर जाने से पुलिसकर्मियों का निकलना मुश्किल हो जाता है। यहां तक कि आवश्यक कार्य के लिए महराजगंज जिला मुख्यालय आने में भी असुविधा होती है। सोहगीबरवा क्षेत्र कुशीनगर जिले की सीमा से सटा होने से पुलिसकर्मियों को वहां आने-जाने में सुविधा होगी।

महराजगंज के एसपी डा. कौस्तुभ ने बताया कि शासन स्तर से सोहगीबरवा थाने को कुशीनगर में शामिल करने के संबंध में रिपोर्ट मांगी गई थी। यहां से आवश्यक जानकारी के साथ रिपोर्ट भेज दी गई है।

**छह वर्ष में दर्ज हुए हैं 75 मुकदमे:** करीब 20 वर्ष पूर्व सोहगीबरवा गांव की सुरक्षा के लिए बना थाना अपराध के मामले में शांत है। सोहगीबरवा से कटकर अब शिकारपुर व भोथहा गांव भी बन गए हैं। कुल 25000 की आबादी की सुरक्षा के लिए वर्तमान में थानाध्यक्ष देवेंद्र लाल सहित कुल 35 पुलिसकर्मी तैनात हैं। छह वर्ष में महज 75 मुकदमा यहां दर्ज हुआ है। इनमें से भी अधिकांश मुकदमा आबकारी एक्ट के ही हैं।

**मूलभूत सुविधाओं के लिए दूसरे पर आश्रित हैं लोग:** यहां के लोगों की दुश्वारी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मूलभूत सुविधाओं के लिए यहां के लोग दूसरे प्रदेश व जिले पर आश्रित हैं। करीब दो वर्ष पूर्व आई बाढ़ के चलते पोल बह जाने से बिजली भी नहीं आ रही है। डाकघर की सेवा भी बिहार पर आश्रित है। कोई भी पत्र यहां बिहार के पश्चिमी चंपारण व बगहा होते हुए पहुंचता है।

- पुलिस जिला बनेगा कुशीनगर, राजस्व महराजगंज जिले के अधीन होगा
- पुलिस

> ए सोहगीबरवा थाने का पुलिस जिला कुशीनगर बनाने के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी गई है। इस क्षेत्र का राजस्व जिला महराजगंज ही रहेगा। इस संबंध में शासन स्तर से जो भी निर्णय होगा उसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।
>
> **सत्येन्द्र कुमार**, डीएम, महराजगंज

# लापरवाह ठीकेदार के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

## जनपद की रैंकिंग सुधारने के लिए करें कार्य, आनलाइन शिकायतों का गंभीरता से करें निस्तारण : डीएम


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते डीएम एस राजलिंगम बाएं ● जागरण

**जागरण संवाददाता,पडरौना:** जिन कार्यों को ठीकेदार करा रहे हैं, उन कार्यों पर विशेष निगरानी रखते हुए समय सीमा में पूर्ण कराएं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही मिलती है तो संबंधित ठीकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करें। यह निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री की 37 महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम एस राजलिंगम ने दिए।

कहा कि जनपद की रैंकिंग सुधारने के लिए अधिकारी टीम भावना से कार्य करें। आनलाइन शिकायतों के लिए पोर्टल की जांच करते रहें। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण करें। इसके पहले उन्होंने विद्युत विभाग, पशुपालन, जिला पंचायतीराज, स्वास्थ्य, जिला पूर्ति, जिला प्रोबेशन, आइसीडीएस, श्रम, उद्योग, लोक निर्माण विभाग, समाज कल्याण, गन्ना, कौशल विकास आदि की विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। सभी संबंधित विभागाध्यक्षों से लक्ष्य के सापेक्ष हुई प्रगति के बारे में ब्यौरा लेते हुए खराब प्रगति पर नाराजगी जताते हुए समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कहा कि किसी विभाग में कोई मामला लंबित न रहे। उन्होंने रैंकिंग से संबंधित प्रारूप को विभागाध्यक्षों को स्वयं के स्तर से देखने की सलाह दी। आइजीआरएस के मामले को लेकर डीएम ने कहा कि इस मुद्दे पर शासन काफी गंभीर है। अधिकारी अपने विभागों से संबंधित डाटा की फीडिंग समय से करें। समीक्षा बैठक में सीएमओ डा.सुरेश पटारिया, डीपीआरओ अभय यादव, डीसी मनरेगा राकेश सिंह, अपर मुख्य अधिकारी विंध्याचल कुशवाहा, अर्थ एवं संख्याधिकारी मो. नासेह आदि जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### जल-जीवन मिशन संबंधी भूमि विवाद निस्तारित करें जिम्मेदार

जागरण संवाददाता,पडरौना : जल जीवन मिशन संबंधी भूमि विवाद निस्तारित करने में अधिकारी तेजी से दिखाएं। यह निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम एस राजलिंगम ने दिए।

डीएम ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि आनलाइन शिकायतों के मामले में डिफाल्टर या लंबित श्रेणी में हैं, उसे त्वरित निस्तारित करें। सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की जमीन, आयुष्मान व राशन कार्ड सत्यापन, स्वामित्व योजना, महिला हेल्प डेस्क आदि की समीक्षा करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने आनलाइन शिकायतों की मार्किंग, विभाग के सापेक्ष लंबित मामलों आदि पर विस्तार से चर्चा किया। बैठक में 14 जून से 21 जून तक चलने वाले योगाभ्यास की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। वृद्धावस्था पेंशन में लंबित मामलों को निस्तारित करने के समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए। श्रम प्रवर्तन अधिकारी को ईट- भट्ठों पर काम करने वालों को चिन्हित करने के लिए निर्देशित किया। पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय के निर्माण में आ रही समस्याओं के निस्तारण का डीपीआरओ को निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड के बनाने में डीपीआरओ, श्रम प्रवर्तन अधिकारी को सहयोग करने को कहा। एसडीएम तमकुहीराज व्यास नारायण उमराव, डा.सुरेश पटारिया, डीपीआरओ अभय यादव, समाज कल्याण अधिकारी विपिन पांड्य आदि मौजूद रहे।

# 140 किलो गांजा के साथ अंतरप्रांतीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस ने पिकअप को किया जब्त, बरामद गांजे की कीमत 21 लाख बताई जा रही

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** थाना तरयासुजान व स्वाट की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर माधोपुर बुजुर्ग रिलायंस पेट्रोल पंप एनएच 28 के समीप पिकअप से तस्करी के लिए ले जा 140 किलो गांजा जिसकी कीमत तकरीबन 21 लाख की बरामदगी की गई। मौके से एक अंतरप्रांतीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

सोमवार को एसपी धवल जायसवाल ने पुलिस लाइन सभागार में पकड़े गए अंतरप्रांतीय गांजा तस्कर की गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तरयासुजान व स्वाट की संयुक्त टीम ने माधोपुर बुजुर्ग रिलायंस पेट्रोल पंप एनएच 28 के समीप पिकअप सहित गांजा तस्कर को पकड़ लिया गया। पूछताछ में गांजा तस्कर ने बताया कि पुलिस से बचने के लिए गांजे का छोटा-छोटा पैकेट बनाकर पिकअप के नीचे बॉक्स में छिपाए थे। जब्त गांजा उड़ीसा से लाकर जनपद के भिन्न-भिन्न स्थानों पर बेचने की योजना थी। युवक की पहचान दीपक कुमार कुशवाह पुत्र रामवृक्ष कुशवाहा निवासी बाघाचौर थाना तरयासुजान जनपद कुशीनगर के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान अंतरप्रांतीय गांजा तस्कर के पास 72 प्लास्टिक के बंडल में 140 किलो अवैध गांजा इसकी कीमत तकरीबन 21 लाख रुपये हैं। एक पिकअप वाहन इसकी कीमत छह लाख रुपये हैं।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में तरयासुजान के एसओ कपिल देव चौधरी, निरीक्षक राज प्रकाश सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल, एसआई अमित कुमार शर्मा, प्रभारी स्वाट टीम के एसआई राज कुमार बरवार थाना तरयासुजान, मुबारक अली, सुशील कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।




गांजा तस्करों के पकड़े जाने पर मामले का खुलासा करते एसपी धवल जायसवाल व अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह। संवाद

### 25 मई को भी पुलिस पांच अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया था

25 मई को तरयासुजान थाने की पुलिस ने 51 किलो गांजा के साथ अंतरराज्यीय गांजा तस्करों के गिरोह के पांच गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो बाइक भी बरामद की थी।

एसपी धवल जायसवाल ने खुलासा करते हुए बताया था कि छह थैलों में 51 किलो गांजा बरामद हुआ है। तरयासुजान थाने की पुलिस ने इन तस्करों को एनएच-28 स्थित झरही नाला के पास गिरफ्तार किया। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई गई।

# किशोरी का अपहरण करके ले गया था हरियाणा

**कप्तानगंज।** किशोरी का अपहरण करके उसे हरियाणा ले जाने के आरोपी को पुलिस ने सोमवार को कप्तानगंज रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया।

वह ट्रेन पकड़कर कहीं भागने की कोशिश में लगा हुआ था। उसके पास से किशोरी भी बरामद हुई। कानूनी कार्रवाई के बाद पुलिस ने किशोरी को उसके परिजनों को सौंप दिया।

एसओ अनिल उपाध्याय ने बताया कि आरोपी प्रविंद्र लांबा पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम सभा चिंडालिया थाना नारनौल जनपद महेंद्रगढ़, हरियाणा के खिलाफ नाबालिग के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया गया था। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 14-06-2022

# 129 वाहनों का चालान

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्हित्त स्थानों पर दो पहिया वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 129 वाहनों का चालान किया गया। **शांतिभंग की आशंका में 33 गिरफ्तार** : शांतिभंग की आशंका में कुल 33 व्यक्तियों को सीआरपीसी की धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया गया।

# शातिर अपराधियों को चिह्नित कर खोलें हिस्ट्रीशीट

**महराजगंज (एसएनबी)**। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के तथागत सभागार में पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित

**मासिक अपराध गोष्ठी**

अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने केलिए निर्देशित किया। महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने, शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलनेका निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक ने गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करने, जनशिकायतों/ आईजीआरएस की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही जमीनी विवादों के संबंध में सतर्कता रखने व इसकी रिपोर्ट राजस्व अधिकारियों को प्रेषित करने, अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के शस्त्र निरस्तीकरण की रिपोर्ट देने, आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने, अवैध टेंपो/आटो, बस स्टैंड आदि के विरुद्ध कार्रवाई करने के संबंध में निर्देश दिए गए । थानों पर दाखिल विभिन्न अभियोगों से संबंधित माल मुकदमाती के विधिक निस्तारण के लिए निर्देश दिये गये। साथ ही हत्या, एक लाख से अधिक चोरी, नकबजनी की घटना के अनावरण हेतु शेष लम्बित अभियोगों की समीक्षा कर अभियोगों के अनावरण करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिया। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, समस्त शाखा प्रभारी आदि अधिकारी उपस्थित रहे।



मासिक अपराध गोष्ठी को सम्बोधित करते एसपी।

# गांव के विवाद में दो पक्ष आमने-सामने, पांच धराए

**कोल्हुई बाजार (एसएनबी)**। थाना कोल्हुई क्षेत्र के ग्राम मझौली में मनरेगा कार्यो की शिकायत व जांच को लेकर कई दिनों से दो पक्षों में विवाद चल रहा है। बताया जा रहा है कि इस मामले को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट व हाथापाई भी हुई है। उक्त प्रकरण में मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के पांच लोगों को गिरफ्तार कर शान्तिभंग के आरोप में चालान किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम सभा मझौली में मनरेगा के तहत कार्य चल रहा है। उक्त प्रकरण में गांव के कुछ लोगों ने तरह-तरह का आरोप लगाकर उच्चाधिकारियों से शिकायत कर दिया था जिसको लेकर जांच भी हुई है। उसी मामलों को लेकर पुलिस के अनुसार एक पक्ष राजकुमार ,अनूप तथा दूसरा पक्ष रामकिशुन,देवीशंकर व दिलीप आदि लोग आमने-सामने हो गये जिसको लेकर कहा सुनी व हाथापाई होने की बात बतायी जा रही है। उक्त प्रकरण को लेकर पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इस सम्बन्ध में एसओ कोल्हुई अभिषेक सिंह ने एसएनबी को बताया कि मनरेगा कार्यो की शिकायत व जांच को लेकर दोनों पक्ष हाथापाई व मारपीट किये है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के उक्त पांच लोगों को गिरफ्तार कर शान्तिभंग के आरोप में चालान किया गया है। बताया जा रहा है कि उक्त गांव में वर्तमान समय में यह प्रकरण बहुत तेजी से चल रहा है जिसको लेकर तनाव भी बना हुआ है।

# सहमति के आधार पर निर्धारित करें आटो रूट

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद में सड़क सुरक्षा माह व सुरक्षा-व्यवस्था के संदर्भ में डीएम सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में डीएम ने जनपद में सभी विकास खंडों व नगर निकायों में आटो, बस स्टैंड, पार्किंग व वेंडिंग जोन की स्थापना के संदर्भ में हुई प्रगति की समीक्षा की। साथ ही कहा कि जनपद में सभी आटो स्टैंड का

**रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों का रजिस्ट्रेशन कर स्थान आवंटित करने का निर्देश**

नियमानुसार संचालन सुनिश्चित करें। सहमति के आधार पर आटो रूट निर्धारित करें ताकि अनावश्यक रूप से मुख्य मार्गो पर आटो की आवाजाही को रोका जा सके।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि वेंडिंग जोन को तत्काल शुरू करते हुए उनमें लगने वाले रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों का रजिस्ट्रेशन कर उन्हें स्थान आवंटित करें और अवैध रूप से संचालित ठेलों को सीज करें। अधिशासी अधिकारी को परतावल में बस स्टैंड के लिए भूमि चिन्हित कर स्टैंड को शीघ्र शुरू करवाने का निर्देश दिया। इसी प्रकार चौक में भी वेंडिंग जोन के संचालन को तत्काल शुरू करवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी महोदय ने सभी बीडीओ को आटो/बस स्टैंड के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार।

चिन्हित करने व तय मानकों को पूरा करते हुए स्टैंडों का संचालन शुरू करवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें कि जनपद में अवैध टैक्सी/बस स्टैड न संचालित हों। साथ ही डग्गामार वाहनों के विरुद्ध भी नियमनुसार सख्त कार्यवाही करें। कानून व्यवस्था के संदर्भ में जिलाधिकारी श्री कुमार ने सभी एसडीएम को साप्ताहिक स्तर पर शांति समिति की बैठक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस थानो पर दंगारोधी उपकरण की उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए जरूरी कार्यवाही करें।

पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी सुनिश्चित करें कि सड़कों पर अवैध वाहन संचालित न हों। सूचना को सक्रिय करें ताकि कि किसी अप्रिय स्थित को पैदा होने से रोका जा सके। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया की लगातार गहन निगरानी का भी निर्देश दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा, एएसपी निवेश कटियार, सभी उपजिलाधिकारी/ क्षेत्राधिकारी, सभी अधिशासी अधिकारी, एआरटीओ व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा कानून को लेकर डीएम ने अफसरों संग की बैठक

# पटरी व्यवसायियों को आवंटित करें स्थान

**निर्देश**

महराजगंज, निज संवाददाता। सड़क सुरक्षा माह व सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर डीएम सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। इसमें एसपी डॉक्टर कौस्तुभ भी शामिल रहे। डीएम ने सभी विकास खंडों व नगर निकायों में आटो/बस स्टैंड, पार्किंग व वेंडिग जोन की स्थापना की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि जनपद में सभी आटो स्टैंड का नियमानुसार संचालन कराएं। सहमति के आधार पर आटो रूट निर्धारित करें, ताकि अनावश्यक रूप से मुख्य मार्गों पर आटो की आवाजाही को रोका जा सके। डीएम ने निर्देश दिया कि वेंडिग जोन को तत्काल शुरू करते हुए उनमें लगने वाले रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों का रजिस्ट्रेशन कर स्थान आवंटित करें और अवैध रूप से संचालित ठेलों को सीज करें। अधिशासी अधिकारी को परतावल में बस स्टैंड के लिए भूमि चिन्हित कर स्टैंड को शीघ्र शुरू करवाने का निर्देश दिया। इसी प्रकार चौक में भी वेंडिंग जोन के संचालन को तत्काल शुरू करवाने का निर्देश दिया। सभी बीडीओ को आटो/बस स्टैंड के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि चिन्हित करने व तय मानकों को पूरा करते हुए स्टैंडों का संचालन शुरू करवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें कि जनपद में अवैध टैक्सी/बस स्टैंड न संचालित हों। साथ ही डग्गामार वाहनों के विरुद्ध भी नियमनुसार सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने एसडीएम को साप्ताहिक स्तर पर शांति समिति की बैठक करने का निर्देश भी दिया। एसपी डॉक्टर कौस्तुभी ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी सुनिश्चित करें कि सड़कों पर अवैध वाहन संचालित न हों। आसूचना को सक्रिय करें, ताकि कि किसी अप्रिय स्थित को पैदा होने से रोका जा सके। बैठक में एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार, एआरटीओ आरसी भारती सभी उपजिलाधिकारी/क्षेत्राधिकारी, सभी अधिशासी अधिकारी आदि मौजूद रहे।



सोमवार को अफसरों के साथ बैठक करते डीएम और एसपी।

# दो पक्षों में मारपीट पांच हिरासत में

कोल्हुई। क्षेत्र के मझौली गांव में मनरेगा मजदूरी के दौरान दो पक्ष आपस में उलझ गए। हाथापाई की नौबत आ गई। सूचना पर मौके पर पहुंची कोल्हुई पुलिस पांच आरोपितों को पकड़ कर थाने ले गई। उनके खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई के बाद एसडीएम कोर्ट में चालान भेज दिया गया।

मनरेगा के कार्य स्थल पर एक पक्ष वीडियो बना रहा था। दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया। विवाद की सूचना पर ग्राम प्रधान ने पुलिस को फोन कर शांति व्यवस्था बनाने के लिए मदद मांगा। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने दोनों पक्ष के पांच लोगों को थाने ले गई। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई के बाद कोर्ट भेज दिया।

# अवैध पार्किंग पर रोक लगाएं, वेंडिंग जोन बनाएं : डीएम

**जागरण संवाददाता, महराजगंजः** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस, नगर निकाय, समस्त ब्लाक और अन्य विभागों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में अवैध पार्किंग पर त्वरित रोक लगाने और वाहनों की पार्किंग के लिए वेंडिंग जोन बनाने के निर्देश दिए।

इसी तरह जिलाधिकारी ने परतावल नगर पंचायत में बस स्टैंड के लिए भूमि चिह्नित कर कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क पर किसी भी हाल में वाहन खड़े नहीं होने चाहिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि वेंडिंग जोन को तत्काल शुरू करते हुए उनमें लगने वाले रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों का पंजीकरण कर उन्हें स्थान आवंटित करें और अवैध रूप से संचालित ठेलों को सीज करें।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते मध्य में डीएम सत्येन्द्र कुमार ● जागरण

पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी सुनिश्चित करें कि सड़कों पर अवैध वाहन संचालित न हो। अग्रिम सूचना के लिए पुलिस वालंटियर ग्रुप को सक्रिय करें, ताकि कि किसी अप्रिय स्थिति को पैदा होने से पहले ही रोका जा सके। इसके साथ ही उन्होंने इंटरनेट मीडिया की लगातार गहन निगरानी रखने का भी निर्देश दिया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी डा.पंकज कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार, मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल मौजूद रहे।

## लावारिस वाहनों को एकत्र कर नीलामी कराने के निर्देश

**जासं, महराजगंजः** थानों में लंबे समय से बंद लावारिस वाहनों के निस्तारण को लेकर एसपी डा.कौस्तुभ ने विशेष योजना बनाई है। उन्होंने जिले के विभिन्न थानों पर लावारिस पड़े वाहनों को पुरानी पुलिस लाइन में एकत्र करने का निर्देश दिया है। यहां आने के बाद सभी वाहनों की एक साथ नीलामी की जाएगी। अब तक 11 थानों से 65 लावारिस वाहनों को पुरानी पुलिस लाइन में एकत्र किया जा चुका है। एसपी ने बताया कि लंबे समय से विभिन्न मामलों में पकड़े गए लावारिस वाहनों की नीलामी नहीं हो सकी है, जिसकी वजह से थानों पर वाहनों की भीड़ बढ़ती ही जा रही थी। एक सप्ताह के भीतर जिले के सभी 19 थानों में बंद लावारिस वाहनों को पुरानी पुलिस लाइन में एकत्र कर लिया जाएगा। जहां से कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उनकी नीलामी करा दी जाएगी।

# मामलों का करें पर्दाफाश, अपराधियों की हो गिरफ्तारी

## थानों पर फरियादियों को सम्मान के साथ न्याय दिलाना हम सबकी है जिम्मेदारी : एसपी

**जागरण संवाददाता, महराजगंजः** थाने पर आने वाला हर फरियादी अपनी समस्या लेकर एक उम्मीद के साथ आता है। हम सबका दायित्व है कि फरियादी की समस्या को सुने, समझें एवं उसका समय रहते निस्तारण करवाएं। मामलों का शीघ्र पर्दाफाश करें और आरोपितों की गिरफ्तारी हो।

- क्षेत्र में बन रही अवैध शराब पर रोक लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाएं
- सैनिक सम्मेलन और मासिक अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन

यह बातें पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के तथागत सभागार में सोमवार को आयोजित सैनिक सम्मेलन और मासिक अपराध गोष्ठी में कहीं। इससे पूर्व उन्होंने प्रत्येक थानों से आए दो-दो पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुना और निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। एसपी ने शेष समस्त मुकदमों, लूट, चोरी, हत्या, वाहन चोरी की घटनाओं का अभियान चलाकर अनावरण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि छह माह से अधिक समय से लंबित मुकदमों की समीक्षा कर यथाशीघ्र निस्तारित किया जाए। इसके अलावा जिन मुकदमों में अब तक सामान बरामदगी नहीं हुई है, उनमें अपराधियों से पूछताछ कर रिकवरी की जाए। अवैध शराब पर रोक लगाने के लि नितरंतर अभयान चलाएं। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार, सीओ डीके उपाध्याय, अजय सिंह चौहान, सुनील दत्त दुबे, कोमल प्रसाद मिश्रा, सुनील कुमार राय मौजूद रहे।

## पुलिस जिला बनाया जाएगा कुशीनगर, राजस्व महराजगंज जिले के अधीन होगा

# कुशीनगर में शामिल होगा सोहगीबरवा थाना, भेजी गई रिपोर्ट

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** वर्ष 2003 में जंगल पार्टी के आतंक को खत्म करने के लिए यूपी व बिहार की सीमा पर बनाया गया सोहगीबरवा थाना शीघ्र ही कुशीनगर जिले में शामिल हो जाएगा। शासन ने इस संबंध में कुछ दिनों पूर्व दोनों जिलों से रिपोर्ट मांगी थी। महराजगंज व कुशीनगर जिले से अनापत्ति रिपोर्ट भेज दी गई है। आवागमन की सुविधा को देखते हुए शासन स्तर पर सोहगीबरवा का पुलिस जिला कुशीनगर बनाने पर विचार चल रहा है, जबकि इसके अधीन आने वाले सोहगीबरवा, शिकारपुर व भोथहा गांव का राजस्व जिला पूर्व की भांति महराजगंज ही रहेगा।



सोहगीबरवा थाना● जागरण

महराजगंज जिला मुख्यालय से 70 किमी दूर नारायणी नदी के उस पार सोहगीबरवा के ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए थाने का निर्माण हुआ था। जिले से थाने पर पहुंचने के लिए कुशीनगर के खड्डा होते हुए बिहार के पश्चिमी चंपारण के नौरंगिया होकर जाना पड़ता है। नेपाल के रास्ते भी थाने पर जाने की सुविधा है, लेकिन दूसरे देश में शस्त्र लेकर जाने पर प्रतिबंध के चलते पुलिस को झुलनीपुर पुलिस चौकी पर असलहा जमा करना पड़ता है। वर्षा के मौसम में चारो तरफ पानी भर जाने से पुलिसकर्मियों का निकलना मुश्किल हो जाता है। यहां तक कि आवश्यक कार्य के लिए महराजगंज जिला मुख्यालय आने में भी असुविधा होती है। सोहगीबरवा क्षेत्र कुशीनगर जिले की सीमा से सटा होने से पुलिसकर्मियों को वहां आने-जाने में सुविधा होगी।

महराजगंज के एसपी डा.कौस्तुभ ने बताया कि शासन स्तर से सोहगीबरवा थाने को कुशीनगर में शामिल करने के संबंध में रिपोर्ट मांगी गई थी। यहां से रिपोर्ट भेज दी गई है।

> सोहगीबरवा थाने का पुलिस जिला कुशीनगर बनाने के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी गई है। इस क्षेत्र का राजस्व जिला महराजगंज ही रहेगा। इस संबंध में शासन स्तर से जो भी निर्णय होगा उसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।
>
> **सत्येन्द्र कुमार**, डीएम, महराजगंज

**छह वर्ष में दर्ज हुए हैं 75 मुकदमे:** करीब 20 वर्ष पूर्व सोहगीबरवा गांव की सुरक्षा के लिए बना थाना अपराध के मामले में शांत है। सोहगीबरवा से कटकर अब शिकारपुर व भोथहा गांव भी बन गए हैं। कुल 25000 की आबादी की सुरक्षा के लिए वर्तमान में थानाध्यक्ष देवेंद्र लाल सहित कुल 35 पुलिसकर्मी तैनात हैं। छह वर्ष में महज 75 मुकदमा यहां दर्ज हुआ है। इनमें से भी अधिकांश मुकदमा आबकारी एक्ट के ही हैं।

# सभी थानेदारों को दायित्व के प्रति सजग रहने की हिदायत

संवाद न्यूज एजेंसी

## पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ की बैठक

महराजगंज। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने सोमवार को सभी क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ पुलिस कार्यालय सभागार में बैठक की। इस दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण की प्रगति की समीक्षा की। एसपी ने सभी थानेदारों को दायित्व के प्रति सजग रहने की हिदायत दी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लंबित विवेचनाओं का निस्तारण शीघ्र करें। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाएं। महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कार्रवाई करें। गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने, जनशिकायतों, आइजीआरएस पर आई समस्याओं की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित कराएं। एसपी ने कहा कि अवैध शराब के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करें। जमीनी विवादों के संबंध में सतर्कता बरतें एवं इसकी रिपोर्ट राजस्व अधिकारियों को प्रेषित करें। अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के शस्त्र निरस्तीकरण की रिपोर्ट दें। आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लें। एसपी ने पीआरवी वाहनों की रैंडम जांच, अवैध टेंपो/ऑटो/बस स्टैंड आदि के विरुद्ध कार्रवाई करने के संबंध में निर्देश दिए।

# सहमति के आधार पर आटो रूट निर्धारित करें जिम्मेदार

## सड़क सुरक्षा माह संबंधी बैठक में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जिम्मेदारों को दिया निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी



कलेक्ट्रेट सभागार में सुरक्षा-व्यवस्था के संबंध में बैठक करते डीएम सत्येंद्र कुमार। संवाद

**महराजगंज।** सहमति के आधार पर ब्लॉक व निकायों के जिम्मेदार ऑटो का रूट निर्धारित करना सुनिश्चित करें। इससे जहां अनावश्यक रूप से मुख्य मार्गों पर ऑटो की आवाजाही रोकी जा सकेगी, वहीं अनावश्यक मुश्किलों से भी बचा जा सकेगा।

ये निर्देश जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सोमवार को सड़क सुरक्षा माह संबंधी बैठक में निकायों व ब्लॉकों से जुड़े जिम्मेदारों को दिए। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन को तत्काल शुरू करते हुए उसमें लगने वाले रेहड़ी-पटरी व्यवसायी का पंजीकरण कर उन्हें स्थान आवंटित करें एवं अवैध रूप से संचालित ठेलों को सीज करें। अधिशासी अधिकारी को परतावल में बस स्टैंड के लिए भूमि चिह्नित कर स्टैंड को शीघ्र शुरू करवाने का निर्देश दिया। चौक में भी वेंडिंग जोन के संचालन को तत्काल शुरू करवाने का निर्देश दिया। डग्गामार वाहनों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई, सभी एसडीएम को साप्ताहिक स्तर शांति समिति की बैठक करने, सभी पुलिस थानों पर दंगारोधी उपकरण की उपस्थिति सुनिश्चित करने, असामाजिक तत्वों को चिह्नित करते हुए कार्रवाई करने भी निर्देश उन्होंने दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि पुलिस अधिकारी सुनिश्चित करें कि सड़कों पर अवैध वाहन संचालित न हों। सोशल मीडिया की लगातार गहन निगरानी का भी निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा, एएसपी निवेश कटियार, सभी सीओ, एआरटीओ व अन्य जिम्मेदार मौजूद रहे।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 14-06-2022

# मारपीट में बेहोश, क्रॉस केस

बस्ती। परसरामपुर थानांतर्गत सुकरौली कुंवर निवासी हरिलाल का आरोप है कि संजू, नेहा व अन्य ने दीवार जोड़ने की बात को लेकर मारापीटा, जिससे वे बेहोश हो गए। वहीं नेहा का आरोप है कि रास्ते व खेत में जाने की बात को लेकर हरिलाल, मोहनलाल व अन्य ने मारापीटा, जिससे वे बेहोश हो गईं। देवर संजय, देवरानी श्वेता व सास को पीटा। पुलिस ने क्रास केस दर्ज कर लिया है।

# गुंडा एक्ट के तहत चार लोग निरुद्ध

बस्ती। लालगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के चार लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष के अनुसार बिरितिया निवासी महेश चौधरी , अर्जुन, महेंद्र व इंद्रदेव को गुंडा एक्ट में पाबंद किया गया है। कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए निरोधात्मक कार्रवाई अनवरत जारी रहेगी।

# हज यात्री की रिपोर्ट पॉजिटिव

बस्ती, हिन्दुस्तान संवाद। हज यात्री की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। लखनऊ स्थित हज हाउस में हुई जांच में आरटीपीसीआर रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। सोमवार को लखनऊ से उनकी फ्लाईट सऊदी अरब के लिए थी। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद हज यात्री को रोक लिया गया। लखनऊ में ही होम आईसोलेशन में उन्हें रखा गया है। जनपद में एक्टिव केस की संख्या दो हो गई है।

रामनगर ब्लॉक के पिपरा निवासी 55 वर्षीय व्यक्ति हज यात्रा पर जाने के लिए लखनऊ गए थे। शनिवार को हज हाउस में उनकी आरटीपीसीआर जांच हुई तो रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। परिवार के लोगों को जब यकीन नहीं हुआ तो उन्होंने प्राइवेट लैब से जांच कराई तो वहां से भी रिपोर्ट पॉजिटिव मिली।

हज यात्री के भतीजे की माने तो उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं है। लखनऊ में उन्हें फिलहाल होम आईसोलेशन में रखा गया है। भतीजे का यह भी कहना है कि हज जाने की सूचना पर काफी रिश्तेदार मिलने आए थे। गांव व आस-पास के काफी लोग भी इस दौरान मिलने के लिए आए थे। उनकी कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है।

# खनन रोकने को जिला स्तर पर बनेगी एसआईटी

- सम्मेलन कर डीएम ने बताई प्राथमिकता
- भूमि विवाद के मामलों का होगा निस्तारण

बस्ती, निज संवाददाता। अवैध बालू खनन पर रोक लगेगी। कार्य में शामिल लोगों पर कार्रवाई होगी। आरटीओ, खनन व पुलिस की टीम प्रवर्तन का काम करती है। यदि जरूरत महसूस हुई तो जिला स्तर पर एसआईटी का गठन कर प्रवर्तन का काम होगा। यह बातें डीएम प्रियंका निरंजन ने कही। वह कलक्ट्रेट सभागार में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं।

डीएम ने कहा कि बीडीओ को ब्लॉकों पर रहने का निर्देश दिया गया है। सर्वाधिक मामले राजस्व के हैं, लेकिन यह आबादी वाली जमीन पर है। बड़ी भूमिका सिविल सूट की होती है, लेकिन प्रयास होगा कि अधिक मामलों का निस्तारण हो। एक ही पटल पर जमे लिपिक, लेखपाल के सवाल पर उन्होंने शासन के निर्देशानुसार 20 प्रतिशत पटल परिवर्तन किया जाएगा। जिला पंचायत के कार्यो के सवाल पर कहा कि मामले की जांच कराएंगी।

**वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर जाना माताओं का हाल:** डीएम प्रियंका निरंजन ने समाज कल्याण विभाग की तरफ से संचालित हर्दिया चौराहा स्थित वृद्धा आश्रम का सोमवार दोपहर को निरीक्षण किया। निवास कर रहे वृद्ध लोगों का कुशल क्षेम पूछा। उनके मूल स्थान के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी पाण्डेय, वार्डेन वीना पाण्डेय, सहायक विकास अधिकारी प्रशान्त खरे एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। वृद्धा आश्रम पहुंचने के बाद डीएम सभी कमरों में गयीं। वृद्ध माताओं से जानकारी हासिल किया कि आज दोपहर उन्होंने क्या भोजन किया। प्रत्येक सप्ताह जांच पड़ताल के लिए डाक्टर आते हैं कि नहीं। एक वृद्ध माता से उन्होंने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेते हुए पूछा तो उसने बताया कि जोड़ों में दर्द रहता है, दवा ले रहे है।

## समीक्षा बैठक कल

डीएम की अध्यक्षता में 37 बिन्दुओं पर प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों एवं निर्माण कार्यो की माह मई 2022 की समीक्षा बैठक 15 जून 2022 को शाम पांच बजे से विकास भवन सभागार बस्ती में आयोजित की गयी है। जानकारी जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव ने दी।

# छप्पर में आग लगाने के आरोप में केस

बस्ती। वाल्टरगंज थाने पर जगतापुर निवासी राधा ने आरोप लगाया कि मान सिंह व विष्णु ने उनके छप्पर में आग लगा दी। अंदर रखा गेहूं, चावल, बर्तन आदि जल गया। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# गाड़ी लेकर भागने पर केस दर्ज किया

बस्ती। कोतवाल की सरकारी गाड़ी रविवार को गायब करने के में पुलिस ने मुकदमा कायम कर लिया है। कोतवाली में तैनात वाहन चालक हेड कांस्टेबल देवेंद्र यादव की तहरीर पर आरोपी हरेन्द्र निवासी छपिया लुटावन थाना मुंडेरवा के खिलाफ आईपीसी 379, 427 व 411 के तहत केस दर्ज कर उसे सोमवार को न्यायालय भेज दिया गया।

जिले की प्रभारी मंत्री बेबीरानी मौर्य के प्रोटोकॉल में कोतवाल संजय कुमार की अपनी ड्यूटी करने सोनूपार पहुंचे थे। यहीं से उनकी सरकारी गाड़ी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई थी।

# दो विवाहिताओं का उत्पीड़न, मुकदमा

बस्ती। कलवारी और गौर पुलिस ने दहेज को विवाहिताओं को प्रताड़ित करने के आरोप में केस दर्ज किया है। शशि मिश्रा ने बतायाउनकी शादी गोंडा जिले के खोड़ारे बौहाने में हुई है। आरोप है ससुराल में दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने अरविन्द कुमार व ससुर, सास ननद पर आईपीसी 323,504, 498ए व 3/4 डीपी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कलवारी थाने में तहरीर देकर साधना देवी ने बताया है उनकी शादी संतकबीरनगर के महुली रजनौली के बलिराम से हुई है। आरोप है कि ससुराल में दहेज न मिलने पर प्रताड़ित कर मारा। पुलिस ने पति बलिराम, ससुर जगदीश, देवर अर्जुन, जेठ सियाराम, जेठानी पूनम व छह पर केस दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# आपसी विवाद में किन्नर को पीटा, मुकदमा दर्ज

**विवाद**

- गौर थाना क्षेत्र की घटना, छानबीन में जुटी पुलिस
- आपसी संबंधों को लेकर युवक से चल रहा था विवाद

टिनिच, हिन्दुस्तान संवाद। गौर थाना क्षेत्र के टिनिच पुलिस चौकी के अजगैवा जंगल में आपसी विवाद में एक किन्नर की पिटाई का मामला सामने आया है। घायल किन्नर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

गौर थाने के टिनिच चौकी क्षेत्र के आमा चौराहे पर किराए का मकान लेकर रह रही किन्नर सुमन यादव ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनका इसी थाना क्षेत्र के अजगैवा जंगल गांव के टोला बजहिया निवासी अमित से आपसी संबंधों को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार रात अमित ने उसे अपने घर बुलाया। अमित के बुलाने पर सुमन अपने ड्राइवर के साथ उसके घर बजहिया पहुंची। आरोप है कि बातचीत में अमित नाराज हो गया। कहासुनी के बाद अमित ने अपने घर के सदस्यों संजय, वंदना और पतिराम को बुला लिया।

सब लोग एक राय होकर हमारे ऊपर लाठी-डंडे और ईंट से मारपीट कर घायल कर दिया। मोबाइल, अंगूठी सहित अन्य सामान भी गिर गया। बेहोशी की हालत में सुमन को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक बृजेंद्र प्रसाद पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सोशल मीडिया पर किया भड़काऊ पोस्ट, गिरफ्तार

- पूर्व जिला पंचायत सदस्य की तहरीर पर कोतवाली में केस दर्ज
- कोतवाली के रगड़गंज गांधीनगर का रहने वाला है आरोपी एजाज

बस्ती, निज संवाददाता। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट अपलोड करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली संजय कुमार ने बताया कि फेसबुक पर सामाजिक सद्भाव प्रभावित करने वाला आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोपी मोहम्मद एजाज अहमद उर्फ अज्जू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

पैकोलिया थाने के ऐनपुर निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिग्विजय सिंह राना ने कोतवाली में तहरीर दी। उनका आरोप है कि कोतवाली थानाक्षेत्र के रगड़गंज गांधीनगर निवासी मोहम्मद एजाज अहमद उर्फ अज्जू ने अपने फेसबुक वाल पर भड़काऊ पोस्ट किया। इससे माहौल बिगड़ने की आशंका बनी। पुलिस ने केस दर्ज करने के साथ ही आरोपी एजाज अहमद उर्फ अज्जू को गिरफ्तार कर लिया है।

# हरदिया बुजुर्ग में मारपीट, मुकदमा

बस्ती। कोतवाली के हरदिया बुजुर्ग निवासी राजेन्द्र का आरोप है कि प्रधान विजय प्रकाश चौधरी व अन्य ने मकान का गुलाम गर्दा गिरा दिया। मना करने पर भाई को रास्ते में रोककर मारापीटा। घर में घुसकर मां व अन्य को मारपीट कर धमकाया। वहीं विजय प्रकाश का आरोप है कि राजेन्द्र वर्मा व अन्य ने पुरानी रंजिश को लेकर मारापीटा, जिससे सिर फट गया। 12 सौ रुपया छीन लिया। पुलिस ने दोनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई

नगर बाजार। नगर पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने बताया कि मामूली बात को लेकर झगड़ा कर रहे नगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोठवा भरतपुर निवासी प्रदीप, मुरली यादव, दिनेश, विनय, कुलदीप, विकास, तौफीक, तन्जीर, रूमान, नियाज, व नगर थाना क्षेत्र के बारीजोत निवासी प्रिन्स पर शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

# छिनैती का आरोप

बस्ती। कचूरे के मनोज कुमार चौरसिया ने कलवारी थाने में तहरीर देकर बताया है कि रविवार रात वह निमंत्रण से वापस आ रहा था।

आरोप है कलवारी थाने के झिनकू लाल इंटर कालेज के पास काले रंग की स्कार्पियो में सवार होकर कुछ लोग पहुंचे और उसकी बाइक के आगे गाड़ी खड़ी कर दी। दस लोगों नेहॉकी से मारा। मोबाइल, पर्स व चैन छीन लिया व धमकी दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना संदिग्ध है। जांच की जा रही है।

# जानलेवा हमले के आरोपितों को सात वर्ष की सजा

बस्ती, हिन्दुस्तान संवाद। अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. अमित वर्मा ने जानलेवा हमले के चार आरोपितों को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने प्रत्येक आरोपित को दस-दस हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदण्ड न जमा करने पर 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

- प्रत्येक पर न्यायालय ने लगाया दस हजार रुपये का अर्थदण्ड
- अर्थदण्ड न जमा करने पर 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी

सहायक शासकीय अधिवक्ता कमलेश कुमार चौधरी ने अदालत में घटना का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के डाबर गली मोहल्ला निवासी मोहम्मद आफताब ने पुरानी बस्ती थाना में तीन अप्रैल 2014 को मुकदमा दर्ज कराया था।

तहरीर में कहा गया था कि तीन अप्रैल की रात करीब 8.30 बजे उसके चाचा मौलवी से रुपये के लेनदेन के विवाद में पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के दक्षिण दरवाजा मोहल्ला निवासी मुख्तार खान कोतवाली क्षेत्र के चैयाबारी निवासी भोला सोनकर कोतवाली क्षेत्र के ही काशीराम आवास निवासी गुड्डु दुसाध व पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पचपेड़िया निवासी राकेश एक राय होकर हीरो होंडा मोटरसाइकिल एजेंसी के पास शिकायतकर्ता के चाचा को घेर लिया था।

चाकू से जानलेवा हमला किया। हमले में मौलवी को प्राणघातक चोट आई। उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। कई दिनों तक जीवन मृत्यु से लड़ते हुए आखिरकार मौलवी ठीक हो गए। विवेचना के बाद चारों आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल हुआ। न्यायालय ने दोनों पक्ष की दलील सुनने के बाद माना कि आरोपितों ने हत्या की नीयत से ही पीड़ित पर हमला किया था।

# आत्मदाह के प्रयास में सेना के जवान पर मुकदमा दर्ज

- सोनहा थाने पर समाधान दिवस के दिन की घटना
- अमरौली शुमाली निवासी जवान छुट्टी पर आया था घर

सल्टौआ (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। असम राइफल्स के जवान के शनिवार को सोनहा थाना गेट के सामने अपने ऊपर पेट्रोल उड़ेल कर आत्मदाह का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में एसआई रमेश कुमार यादव ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि इसी थाने के अमरौली शुमाली निवासी रामजीत चौधरी ने अपनी बात मनवाने के लिए शनिवार को थाना परिसर में अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह का प्रयास किया।

अमरौली शुमाली गांव के टोला रामनगर निवासी रामजीत पुत्र विशेषर असम राइफल्स में तैनात है। इस समय वह अवकाश पर घर आया है। उसका गांव के ही एक व्यक्ति से भूमि विवाद चल रहा है। गांव में डीही आबादी की भूमि को लेकर दोनों पक्षों में विवाद है। उक्त भूमि को लेकर रामजीत पक्ष द्वारा वर्ष 2021 में राज किशोर वर्मा आदि के विरुद्ध दीवानी वाद दायर किया गया है। न्यायालय द्वारा यथा स्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।

इसका अनुपालन न होने से जवान आहत था। आरोप था कि अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। 11 जून को समाधान दिवस के दौरान सेना का जवान जब तक माचिस जलाकर आग लगाता, वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया था। एसडीएम रुधौली व प्रभारी निरीक्षक रुधौली ने उसे समझा बुझाकर शांत कराया था। सोनहा थाने में उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

## रुधौली थाना क्षेत्र के डुमरी गांव में जीजा-साले में हुआ विवाद

# मजाक करने पर चलीं लाठियां, आठ घायल

**विवाद**

रुधौली, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के डुमरी में शादी में शामिल होने आए जीजा के द्वारा मजाक करने को लेकर पट्टीदारों के बीच हुई मारपीट में आठ लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी रुधौली से जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।




रुधौली थाने पर घायलों के साथ थानाध्यक्ष व अन्य पुलिस कर्मी।

डुमरी निवासी सोहन मौर्या पुत्र रामलौट मौर्य के भाई शैलेन्द्र मौर्या की रविवार को शादी थी। मुंबई से उनके जीजा राधेश्याम मौर्या भी सपिवार आए थे। पट्टीदार मोहन मौर्या का परिवार भी शामिल हुआ था। रात में खानपान की तैयारी के बीच जीजा राधेश्याम मौर्या और साले मोहन मौर्या के बीच हंसी मजाक को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते राधेश्याम को लोग मारने के लिए दौड़ पड़े। पट्टीदारों में लाठी-डण्डा, ईंट-पत्थर चलने लगा। बीच बचाव करने पहुंचे सोहन के पिता रामलौट मौर्या जमीन पर गिरकर बेहोश हो गए।

पिता राधेश्याम को बचाने पहुंचे बेटा राहुल, बेटी मीनाक्षी और खुशबू तथा पत्नी अंजनी का सिर फट गया। सोहन की बहन प्रेमा देवी भी घायल हो गईं। दूसरे पक्ष की एक महिला का भी सिर फट गया। रुधौली पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी रुधौली भेजा जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया। पुलिस ने सोहन की तहरीर पर मोहन मौर्या, बाबूराम मौर्या, राम अवतार मौर्या, मंटू मौर्या, सुशीला मौर्या और सुभावती पर आईपीसी की धारा 147, 148, 308, 452, 323, 504, 506 के तहत केस दर्ज किया है।

# डिजिटल वालंटियर लालगंज ग्रुप में जुड़े थानाध्यक्ष

**गायघाट, बस्ती :** आमजन से बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए वाट्सएप पर थानावार डिजिटल वालंटियर ग्रुप बनाए गए हैं। लालगंज थाने के ग्रुप का संचालन दूसरे थाने की पुलिस कर रही थी। दैनिक जागरण ने सोमवार के अंक में पेज नंबर 6 पर लालगंज थाने के ग्रुप से खुद नहीं जुड़े हैं थानाध्यक्ष और सीओ शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर को संज्ञान में लेते हुए सोमवार की सुबह थाने पर तैनात महिला कांस्टेबल प्रिया मिश्रा ने थानाध्यक्ष दिलीप सिंह, एसआइ विजय, कांस्टेबल शैलेश, किशन को डिजिटल वालंटियर ग्रुप में जोड़कर एडमिन बनाया। ग्रुप में कुल 29 लोगों को जोड़ा गया। (जासं.)

# हमले के आरोपितों को सात वर्ष की कैद

**अपर सत्र न्यायाधीश का फैसला, प्रत्येक पर 10 हजार रुपये अर्थदण्ड, न देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी**

**जागरण संवाददाता,बस्ती :** अपर सत्र न्यायाधीश डाक्टर अमित वर्मा ने जानलेवा हमले के चार आरोपितों को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने प्रत्येक आरोपित को 10 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड न जमा करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक शासकीय अधिवक्ता कमलेश कुमार चौधरी ने अदालत में घटना का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के डाबर गली मोहल्ला निवासी मोहम्मद आफताब ने पुरानी बस्ती थाना में तीन अप्रैल 2014 को मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा कि तीन अप्रैल को ही रात 8.30 बजे उसके चाचा मौलवी से रुपये की लेनदेन के विवाद में पुरानी बस्ती के दक्षिण दरवाजा मोहल्ला निवासी मुख्तार खान, कोतवाली क्षेत्र के चैयाबारी निवासी भोला सोनकर, कांशीराम कालोनी निवासी गुड्डू दुसाध व पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पचपेड़िया निवासी राकेश एक राय होकर हीरो होंडा मोटरसाइकिल एजेंसी के पास शिकायतकर्ता के चाचा को घेर लिए और चाकू से जानलेवा हमला किए। हमले में मौलवी को प्राणघातक चोटें आईं। उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। कई दिनों तक जीवन मृत्यु से लड़ते हुए आखिरकार मौलवी ठीक हो गये। विवेचना के बाद चारों आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल हुआ। वादी मुकदमा आफताब व चोटहिल मौलवी का बयान न्यायालय में दर्ज किया गया। दोनों के बयानों में समरूपता पाई गई। बचाव पक्ष की तरफ से कहा गया कि विवेचक ने आयुध अधिनियम के तहत कोई मुकदमा पंजीकृत नहीं किया था। न्यायालय ने इस तथ्य को स्वीकार करते हुए कहा कि विवेचना अधिकारी द्वारा पुलिस प्रक्रिया का दोष उजागर किया गया है। विवेचक ने विवेचना में घोर लापरवाही बरती हैं, परंतु इसका फायदा हमलावरों को नहीं दिया जा सकता है। न्यायालय ने दोनों पक्ष की दलील सुनने के बाद माना कि आरोपितों ने हत्या की नीयत से ही पीड़ित पर हमला किया था।

# फूड लाइसेंस बनवाने के नाम पर धन उगाही का आरोप लगाया

**जासं, बस्ती :** बस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष आनंद राजपाल के नेतृत्व में सोमवार को व्यापारी सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड-2 अधिकारी से मिले। कहा कि फूड लाइसेंस बनवाने के नाम पर व्यापारियों से धन उगाही की जा रही है।

व्यापारियों ने कहा कि कैम्प लगाकर व्यापारियों को सहजता से लाइसेंस जारी किए जाएं। सहायक आयुक्त खाद्य ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कैम्पों के आयोजन में व्यापार मंडल से सहयोग मांगा। कहा छोटी छोटी बाजारों, कस्बों में व्यापार मंडल कैम्प लगाकर विभाग का सहयोग कर सकता है। सूर्यकुमार शुक्ल, सुनील कुमार गुप्ता, धर्मेन्द्र कुमार चौरसिया, अदालत प्रसाद, योगेश गुप्ता, शम्भूनाथ गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## इंटरनेट मीडिया पर अफवाहों से बचें : थानाध्यक्ष

**गोटवा, बस्ती :** इंटरनेट मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर विवादित व अमर्यादित टिप्पणी करने से बचें। अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें। ऐसा कोई भी वीडियो इंटरनेट मीडिया पर न पोस्ट करें जिससे किसी भी धार्मिक भावना आहत हो। यह कहना है नगर के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी का। वह नगर बाजार, पिपरा गौतम, कोठवा भरतपुर, पाल्हा व फुटहिया में ग्रामीणों की बैठक में बोल रहे थे। कहा कि शांति व सौहार्द बनाए रखने में पुलिस की मदद करें। यदि किसी ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मनबढ़ों ने आपसी विवाद में किन्नर को पीटा, मुकदमा

जासं, टिनिच, बस्ती : गौर थाने के अजगैवा जंगल में आपसी विवाद में कुछ मनबढ़ों ने एक किन्नर की पिटाई कर दी और फरार हो गए। घायल किन्नर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गौर थाने के आमा चौराहे पर किराए के मकान में रहने वाली किन्नर सुमन यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका इसी थाना क्षेत्र के अजगैवा जंगल ग्राम पंचायत के टोला बजहिया निवासी अमित से आपसी संबंधों को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार की रात अमित ने उसे अपने घर बुलाया। अमित के बुलाने पर सुमन अपने ड्राइवर के साथ उसके घर बजहिया पहुंची। इसके बाद बातचीत हुई तो अमित नाराज हो गया। कहासुनी के बाद अमित ने अपने घर के सदस्यों संजय, वंदना और पतिराम को बुला लिया। सभी ने उस पर लाठी डंडे और ईंट से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया कि उनका मोबाइल, अंगूठी सहित अन्य सामान भी गिर गया। बेहोशी में सुमन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेंद्र ने बताया कि घायल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपित पुलिस की गिरफ्त में होंगे।



घायल किन्नर सुमन यादव • जागरण

# दुकानदार के साथ मारपीट कर दुकान में की तोड़फोड़

- नगर पंचायत गायघाट की घटना कोल्ड ड्रिंक वापसी को लेकर विवाद
- घायल दुकानदार व उसकी बहन को सीएचसी कुदरहा में कराया गया भर्ती

**जासं, गायघाट, बस्ती:** कलवारी थाने के नगर पंचायत गायघाट में यूपी बैंक आफ बड़ौदा के पास सोमवार की रात नौ बजे उस समय अफरातफरी मच गई, जब दर्जनभर से अधिक हमलावरों ने एक कास्मेटिक व कोल्ड ड्रिंक की दुकान पर धावा बोलकर दुकानदार से ठंडा वापसी की बात को लेकर मारपीट की। इतना ही नहीं दुकान में तोड़फोड़ भी की। मारपीट में दुकानदार रवि अग्रहरि सहित चार लोगों को चोटें आई हैं। दुकानदार की गुहार सुनकर थोड़ी ही दूर पर स्थित पुलिस चौकी से पुलिस कर्मी पहुंच गए और तीन हमलावरों को पकड़ लिया। शेष अन्य हमलावर भाग निकले।

गायघाट में बैड़ारी रोड पर रवि अग्रहरि कास्मेटिक व ठंडा की दुकान चलाते हैं। वहीं बगल में इनकी पान की दुकान भी है। सोमवार की रात कुछ अज्ञात लोगों ने रवि की दुकान से ठंडा खरीदा। कुछ देर बाद ठंडा वापस करने आए लोगों ने दुकान पर मौजूद रवि की बहन रुपाली से कहा कि ठंडा वापस कर लो, तो उसने कहा कि वापस न करें उसकी जगह दूसरा ठंडा ले लें। इतने में ठंडा वापस करने आए लोगों ने अपशब्द कहते हुए रवि अग्रहरि से नोकझोंक की और वापस चले गए। थोड़ी देर बाद दर्जन भर से अधिक हमलावर आए और उन्होंने दुकान पर धावा बोल दिया। इस दौरान तोड़फोड़ भी की। विरोध करने पर रवि, उनकी बहन रुनझुन, रूपाली व बुजुर्ग प्रभावती देवी को मारने पीटने लगे। रवि व रूपाली को अधिक चोटें आई हैं। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरहा में भर्ती कराया गया है। मारपीट की सूचना मिलते ही गायघाट चौकी इंचार्ज राम वशिष्ठ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। बताया कि तीन हमलावरों को पकड़ लिया गया है, उनसे पूछताछ की जा रही है।

# खोदाई में मिली ईंट की मोटी दीवार व लकड़ी का बोटा

## नरियांव गांव निवासी एक व्यक्ति के खेत में हो रही था मिट्टी की खोदाई, मुंडेरवा पुलिस ने शुरू की छानबीन





मिट्टी खोदाई में मिला लकड़ी का बोटा व मुंडेरवा थाना क्षेत्र के नरियाव गाय के पास खेत में मिट्टी खोदाई के दौरान ईंट की दीवार मे मिला सुरंग • जागरण

**जागरण संवाददाता, पुरानी बस्ती:** हाईवे के किनारे स्थित नरियांव गांव के ताल के पास एक व्यक्ति द्वारा सोमवार को अपने खेत से मिट्टी निकलवाई जा रही थी। इसी बीच खेत में ईंट की एक सुरंगनुमा मोटी दीवार दिखी और लकड़ी के काफी पुराने बोटे मिलने पर खोदाई रोक दी गई। जैसे ही नरियांव गांव और उसके आसपास के लोगों को यह जानकारी मिली, कौतूहलवश वहां भीड़ लग गई। हर कोई यह जानने की कोशिश में लग गया कि यह दीवार कैसी है, बरामद लकड़ी और सुरंगनुमा दीवार का राज क्या है।

नरियांव गांव के निवासी नरेंद्र चौधरी अपने खेत से जेसीबी की मदद से मिट्टी निकलवा रहे थे। खोदाई के दौरान एक साइड से ईंट की मोटी दीवार मिलने लगी।

लकड़ी के कुछ काफी पुराने बोटे भी मिले। इसी बीच किसी ने अफवाह फैला दी कि मौके पर ताला लगा संदूक मिला है, मगर इसकी पुष्टि नहीं हो पाई। मामले की जानकारी मिलते ही मुंडेरवा के खझौला चौकी प्रभारी रितेश कुमार सिंह, आरक्षी दिलीप पांडेय, विशाल चौधरी, अशोक यादव भी पहुंच गए। चौकी इंचार्ज ने बताया कि खोदाई में केवल ईंट व कुछ लकड़ी मिली है।

कुछ लोगों ने बताया कि ऐसा लगता कि यहां पहले कोई ईंट भट्ठा रहा हो, मगर बरामद ईंटों पर कोई मार्क नहीं मिला। ईंट भी काफी चौड़ी है। गांव के बुजुर्ग रामअशीष ने बताया कि उनकी जानकारी में यहां कभी कोई ईंट भट्ठा नहीं था। बताया कि उनके बुजुर्ग बताते थे कि नरियांव ताल दो-तीन सौ वर्ष पुराना है। मुंडेरवा थाने के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि खोदाई स्थल पर भीड़ की सूचना के बाद उन्होंने कानून व्यवस्था बनी रहे इसके लिए खझौला चौकी के स्टाफ को भेजा था। यहां पहले क्या था यह तो पुरातत्व विभाग की टीम ही बता पाएगी।

**पन्थुआ ईंट का हुआ है प्रयोग:** एपीएनपीजी कालेज बस्ती में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर डा. बलराम चौधरी ने बताया कि खोदाई के दौरान जो ईंट मिली हैं उन्हें पन्थुआ ईंट कहा जाता है। पुराने जमाने में जब मकान बनते थे तो ऐसे ईंटों का प्रयोग किया जाता था। इन्हें नरिया और खपड़ा की तरह पजावा लगाकर पकाया जाता था।

बताया कि पुराने समय में कई बार ऐसा होता था कि काल और परिस्थितियों को देखते हुए गांव का गांव उजड़ जाता था। हो सकता है यहां भी कोई गांव बसा रहा हो। जो ईंट की दीवार मिली है उसके बारे में कार्बन डेटिंग पद्धति से पता चल सकेगा।

> नरियाव ताल के पास मिट्टी की खोदाई के दौरान यदि कोई ईंट की दीवार या अन्य वस्तु मिली है तो टीम भेजकर जांच कराई जाएगी, जरूरत पड़ी तो पुरातत्व विभाग से संपर्क किया जाएगा।
>
> **प्रियंका निरंजन,** जिलाधिकारी

# बाइक चोरी के मामले में अज्ञात पर केस

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कालोनी से 28 मई को चोरी हुए बाइक के मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

कालोनी के अमन श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर देकर घटना की जानकारी दी थी। मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोपित गिरफ्तार

**बस्ती:** कोतवाल संजय कुमार और उनकी टीम ने इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पैकोलिया थाने के एनपुर गांव निवासी दिग्विजय सिंह राना ने आरोपित मोहम्मद एजाज निवासी रगड़गंज गांधीनगर थाना कोतवाली बस्ती के विरुद्ध रविवार को मुकदमा दर्ज कराया था। उसी क्रम में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

**दो पक्षों में मारपीट, क्रास केस**

**बस्ती:** कोतवाली पुलिस ने हरदिया बुजुर्ग गांव पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनो पक्षों की तहरीर पर क्रास केस दर्ज किया है। एक पक्ष के विजय प्रकाश ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों ने उनको मारा पीटा। आरोप लगाया कि उनका 12 हजार रुपया छीन लिया। पुलिस ने राजेंद्र वर्मा,सतीश चंद्र, कुलदीप, हर्षिता,बबिता व राजेंद्र की पत्नी पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। दूसरे पक्ष के राजेंद्र की तहरीर पर प्रधान विजय चौधरी, विजय बहादुर, विजय कुमार, शेषनाथ, अशोक, ज्ञान प्रकाश, चंद्र प्रकाश, विपिन, दिनेश कुमार,मुद्रिका तथा पांच औरतें नाम पता अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है।

# असम राइफल्स के जवान पर मुकदमा

**भानपुर, बस्ती:** सोनहा पुलिस ने असम राइफल्स के एक जवान के विरुद्ध आत्महत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। शनिवार को थाना समाधान दिवस पर भूमि विवाद को लेकर असम राइफल्स के जवान रामजीत ने थाना गेट पर शरीर पर पेट्रोल उड़ेल लिया था। अभी वह माचिस की तीली जलाने ही जा रहे थे कि मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें पकड़ लिया व समझा बुझाकर थाने के अंदर ले गए। वहां मौजूद उप जिलाधिकारी गिरीश कुमार झा ने उनकी बात सुनी व तत्काल पुलिस क्षेत्राधिकारी रुधौली अंबिका राम व राजस्व टीम के साथ उनके गांव अमरौली शुमाली टोला रामनगर पहुंचे। उनके द्वारा दोनों पक्षों के अभिलेखों का अवलोकन किया गया व उन्हें यथा स्थिति बनाए रखने को कहा। विवादित डीह की भूमि को लेकर जवान द्वारा दीवानी वाद दायर किया गया है। इस बीच दोनों पक्षों द्वारा उस भूमि पर मिट्टी गिराना शुरू कर दिया गया था। उप निरीक्षक रमेश कुमार की तहरीर पर जवान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# अनियंत्रित स्कार्पियो पलटी, बचे सवार



नंदनगर चौरी बाजार स्थित एक पेट्रोल पंप के निकट पलटी स्कार्पियो ● जागरण

**जागरण संवाददाता, सिकंदरपुर, बस्ती :** परशुरामपुर क्षेत्र में सिकंदरपुर मसकनवा मार्ग पर सोमवार को दोपहर बाद नंदनगर चौरी पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रहा कि स्कार्पियो सवार बाल-बाल बच गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने लोगों को गाड़ी से बाहर निकाला। स्कार्पियो सवार एलनपुर ग्रांट जिला गोंडा के निवासी थे। वे अयोध्या से बच्चे का मुंडन करा कर घर लौट रहे थे।

# आत्मदाह के प्रयास का मुकदमा

बस्ती। सोनहा थाना परिसर में आत्मदाह करने के प्रयास मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में एसआई रमेश कुमार यादव ने तहरीर दी। जिसमें कहा गया कि अमरौली शुमाली निवासी रामजीत चौधरी ने अपनी बात मनवाने के लिए शनिवार को थाना परिसर में अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। संवाद

# फेसबुक पर भड़काऊ पोस्ट लिखने वाला गिरफ्तार

**बस्ती।** सोशल मीडिया पर नफरती संदेश अपलोड करने के एक मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि उक्त पोस्ट से सामाजिक सद्भाव प्रभावित हो सकता है।

इस संबंध में पैकोलिया थाने के ऐनपुर निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिग्विजय सिंह राना ने तहरीर दी। जिसमें कोतवाली थाना क्षेत्र के रगड़गंज गांधीनगर निवासी मोहम्मद एजाज अहमद उर्फ अज्जू पर आरोप लगाया। कहा गया कि आरोपी एजाज अहमद उर्फ अज्जू ने अपने फेसबुक वाल पर शुक्रवार को हुए बवाल के परिप्रेक्ष्य में भड़काऊ पोस्ट किया। कोतवाल संजय कुमार का कहना है कि आईपीसी की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। संवाद

# कोतवाल की गाड़ी लेकर भागने वाले पर चोरी का मुकदमा

**बस्ती।** कोतवाली की सरकारी गाड़ी लेकर भागने के आरोपी के खिलाफ पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में कोतवाली में तैनात वाहन चालक देवेंद्र यादव ने तहरीर दी। आरोपी हरेंद्र निवासी छपिया लुटावन थाना मुंडेरवा को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया।

बता दें कि रविवार को प्रभारी मंत्री बेबीरानी मौर्य के कार्यक्रम के सिलसिले में कोतवाल संजय कुमार मय फोर्स सोनूपार पहुंचे थे। धूप तेज होने की वजह से चालक देवेंद्र यादव सरकारी गाड़ी खड़ी कर पेड़ के छाए में खड़े हो गए। कार्यक्रम की गहमागहमी के बीच मुंडेरवा थाने के छपिया लुटावन निवासी हरेंद्र पहुंचा और उसने पुलिस की गाड़ी में चाबी लगा देख गाड़ी स्टार्ट कर लेकर भाग निकला। नशे में धुत हरेंद्र गाड़ी लेकर पोखरभिटवा मार्ग स्थित ग्राम परसा डफाली निवासी सगीर अहमद के लकड़ी की दुकान के बाहर रखे पटरा बल्ली पर चढ़ा दिया। जिससे गाड़ी पलटकर क्षतिग्रस्त हो गई। इधर खोजबीन करते पुलिस पहुंची तो आरोपी गाड़ी के अंदर फंसा हुआ था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर क्षतिग्रस्त सरकारी वाहन कब्जे में लिया। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में 11 पर कार्रवाई

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर पुलिस ने मामूली बात को लेकर झगड़ा कर रहे 11 लोगों के खिलाफ शांति भंग के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया है। नगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोठवाड़ढभरतपुर निवासी प्रदीप यादव, मुरली यादव, दिनेश यादव, विनय यादव, कुलदीप यादव, विकास यादव, तौफीक अहमद, तन्जीर अहमद, रूमान अहमद नियाज अहमद व नगर थाना क्षेत्र के बारीजोत निवासी प्रिंस कुमार पांडेय के खिलाफ शांति भंग के तहत कार्रवाई की गई है। संवाद

# हरदिया बुजुर्ग में मारपीट का मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** कोतवाली के हरदिया बुजुर्ग निवासी राजेंद्र कुमार का आरोप है कि प्रधान विजय प्रकाश चौधरी व अन्य ने मकान का गुलाम गर्दा गिरा दिया। मना करने पर भाई को रास्ते में रोकर अपशब्द कहते हुए मारापीटा। एक राय होकर घर में घुसकर मां व अन्य को मारपीट कर धमकाया। वहीं विजय प्रकाश का आरोप है कि गांव के राजेन्द्र वर्मा व अन्य ने पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर मारापीटा, जिससे सिर फट गया। 12 सौ रुपये छीन लिया और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने दोनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# मारपीट के मामले में क्रॉस मुकदमा

**बस्ती।** परशुरामपुर थानांतर्गत सुकरौली कुंवर निवासी हरिलाल का आरोप है कि गांव के संजू, नेहा व अन्य ने दीवार जोड़ने की बात को लेकर मारापीटा। जिससे वे बेहोश हो गए। बीच-बचाव में भाइयों को मारपीट कर धमकाया। वहीं नेहा का आरोप है कि रास्ते व खेत में जाने की बात को लेकर हरिलाल, मोहनलाल व अन्य ने मारापीटा, जिससे वे बेहोश हो गईं। बीच-बचाव में आए देवर संजय, देवरानी श्वेता व सास को मारपीट कर धमकी दी। पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# हत्या के प्रयास के मामले में चार को सात वर्ष की सजा

## अभियुक्त पर लगा दस-दस हजार का अर्थदंड

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** न्यायालय चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अमित वर्मा की अदालत ने गैर इरादतन हत्या के प्रयास के मामले में चार लोगों को सात-सात वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। चारों को दस-दस हजार अर्थदंड भी अदा करना होगा। इसे अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

एडीजीसी क्रिमिनल कमलेश कुमार चौधरी ने अदालत को बताया कि तीन अप्रैल 2014 को रात करीब साढ़े आठ बजे धन के लेन-देन में दक्षिण दरवाजा निवासी मुख्तार खान, चइयाबारी निवासी भोला सोनकर, कांशीराम आवास निवासी गुड्डू दुसाध तथा पचपेड़िया निवासी राकेश ने मौलवी पुत्र इस्लाम पर पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल दिया था। गंभीरावस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। इसकी तहरीर पुरानी बस्ती थाने में घायल के भतीजे डाबरगली थाना पुरानी बस्ती निवासी आफताब पुत्र तस्लीम ने दी। इस मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर न्यायाधीश ने मुख्तार, भोला, गड्डू व राकेश को सजा सुनाई।

# SIDDHARTH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-06-2022

# गैंगरेप का मुकदमा

**सकारपार (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता से गैंगरेप का मामला सामने आया है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना रविवार दोपहर बाद की है। 28 वर्षीय विवाहिता गांव के दक्षिण तरफ सागौन के बाग में शौच के लिए गई थी। थाना क्षेत्र के गांव देउरी निवासी संदीप उर्फ टिंकू पुत्र रामकिशोर तथा सुनील उर्फ सोनू पुत्र जवाहिर वहां से गुजर रहे थे। विवाहिता को अकेला देख दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया तथा वहां से भाग गए। घर पहुंच कर पीड़िता ने यह बात स्वजन को बताया जिसके बाद पीड़िता के भाई ने खेसरहा थाने पर तहरीर दी। पीड़िता मंदबुद्धि है। जिसके चलते पति ने उसे छोड़ दिया था, जिसके बाद से वह मायके में रह रही थी। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष खेसरहा अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी हुई है।



सोमवार को बजहा पुलिस चौकी की पुलिस ने ऑटो से नेपाल भेजी जा रही यूरिया खाद को पकड़ लिया। • हिन्दुस्तान

# 20 बोरी यूरिया बरामद, दो पकड़े गए

बर्डपुर। बजहा चौकी पुलिस ने भारत से तस्करी कर ऑटो पर लोड कर ले जाई जा रही 20 बोरी यूरिया के साथ दो को हिरासत में ले लिया। पुलिस बरामद यूरिया, ऑटो व पकड़े गए आरोपितों को कस्टम को सौंप दिया। बजहा चौकी के एसआई अरविंद गुप्त हमराहियों के साथ सीमा पर गश्त पर थे। इस दौरान एक ऑटो सीमा पार जाती हुई दिखाई दी।

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट व संदिग्धों पर नजर

- साइबर सेल को किया गया सक्रिय, हर पोस्ट पर रखी जा रही नजर
- प्रशासन और पुलिस पेट्रोलिंग कर मिलकर रहने की कर रहे अपील

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। प्रदेश में कई स्थानों पर माहौल में तल्खी व उपद्रव की घटना से जिले का प्रशासन व पुलिस सक्रिय हो गई है। माहौल बिगाड़ने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने व संदिग्धों पर पैनी नजर रख रही है। लगातार रूट मार्च के जरिया लोगों को अमन के साथ मिलजुल कर रहने का प्रशासन की ओर से पैगाम दिया जा रहा है।

जिला वैसे तो आम तौर पर शांत रहता है। यहां पर कुछ पल के लिए तनाव भले ही हो जाए पर जिले के इतिहास में कभी भी बड़ी घटना नहीं हुई जिससे प्रशासन को पसीना छूटे और आम लोग परेशान हों। इधर कुछ दिनों ने प्रदेश में कई स्थानों पर तनाव व उपद्रव की घटनाएं सामने आने के बाद जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। सभी तहसीलों के एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में रूट मार्च किए जा रहे हैं। लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाने के साथ मिलजुल कर रहने का पैगाम दिया जा रहा है। एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने कहा कि किसी भी कीमत पर माहौल खराब नहीं होने दिया जाएगा। साइबर सेल सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने वालों पर नजर बनाए हुए हैं। संदिग्धों पर भी नजर बना रखी गई है जिससे उन्हें माहौल खराब करने का मौका न मिले। अगर किसी को कोई संदिग्ध या संदिग्ध गतिविधियां नजर आती हैं तो वह तत्काल पुलिस को फोन कर सकता है। पुलिस समय रहते कार्रवाई करेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया पर कोई ऐसी पोस्ट न डालें जिससे किसी की भावनाएं आहत हों।

# 10 माह बाद किशोरी बरामद, परिजनों को सौंपा

जोगिया, हिन्दुस्तान संवाद। जोगिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से गायब किशोरी को पुलिस ने सोमवार को 10 माह बाद बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है।

जोगिया क्षेत्र के एक गांव से 27 जुलाई 2021 को एक किशोरी गायब हो गई थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने धारा 363 के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी।

किशोरी का पता नहीं चल पा रहा था। पुलिस ने सोमवार को उसे बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। जोगिया कोतवाली प्रभारी दिनेश कुमार सरोज ने बताया कि गायब किशोरी को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# सीएससी पर लगवाएं सीसीटीवी कैमरा

सिद्धार्थनगर। शिवनगर डिड़ई पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र के ग्राहक सेवा केंद्र( सीएससी ) संचालकों के साथ बैठक की। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालकों से सीसीटीवी कै मरा लगवान की अपील की।

बैठक में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार राय ने सभी जन सेवा संचालकों को अपना रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही थाना प्रभारी ने केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने, पैसा लेनदेन के संबंध में रजिस्टर रखने, लाभार्थी/खाताधारक का आधार नंबर और मोबाइल नंबर रजिस्टर पर अंकित करने का निर्देश दिया। ताकि किसी तहर की अनहोनी न हो सकें।

# शिक्षक से 25 हजार की छिनैती, तहरीर

बयारा। डुमरियागंज के कादिराबाद निवासी रिटायर्ड शिक्षक ने एक अज्ञात व्यक्ति पर 25 हजार रुपए चकमा देकर छीनने का आरोप लगाया है। जिसकी तहरीर थाने पर देते हुए उन्होंने पुलिस से कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

सोमवार को कादिराबाद निवासी अब्दुल हन्नान रिटायर्ड शिक्षक ने डुमरियागंज थाने पर दी गई तहरीर में लिखा है एसबीआई शाखा डुमरियागंज के खाते से 25000 की निकासी कर लगभग एक बजे बाहर निकला। जहां पर एक अज्ञात व्यक्ति उम्र 35 से 40 वर्ष के बीच मिला। जो अपने आप को बैंक कर्मी कहते हुए हमारे रिश्तेदार व बाहर पढ.रहे बच्चों का नाम बताते हुए अपने आपको मेरा करीबी बताया और वहां से लेकर वह तहसील में बन रहे नवीन भवन में चला गया।

# एमवी एक्ट में 55 वाहनों का चालान

सिद्धार्थनगर। यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में 41 वाहनों को एमवी एक्ट में चालान कर दिया। वाहन स्वामियों से शमन शुल्क के नाम पर 58500 रुपये की वसूली भी की गई। सीओ यातायात अखिलेश वर्मा ने बताया कि चेकिंग सनई तिराहा, साड़ी तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा व पावर हाउस तिराहा, बांसी, डुमरियागंज में चला।

# तस्करी की खाद के साथ दो गिरफ्तार

**जासं, कपिलवस्तु:** कोतवाली पुलिस ने रविवार की शाम गश्त के दौरान दो स्थानों पर 20 बोरी तस्करी की खाद के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम अलीगढ़वा के ठकुरापुर निवासी यार मोहम्मद व रामधनी है। दोनों एक आटो पर खाद को लादकर नेपाल जाने की फिराक में थे।

सामान को कस्टम को सिपुर्द कर दिया गया है। बरामदगी टीम में एसआइ अरविन्द गुप्ता,इन्देश ,संदीप ,राजन शामिल रहे।

**खाद के साथ दो पकड़ाए:** लोटन, लोटन पुलिस ने तस्करी की चार बोरी खाद के साथ दो लोगों को पकड़ा है। आरोपितों के नाम राकेश निवासी पकड़िहवा थाना मधुबेनी नेपाल व राम किशुन निवासी राजमंदिर थाना कोल्हुई नेपाल है। चौकी प्रभारी हरबंसपुर प्रदीप कुमार चौहान ने बताया कि वह गश्त पर थे।

# सीमा पर एसएसबी व पुलिस का संयुक्त गश्त



नेपाल सीमा के अलीगढ़वा बार्डर पर पैदल मार्च करते एसएसबी व पुलिसकर्मी ●जागरण

**जासं, कपिलवस्तु:** भारत नेपाल सीमा अलीगढ़वा से बजहा तक सीमाई क्षेत्र के गांव की सड़कों पर एसएसबी व पुलिस के जवानों ने पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। कहा कि कानून को किसी को हाथ में लेने की अनुमति नहीं है। यदि किसी को नियम विरुद्ध कार्य करते हुए पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

एसओ कपिलवस्तु सूर्य प्रकाश सिंह ने कहा कि धार्मिक उन्माद फैलाने की इजाजत किसी को नहीं है। यदि कोई इंटरनेट मीडिया या क्षेत्र में आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो पुलिस सख्ती से निपटेगी। कहा कि बार्डर पर एसएसबी तैनात हैं। यह संदिग्धों की चेकिंग करते रहते हैं। एसआई किशोरी लाल चौधरी, दिलीप यादव, शशि प्रकाश सिंह, एसएसबी बीओपी प्रभारी एसआई महादेव गुप्ता आदि शामिल रहे।

# पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक ब्रजेश कुमार त्रिपाठी की मृत्यु

**दो वर्ष पूर्व सिद्धार्थनगर जिले में किए थे ज्वाइन, पिछले माह पुलिस अधीक्षक ने उसका से भेज दिए थे पुलिस लाइन**

**जासं, सिद्धार्थनगर:** पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक 54 वर्षीय ब्रजेश कुमार त्रिपाठी पुत्र सूर्यभान त्रिपाठी निवासी जमुनही थाना रुद्रपुर जनपद देवरिया की सोमवार को मृत्यु हो गई। हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है। उनका शव लाइन में बने आवास के कमरे में पाया गया।

घटना की सूचना पर एसपी डा. यशवीर सिंह, एएसपी सुरेश चंद्र रावत मौके पर पहुंचे। आवश्यक कार्यवाही कराते हुए शव को जांच के लिए पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। देर शाम शव को पैतृक गांव भेजा गया। जवानों ने अंतिम विदाई दी।

त्रिपाठी की तैनाती नवंबर 2020 में जनपद में हुई थी। वह उसका थाने में तैनात थे। 19 मई को उन्हें एसपी ने पुलिस लाइन में तैनाती दी थी। वह लाइन में पुलिसकर्मियों के अतिथि के लिए बने आवास में रह रहे थे। रविवार की देर शाम व भोजन कर अपने कमरे में सोने चले गए। सुबह काफी देर होने पर जब कमरा नहीं खुला तो लाइन में तैनात कर्मियों ने उन्हें जगाने की कोशिश की। देर तक आवाज नहीं आने पर मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को दी गयी। एएसपी ने बताया कि अभी तक पीएम रिपोर्ट नहीं आयी है। शव को स्वजन को सौंप दिया गया है। पुलिस वाहन से शव को उनके गांव भेजा गया।

## एक नजर में

# केंद्र संचालकों के साथ पुलिस ने की बैठक

लोटन : लोटन थाना परिसर में सोमवार को ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों की बैठक हुई। एसओ देव नन्दन उपाध्याय ने कहा कि सभी संचालक अपने रजिस्ट्रेशन के आदेश की कापी जमा कर दें। बिना कागज के केंद्र संचालन होते पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जमा- निकासी करने वाले ग्राहकों का आधार व मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करें। केंद्र पर सीसी कैमरा जरूर लगवा लें। (जासं)



शोहरतगढ़ कस्बे में एएसपी सुरेश चंद्र रावत, एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने पुलिसकर्मियों संग मार्च किया। संवाद

# हर गतिविधि पर पुलिस की नजर : एएसपी

संवाद न्यूज एजेंसी

## मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया

**शोहरतगढ़।** शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एएसपी सुरेश चंद्र रावत व एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव की अगुवाई में पुलिस ने रविवार शाम छह बजे शोहरतगढ़ कस्बे में मार्च किया। इस दौरान किसी प्रकार की अफवाह नहीं फैलाने और सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट और कमेंट नहीं करने की लोगों से अपील की।

एएसपी, एसडीएम, सीओ हरिश्चंद्र ने पुलिस बल के साथ गड़ाकुल तिराहा से होते हुए रामजानकी मंदिर, गोलघर, जामा मस्जिद मुहल्ला, भारत माता चौक, बुधई स्मारक, इक्यान तिराहा से पुलिस पिकेट तक पैदल मार्च किया।

इस दौरान अधिकारियों ने सभी लोगों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। किसी भी अप्रिय गतिविधि की सूचना तत्काल डायल-112 नंबर पर दिए जाने का अनुरोध किया। साथ ही लोगों से सोशल मीडिया पर प्रशासन से पुष्टि किए बिना कोई खबर या सूचना पोस्ट न करने अपील की। दुकानदारों को हिदायत दी कि बेवजह किसी को न बैठाए, कोई संदिग्ध व्यक्ति लगे तो तत्काल उसकी सूचना पुलिस को दे।

पुलिस किसी भी परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार है। अराजकता फैलाने वालो को छोड़ा नहीं जाएगा। उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान थानाध्यक्ष जयप्रकाश दुबे, मनोज कुमार श्रीवास्तव, रविकांत मणि, रामाकांत, खुर्शीद अहमद मौजूद रहे।

# संदिग्ध हाल में दरोगा की मौत कमरे में मिला शव

**सिद्धार्थनगर।** उसका थाना में तैनात उपनिरीक्षक की संदिग्ध हाल में मौत हो गई। सोमवार को कमरे में शव मिला। परिवार के लोगों को जानकारी देने के साथ ही पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

देवरिया जनपद के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के जमुनही गांव निवासी बृजेश कुमार त्रिपाठी (52) सिद्धार्थनगर जिले के उसका थाने में तैनात थे, जो 17 मई को पुलिस लाइंस में आमद कराए थे। सोमवार को उनकी संदिग्ध हाल में मौत हो गई। पुलिस लाइंस के आवास में उनकी लाश पाई गई। आसपास रहने वालों ने मामले की जानकारी जिम्मेदारों को दी। मौके पर पहुंचे शहर कोतवाल तहसीलदार सिंह ने अधिकारियों की मौजूदगी में शव को पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामले की जानकारी परिवार को दी। संवाद

# दो लोगों पर विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज

## विजिलेंस की टीम ने मोतीगंज और भारतभारी में की जांच

डुमरियागंज। विद्युत निगम की विजिलेंस टीम ने सोमवार को थाना क्षेत्र के दो गांव में दो लोगों को अवैध रूप से बिजली का प्रयोग करते हुए पकड़ लिया। डुमरियागंज थाने पर तहरीर देकर विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया।

विद्युत निगम की जिले की विजिलेंस की टीम के इंस्पेक्टर महेशचंद तथा मीटर एसडीओ संजय व एसडीओ बबलू चौधरी व जेई महेंद्र नाथ यादव की मौजूदगी में सोमवार को डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम मोतीगंज और भारतभारी में छापा मारा गया। दो लोगों को मीटर बाईपास करके बिजली का प्रयोग करते हुए पकड़ लिया। जिसके बाद मोतीगंज निवासी जयंती प्रसाद तथा भारतभारी निवासी मोहम्मद रजा के विरुद्ध डुमरियागंज थाने पर तहरीर देकर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया गया।

इस संबंध में डुमरियागंज थानाध्यक्ष सूर्यभान सिंह ने बताया कि विद्युत निगम की विजिलेंस टीम की तहरीर पर दो आरोपियों के विरुद्ध विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-06-2022

# दो सिपाही बने सब इंस्पेक्टर

**मेंहदावल (एसएनबी)**। मेंहदावल थाने में तैनात दो सिपाहियों का चयन सब





इंस्पेक्टर पद पर हुआ है। उनके चयन पर जहां पुलिसकर्मियों में खुशी के माहौल हैं वहीं शुभचिंतकों द्वारा बधाइयों का तांता लगा हुआ है। दोनों सिपाही अयोध्या जनपद के मूल निवासी है उनके इस चयन पर पुलिसकर्मियों में खुशी की लहर व्याप्त है। मेंहदावल थाने पर तैनात सिपाही धीरेंद्र पांडेय पुत्र कामता प्रसाद पांडेय ग्राम बिहारा थाना व तहसील रुधौली जनपद अयोध्या तथा सिपाही अरुण यादव पुत्र ओम प्रकाश ग्राम मठिया थाना इनायतनगर तहसील मिल्कीपुर जनपद अयोध्या के निवासी है। इन दोनों सिपाहियों का चयन सब इंस्पेक्टर पद पर चयन हुआ है। दोनों 2020 बैंच के आरक्षी है। दोनों सिपाहियों का सब इंस्पेक्टर पद पर चयन होने पर पुलिस टीम व शुभचिंतकों के द्वारा बधाईयों का तांता लगा रहा। लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी इजहार किया। दोनों सिपाहियों का कहना था कि माता-पिता, गुरुजनों तथा शुभचिंतकों के आशीर्वाद से इस मुकाम का हासिल प्राप्त हुआ है जो गर्व महसूस हो रही है जबकि सिपाही अरुण यादव का पूर्व में मंडी इंस्पेक्टर पद पर चयन हुआ था लेकिन वह ज्वाइनिंग नहीं किए थे। दोनों सिपाहियों का सब इंस्पेक्टर पद पर चयन होने पर खुशी व्याप्त है। थाना प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह, रत्नेश सिंह, अखिलेश पांडेय, आलोक मणि, अविनाश यादव, अमित सिंह, नवतेज सिंह समेत सभी पुलिसकर्मियों ने सब इंस्पेक्टर बने सिपाहियों को बधाई दी।

# शांतिभंग में 21 लोगों का हुआ चालान

संतकबीरनगर। जनपद में अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को 21 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसमें दुधारा पुलिस ने सात, धनघटा पुलिस ने पांच, महुली पुलिस ने तीन, बेलहर कला पुलिस ने दो और धर्मसिंहवा पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

# एंटी रोमियो टीम ने चलाया अभियान

संतकबीरनगर। जिले की एंटी रोमियो टीम ने सोमवार को जगह-जगह जागरूकता अभियान चलाया। अभियान में सार्वजनिक स्थानों की चेकिंग भी की गई। चेकिंग के दौरान शोहदे किस्म के लड़कों को कड़ी चेतावनी दी। इस दौरान थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया।

# दुर्घटना में घायलों को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। पुलिस ने मार्ग दुर्घटा में घायल हुई एक महिला व बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

पीआरवी 2546 को थाना महुली क्षेत्र के सगड़वा पुरवा से मार्ग दुर्घटना में महिला एवं बच्ची के घायल होने की सूचना मिली। सूचना के दो मिनट के अन्दर ही पीआरवी टीम घटना स्थल पर पहुंच गई। घायल शान्ति देवी पत्नी राजकुमार व अनिता पुत्री राजकुमार निवासी छितही को तत्काल एंबुलेंस के जरिए सीएचसी नाथनगर पहुंचाया। इसके अलावा दुर्घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।

# मेंहदावल थाने पर तैनात दो आरक्षी बने दरोगा

मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद। मेंहदावल थाने पर तैनात दो आरक्षियों ने सब-इंस्पेक्टर की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इसमें से एक आरक्षी का चयन पूर्व में मंडी इंस्पेक्टर के पद पर भी हो चुका है। लेकिन अभी ज्वाइनिंग नहीं हुई है। दोनों के चयन पर प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह जयवर्धन समेत सभी साथियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड द्वारा उप निरीक्षक पद के घोषित अंतिम परिणाम में थाने पर तैनात धीरेन्द्र पाण्डेय पुत्र कामता पाण्डेय तथा अरुण यादव पुत्र ओम प्रकाश यादव निवासी जनपद-अयोध्या का चयन हुआ है। दोनों एक साथ वर्ष 2020 में मेंहदावल थाने पर बतौर आरक्षी तैनात किये गए थे। आरक्षी पद मिलने के बाद भी दोनों संतुष्ट नहीं हुए, और अपना अथक परिश्रम करना जारी रखा और उप निरीक्षक बनकर अपनी श्रेष्ठता साबित की।

व्यस्त ड्यूटी के बावजूद समय निकालकर पढ़ाई को लेकर दोनों युवाओं के जज्बे की आज पूरा स्टाफ प्रशंसा कर रहा है। परास्नातक तक पढ़ाई करने वाले प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है। कठिन परिश्रम व लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्पता ने दोनों युवा आरक्षियों को इस मुकाम पर पंहुचाया है।

# युवती को भगा ले जाने वाले आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। बखिरा पुलिस ने क्षेत्र की एक युवती को बहला फुसलाकर भगाने के आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। आरोपित युवक महराजगंज जिले के जिवपुर अदरौना का निवासी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक महिला ने तहरीर देकर पुलिस को बेटी के भगाने की सूचना दी। तहरीर में कहा विष्णु पुत्र राधेश्याम निवासी जिवपुर अदरौना थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज 17 अप्रैल को उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर 19 अप्रैल को अभियोग पंजीकृत कराया गया था। तभी से पुलिस दोनों को तलाश कर रही थी। सोमवार को बखिरा पुलिस ने विष्णु पुत्र राधेश्याम को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश कर जेल रवाना कर दिया गया।

# 59 वाहनों का पुलिस ने किया चालान

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने सोमवार को यातायात नियमों का अनुपालन न करने वालों पर अभियान चलाया। अभियान के बीच 59 वाहनों का चालान किया। इनसे कुल 52 हजार 500 रुपए शमन शुल्क वसूल किया। इसके अलावा लोगों को कड़ी चेतावनी दी। एसपी सोनम कुमार ने सभी थानाध्यक्षों के साथ ट्रैफिक पुलिस को नियमित कार्रवाई करते रहने का निर्देश दिया।

# पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। न्यायालय से वांछितों की गिरफ्तारी के लिए चल रहे अभियान के क्रम में सोमवार को एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा एक वारण्टी विजयी पुत्र भरोस निबासी बढ़या टोला चन्हवा को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# चाकू के साथ एक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद की दुधारा पुलिस ने एक अवैध चाकू के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार सिद्दीक पुत्र बरकत अली निवासी मोहम्मदगढ़ थाना दुधारा को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## घायल मां-बेटी को पहुंचाया अस्पताल

**संतकबीर नगर :** पीआरवी के पुलिस कर्मी सूचना मिलने पर रविवार को महुली के सगड़वा पुरवा में पहुंची। सड़क हादसे में घायल छितही गांव निवासी मां शांति देवी पत्नी राजकुमार व इनकी बेटी अनिता को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाथनगर में उपचार को दाखिल करवाया। (जासं)

## 52500 रुपये समन शुल्क की वसूली


**संतकबीर नगर :** जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस कर्मियों ने यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से रविवार को विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर जरूरी कागजात न दिखा सकने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 59 वाहन चालकों से 52 हजार 500 रुपये समन शुल्क की वसूली की। इससे दो पहिया वाहन चालकों में खलबली मची रही। (जासं)

# सड़क पर मिले डग्गामार वाहन तो नपेंगे अधिकारी

**सख्ती**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिले में अवैध टैक्सी स्टैंड और डग्गामार वाहनों के विरुद्ध प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट हो गया है। अभियान चलाकर ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है।

हालांकि प्रशासन को लगातार लापरवाही की शिकायतें भी मिल रही हैं। शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए एडीएम मनोज कुमार सिंह ने तीनों एसडीएम के साथ ही एआरटीओ और पुलिस विभाग को पत्र भेजकर इसको लेकर सख्त निर्देश दिया है। साथ ही अब तक हो चुकी कार्रवाई की सूचना भी तलब की है। एडीएम मनोज कुमार सिंह ने कहा कि शासन ने अवैध टैक्सी स्टैंड को हटाने और डग्गामार वाहनों का संचालन बंद कराने का निर्देश दिया है। इसके लिए अनवरत अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन अभी भी तमाम जगह से शिकायतें मिल रही हैं कि सड़कों पर डग्गामार वाहन चल रहे हैं। इन वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए जिम्मेदारों को निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनपद में एक भी अवैध टैक्सी स्टैंड मिले तो जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



जिले के अवैध टैक्सी स्टैंड पर सोमवार को भी खड़े दिखे डग्गामार वाहन।

## अब स्कूली वाहनों की भी होगी जांच

एडीएम ने कहा कि सभी स्कूलों के वाहनों के फिटनेस की जांच के निर्देश पहले ही दिए गए हैं। स्कूल का संचालन शुरू होने से पहले सभी बसों और छोटे वाहनों के फिटनेस की जांच प्रक्रिया पूरी कर लेना है। इसमें जिन विद्यालयों के जिम्मेदार लापरवाही बरतेंगे उनके वाहनों को सीज करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# हर्ष फायरिंग में किशोर के दाएं पैर में लगी गोली

- जिला अस्पताल में चल रहा उपचार, किशोर की हालत बनी गंभीर
- पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

जासं, धनघटा : शादी में आर्केस्टा नाच देखने के लिए भीड़ जुटी थी। नाच देखने के दौरान कट्टे से हुई हर्ष फायरिंग में किशोर के दाएं पैर की जांघ में गोली लग गई। वह भूमि पर गिर पड़ा। लोगों ने उसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल कराया। हालत गंभीर है। इसमें चार लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।



गोली लगने से घायल राज सिंह ● जागरण

धनघटा थाने में दी गई तहरीर में औराडांड़ गांव के निवासी कृष्ण मोहन सिंह ने यह उल्लेख किया है कि उनके गांव में रविवार को रघुवीर यादव के बहन की शादी थी। इसमें आर्केस्ट्रा के कलाकार गीत की धून पर नाच रहे थे। वह व उनके भाई सतई सिंह, उनका 14 वर्षीय भतीजा राज सिंह पुत्र दुर्विजय सिंह व दीपक सिंह पुत्र रणजीत सिंह के साथ नाच देख रहे थे। इसी दौरान रात के करीब साढ़े ग्यारह बजे गांव के सुनील व धीरज यादव, बेलघाट गांव के फनफन यादव व बब्लू सिंह चार लोगों ने कट्टे से फायरिंग कर दी।

आर्केस्ट्रा नाच के दौरान दो राउंड ऊपर और तीसरा राउंड उन्हें जान से मारने की नीयत से उनके ऊपर कर दी। फायरिंग में वह तो बच गए लेकिन उनके भतीजे राज सिंह के दायें पैर के जांघ में गोली लग गई। जिला अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। हालत गंभीर बनी हुई है। इसी तरह कुछ वर्ष पूर्व उनके पिता रामकरण सिंह की हत्या कर दी गई थी। प्रभारी थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि सुनील, धीरज, फनफन और बब्लू के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

संतकबीर नगर : दुधारा पुलिस ने थाने से कुछ दूर आगे टहल रहे मोहम्मदगढ़ गांव निवासी मो. सिद्दिक पुत्र बरकत अली को रोक लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। युवक के विरुद्ध थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

## फरार वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

संतकबीर नगर : मेंहदावल थाने के उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में टीम रविवार को फरार चल रहे वारंटी बढ़या गांव के चन्हवा टोला निवासी विजयी पुत्र भरोस को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। (जासं)

## शांतिभंग की आशंका में 21 लोग गिरफ्तार

संतकबीर नगर : जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने रविवार को शांति भंग की आशंका में 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दुधारा पुलिस ने सात, धनघटा पुलिस ने पांच, महुली पुलिस ने तीन, बेलहरकला पुलिस ने दो तथा धर्मसिंहवा पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। (जासं)

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-06-2022

# महिलाओं व बेटियों को दिए गए आत्मसुरक्षा के टिप्स

रुपईडीह। रामापुर में महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के प्रति महिला पुलिस ने जागरूक किया। थानाध्यक्ष कौड़िया मदन लाल गौतम ने बताया कि थाने पर ताला तैनात महिला आरक्षी रंजना अवस्थी ने महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए घर-घर जाकर जागरूक किया और महिला हेल्पलाइन सहित सभी आपातकालीन हेल्पलाइन के नंबर बताएं।

# चेयरमैन प्रतिनिधि के साथ नोकझोंक के बाद पटाक्षेप

परसपुर, संवाददाता। करनैलगंज से आवश्यक कार्य से दुबाई आए नगर पालिका परिषद की चेयरमैन रजिया खातून के पति शमीम अच्छन के साथ अर्नगल आरोप लगाते हुए कुछ लोगों ने बदसलूकी की। मामले को लेकर सोमवार को अफवाहों का बाजार गर्म रहा। परसपुर पुलिस सहित जिले के कई आला अधिकारी गांव पहुंचकर लोगों से जानकारी की। अफसरों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देकर सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शमीम अच्छन आवश्यक कार्य से दुबाई गांव आए थे। वह एक व्यक्ति के दरवाजे पर बैठे थे, बताया जा रहा है इसी बीच अफवाह फैलाने की बात को लेकर कुछ लोग वहां पहुंचे और उनको वहां से जाने के लिए कहा।

इसी बात को लेकर बात आगे बढ़ी और दोनों पक्षों में मामूली विवाद हो गया। इंसपेक्टर ने बताया कि उन्हें कोई तहरीर नही मिली है, मामले का पटाक्षेप हो गया है। गांवों के लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देकर शान्ति बनाए रखने की अपील की गई है।

## दुबाई में दो लोगों की पिटाई, चार पर केस

परसपुर। दुबाई गांव में रविवार शाम को लाठी डंडे से लैस चार लोगों ने दो व्यक्तियों को जमकर पीटा। पुलिस ने घायलों का डाक्टरी परीक्षण कराने के साथ चार आरोपियों पर अपशब्द कहने सहित मारपीट का केस दर्ज किया है। ग्राम दुबाई निपुरवा निवासी काली प्रसाद गोस्वामी ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि लाठी डडों से लैस चार लोग अकारण उनकी और उनके भाई जोगिंदर गोस्वामी की पिटाई शुरू कर दी। उनके शोर पर ग्रामीणों ने पहुंच कर किसी तरह बीच बराव कराया। इंसपेक्टर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि गांव के इरफान, आरिफ, फारूक व लल्लन पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरु कर दी है।

# ट्रेन से गिरे युवक का इलाज करा परिजनों को सौंपा

गोण्डा। करनैलगंज थाने की पुलिस ने रविवार को एक युवक के ट्रेन से गिरने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल घायल अवनीश कुमार सिंह पुत्र अवधेश सिंह निवासी ग्राम व थाना सुगौली जनपद मोतीहारी बिहार को सीएचसी में भर्ती कराया। साथ ही उसके परिजनों को फोन से सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे घायल के पिता अवधेश सिंह ने पुत्र को सकुशल देखकर खुश हो गए। उन्होंने पुलिस की काफी सराहना की।

# घरेलू विवाद में दो को पीटा, तीन पर केस दर्ज

परसपुर। ग्राम त्योरासी के टुकलहन पुरवा निवासी रऊफ अली ने घरेलू विवाद के चलते बड़े भाई मंजूर अली, भतीजे शाहिर व चांदबाबू पर पिटाई किए जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। हमले में बचाने आए जिब्राइल नाम के व्यक्ति भी घायल हो गए। इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# बाइकों की भिड़ंत में घायल युवक गंभीर, केस दर्ज

परसपुर। पसका चौकी के समीप रविवार की शाम बंधे के पास दो बाईकों की आमने सामने हुई टक्कर में पसका सिसई मांझा हृदयवैश्य पुरवा निवासी बाईक सवार रूपचंद्र गौतल गंभीर रूप घायल हुए है। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने परसपुर सीएचसी से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया है। पिता सुंदर लाल के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन व उसके चालक के खिलाफ एमवी एक्ट सहित कई धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# मारपीट के मामले में एफआईआर

रुपईडीह। पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष कौड़िया मदन लाल गौतम ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर दो गांव में हुई मारपीट में चार लोगों को शांति भंग सहित विभिन्न धाराओं में एनसीआर दर्ज करते हुए पाबंद की कार्रवाही कर न्यायालय भेजा गया।

कौड़िया के उप निरीक्षक बृजेश कुमार, कांस्टेबल धर्मपाल चौधरी, राकेश यादव, रामू यादव ने अजहर , इरशाद ऊर्फ इशहाक, नौशाद निवासी सिसैया दलेल खा व चंचल पाण्डेय निवासी बाजार डीहा के विरुद्ध शांति भंग की आशंका में न्यायालय भेजा गया ।

# पैसे के लेनदेन में तीन को पीटा, केस

परसपुर। चरौहुआं व पसका पाण्डेय पुरवा गांव में रविवार देर शाम को पैसे लेनदेन के चलते लाठी डंडों से लैस दबंगों ने तीन लोगों की पिटाई कर दी। दो प्रकरण में पुलिस ने पीड़ितों के तहरीर पर छह लोगों पर अपशब्द कहने सहित मारपीट का केस दर्ज किया है।

ग्राम चरौहुआं पूरे शुक्ल निवासी नरेंद्र शुक्ल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि पैसा लेनदेन को लेकर गांव के तीन व्यक्ति मोरंग गिट्टी के प्रतिष्ठान पर पहुंच कर उनको और उनके भाई सत्यदेव शुक्ल की पिटाई कर दी। पीड़ित ने घटना के दौरान 96 सौ रूपया गिरने का भी जिक्र किया है। वहीं ग्राम पसका के पाण्डेय पुरवा निवासी अर्जुन नाम के व्यक्ति ने पैसा लेनदेन के विवाद में नंदौर के रहने वाले तीन सगे भाई सौरभ, विशाल व गोलू पर पिटाई का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया दोनों प्रकरण में आधा दर्जन आरोपियों पर केस दर्ज करके पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

**कुछ अलग** | नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक अपराध करने की प्रवृत्ति में देखा जा रहा खास बदलाव

# यूपी में हिंसक अपराध घटे, साइबर क्राइम बढ़ा

**राजीव ओझा**

लखनऊ। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों को संकेतक मानें तो समाज में एक खास तरह का बदलाव देखा जा सकता है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2018, 2019 व 2020 में हिंसक अपराधों में लगातार कमी आई है तो साइबर अपराध में भारी उछाल आया है। यही वजह है कि साइबर अपराध को अब बड़ी चुनौती के तौर पर देखा जाने लगा है।

**धोखाधड़ी के मामले ज्यादा:** यूपी में वर्ष 2018 में हिंसक अपराध की 65155 घटनाएं हुईं तो वर्ष 2019 में 55519 और वर्ष 2020 में 51983 घटनाएं हुईं। इन तीनों वर्षों में साइबर अपराध की क्रमशः 6280, 11416 व 11097 घटनाएं हुईं। जाहिर है कि वर्ष 2018 की तुलना में वर्ष 2019 में साइबर अपराधों में भारी उछाल आया, जबकि वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2020 में मामूली कमी आई है। साइबर अपराध में सबसे ज्यादा मामले धोखाधड़ी के सामने आ रहे हैं तो दूसरे नंबर पर जबरदस्ती वसूली के मामले हैं। वर्ष 2020 के आंकड़ों पर गौर करें तो 4674 मामले धोखाधड़ी के ही हैं, जबकि 1055 मामले जबरन वसूली और 560 मामले लैंगिक उत्पीड़न के हैं।

### आईपीसी में दर्ज अपराध

| | |
|---|---|
| वर्ष 2018 | 3,42,355 |
| वर्ष 2019 | 3,53,131 |
| वर्ष 2020 | 3,55,110 |

### साइबर क्राइम के केस

| | |
|---|---|
| वर्ष 2018 | 6,280 |
| वर्ष 2019 | 11,416 |
| वर्ष 2020 | 11,097 |

### ट्विटर पर भी दर्ज करा सकते हैं शिकायत

साइबर अपराध में बढ़ोतरी को देखते हुए पुलिस के पास संसाधन बढ़ाने के प्रयास भी शुरू हो गए हैं। साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 पर मिलने वाली शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के प्रबंध किए गए हैं। इसके लिए प्रदेश पुलिस की आपात सेवा यूपी-112 के साथ इसका एकीकरण भी किया गया है, इससे 112 पर कॉल कर के भी साइबर क्राइम की शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। साइबर क्राइम पोर्टल (**www.cybercrime.gov.in**), ट्विटर (**@cyberpolice_up**) और व्हाट्सएप (नंबर 7839877207) पर भी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं।

# महिलाओं को आत्मरक्षा के बताए तरीके

**संसू, आर्यनगर:** मिशन शक्ति अभियान के तहत कौड़िया के रामापुर गांव में महिला आरक्षी रंजना अवस्थी ने घर-घर जाकर महिलाओं व बालिकाओं को आत्मरक्षा के तौर तरीकों से अवगत कराया। थानाध्यक्ष मदन लाल गौतम ने कहा कि हेल्पलाइन के विभिन्न नंबरों के बारे में भी जानकारी दी है।

# अभद्रता पर हंगामा, अफसरों ने संभाली स्थिति

**संसू, कर्नलगंज, गोंडा:** दुबाई गांव में पंचायत के दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष शमीम अच्छन के साथ अभद्रता के विरोध में सोमवार को लोगों ने हंगामा किया। बाद में पहुंचे अफसरों ने समझा बुझाकर स्थिति संभाली। शाम को डीएम डा. उज्ज्वल कुमार व एसपी संतोष कुमार मिश्र ने भी बैठक की। पूर्व नपाप अध्यक्ष शमीम अच्छन के पक्ष के आवेश राईनी का कहना है कि वह लोग बकरा खरीदने गए थे। वहां पर कुछ लोगों ने पंचायत में आने की बात कहकर उनके साथ अभद्रता की। मामले को बढ़ता देख अफसरों को सूचना दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सीओ मुन्ना उपाध्याय ने पहुंचकर स्थिति संभाली। एसपी से फोन पर वार्ता के बाद मामला शांत हुआ। दोपहर में कोतवाली के सामने भारत टावर पर एकत्र होकर लोगों ने हंगामा किया। एसडीएम हीरालाल व चौकी इंचार्ज दिवाकर मिश्र ने समझा बुझाकर स्थिति संभाली। शाम को डीएम व एसपी ने कोतवाली में बैठक कर लोगों से आपसी सौहार्द बनाये रखने की अपील की।

# अवैध कब्जा खाली कराने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**संसू, शिवदयालगंज (गोंडा) :** लौव्वाबीरपुर गांव के धुनिया पुरवा अवैध कब्जा खाली कराने के लिए ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में धार्मिक स्थान है। इसी के बगल चकमार्ग स्थित है। धार्मिक स्थल व चकमार्ग पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है।

गांव के अकबर अली, मेंहदी हसन, दीपू जायसवाल, सुरेश प्रताप और नानबाबू ने अवैध कब्जा खाली कराने की मांग की है। लेखपाल ओम प्रकाश वर्मा ने कहा कि मंदिर को जाने वाला रास्ता खाली है लेकिन, बगल के चकमार्ग पर अवैध कब्जा है।

**अवैध कब्जा :** नगर कोतवाली के बड़गांव निवासी अंजू कौशल ने एसपी को दिए गए पत्र में कहा है कि विपक्षी उसकी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। मना करने पर वह लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम ने सीढ़ी व दीवार ढहाई, 24 घंटे की मोहलत



आबेडकर चौराहे वर हटाया जा रहा अतिक्रमण व लगी भीड़ ● जागरण

संसू, गोंडा: पहले से चिह्नित अतिक्रमण को हटाने पहुंची टीम ने सोमवार की शाम को जैसे ही सीढ़ी व दीवार ढहाना शुरू किया, लोग अफसरों के सामने गिड़गिड़ाने लगे। वह अतिक्रमण हटाने के लिए अफसरों से 24 घंटे की मोहलत मांगने लगे। इस पर प्रशासनिक टीम ने मंगलवार की शाम तक का अवसर दिया है। वैसे इस मामले को लेकर कुछ लोगों ने उच्च न्यायालय में याचिका भी दाखिल की है।

नगर पालिका प्रशासन ने मंडेनाला पर 13 अतिक्रमण चिन्हित किया था। इसमें पूर्व मंत्री के रिश्तेदार सहित अन्य के अतिक्रमण शामिल थे। बुधवार को पालिका व प्रशासन की टीम ने पहुंचकर अतिक्रमण पर लाल निशान लगाया था। अतिक्रमण हटाने के लिए 48 घंटे की मोहलत दी गई थी। सोमवार की शाम को एसडीएम कुलदीप सिंह, तहसीलदार राजीव मोहन सक्सेना, नगर पालिका परिषद के ईओ संजय मिश्र, नगर कोतवाल पंकज सिंह पुलिस व पीएसी के जवानों के साथ बुलडोजर लेकर पहुंचे। बुलडोजर ने सीढ़ी व दीवार ढहाना शुरू किया तो लोग अफसरों से एक दिन की मोहलत मांगने लगे। इस पर लिखित आवेदन लेने के बाद उन्हें 24 घंटे का अवसर दिया गया है। ईओ ने बताया कि निर्धारित समय सीमा के बाद भी अतिक्रमण न हटाने पर कार्रवाई की जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारियों की टीम बनाकर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया है।

# गोली मारने के मामले में पुलिस खाली हाथ

संवादसूत्र, धानेपुर (गोंडा) : संपत्ति विवाद में किशोर को गोली मारने के मामले में तीन दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ है। पुलिस हमलावर का सुराग नहीं लगा सकी। वहीं एक माह पूर्व ठगी के मामले में पुलिस किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। फिलहाल पुलिस शीघ्र गिरफ्तारी की बात कह रही हैं।

मुजेहना के लालीपोखरा निवासी सुमित सिंह को शुक्रवार को संपत्ति विवाद में गोली मार दी। हमलावर बुलेट मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गए थे। घायल सुमित सिंह का उपचार लखनऊ अस्पताल में चल रहा है। मामले में घायल की मां कुसुम सिंह ने अपने देवरानी सरिता सिंह व उनके पुत्र राजन सिंह व शुभम सिंह के विरूद्ध मुकदमा किया। घटनास्थल का निरीक्षण क्षेत्राधिकारी संजय तलवार ने शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। उक्त मामले में तीन दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ है।

# रुपये के लेनदेन के विवाद में कर दी पिटाई, केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**परसपुर (गोंडा)।** लेनदेन के विवाद में एक व्यक्ति की दुकान पर चढ़कर कुछ लोगों ने दो भाइयों के साथ अभद्रता कर लाठी-डंडा से पिटाई कर दी। जाते समय आरोपियों ने बाइक तोड़ दी तथा जानमाल की धमकी भी दी।

ग्राम चरहुवां पूरे शुक्ल निवासी नरेंद्र शुक्ला ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट के जरिए आरोप लगाया कि लेनदेन के विवाद को लेकर उसी गांव निवासी राजा शुक्ला, दुल्लर शुक्ला व शरद मिश्रा रविवार की देर शाम उसके मोरंग-गिट्टी की दुकान पर आकर अभद्रता कर लाठी-डंडा से मारने लगे। शोर करने पर उसके बड़े भाई सत्यदेव शुक्ला बचाने आये तो आरोपी ने उनकी भी पिटाई कर दी। लोगों ने बीचबचाव कराया। आरोपियों ने उसकी बाइक भी तोड़ दी तथा जानमाल की धमकी देकर चले गए। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि नरेंद्र शुक्ला की तहरीर पर राजा शुक्ला, दुल्लर शुक्ला व शरद मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## भूमि विवाद में मारपीट

**वजीरगंज।** क्षेत्र के गढ़ी में भूमि विवाद को लेकर सोमवार सुबह दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामले में पांच महिलाओं सहित आठ लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। गढ़ी निवासिनी राम बेटी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि भूमि विवाद के चलते विपक्षी रामबाबू, अंजनी, शिवानी व जुग्गा ने उसकी पिटाई कर दी। जबकि दूसरे पक्ष की खुशी ने मारपीट करने का आरोप लगाते हुए राजकुमार, संतोष, रामबेटी व मीरा के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि दोनों पक्ष की रिपोर्ट दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया है। (संवाद)

# दो जिलाबदर आरोपी गिरफ्तार

**तरबगंज (गोंडा)।** पुलिस ने जिलाबदर घोषित किए गए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के ग्रामसभा पथार निवासी राहुल सिंह व आशीष सिंह को डीएम ने जिलाबदर घोषित कर रखा था। जिलाबदर घोषित होने के बावजूद दोनों जनपद में ही निवास कर रहे थे। इन पर पॉक्सो एक्ट व गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत मामला पहले से ही थाने में दर्ज था। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि जिलाबदर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# नशीली गोलियों के साथ दबोचा

**तरबगंज (गोंडा)।** थाना क्षेत्र से एक युवक को पुलिस ने नशीले पदार्थ व चाकू समेत गिरफ्तार किया है। क्षेत्र की गिरधरपुर ग्रामसभा निवासी सर्वेश पांडेय को अल्प्राजोलम के 160 टेबलेट्स व चाकू समेत गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# करनैलगंज चेयरमैन से अभद्रता, प्रशासन सतर्क

## परसपुर में कुछ लोगों ने चेयरमैन शमीम अच्छन को रोका, डीएम व एसपी बोले- शांति बनाएं रखें, माहौल खराब करने वालों की खैर नहीं

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गोंडा।** छोटी-छोटी बातों को तूल देकर आपसी सौहार्द को बिगाड़ने की घटनाओं को लेकर पुलिस-प्रशासन सतर्क हो गया है। बीते दिनों फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट पर विवाद के चलते नगर पालिका परिषद गोंडा की चेयरमैन उजमा राशिद समेत 306 लोगों के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद प्रशासन और सख्त हो गया है। इसके बाद सोमवार को परसपुर के दुबाई गांव गये करनैलगंज नगर पंचायत के चेयरमैन शमीम अच्छन के साथ कुछ लोगों ने अभद्रता करते हुए नारेबाजी की। इस पर पुलिस-प्रशासन ने कड़े तेवर अपनाए हैं। पुलिस टीम ने चेयरमैन को सुरक्षित उनके घर पहुंचाया। इसके बाद डीएम व एसपी ने करनैलगंज कोतवाली व परसपुर थाने में बैठक करके सभी से सौहार्द बनाए रखने की अपील की।



गोंडा के परसपुर थाने में सोमवार को बैठक करते डीएम व एसपी। -संवाद

करनैलगंज नगर पंचायत के चेयरमैन शमीम अच्छन सोमवार को परसपुर के दुबाई गांव गये थे। जहां कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करते हुए अभद्रता शुरू कर दी। इसकी सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची तो शमीम अच्छन को वहां से सुरक्षित उनके घर पहुंचाया। जबकि शमीम अच्छन की पहचान जिले में सभी को साथ लेकर चलने वालों में हैं।

मामले की जानकारी पर डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार ने सौहार्द बिगाड़ने वालों से सख्ती से पेश आने की चेतावनी दी है। वहीं, एसपी संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि बेवजह विवादों को तूल देना लोगों को भारी पड़ेगा। माहौल खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

कोतवाली करनैलगंज में सोमवार को बैठक कर डीएम व एसपी ने सभी को प्रेम और सौहार्द से रहने की सलाह दी। इसके साथ ही शहर के हर मोहल्ले के साथ ही गांवों में पुलिसकर्मियों को लोगों से संवाद करने के निर्देश दिए गये हैं। सभी थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारियों को सतर्क किया गया है कि वे लोग अपने-अपने क्षेत्र में किसी तरह का विवाद न होने दें।

परसपुर थाने पर बैठक में डीएम व एसपी ने चौकी प्रभारियों को चेतावनी दी है। एसपी ने सभी को जिम्मेदारी दी है कि स्थानीय लोगों से संवाद कर हर स्थिति पर नजर रखें। किसी तरह की आशंका पर फौरन कार्रवाई करें। वहीं, करनैलगंज के चेयरमैन शमीम अच्छन ने भी लोगों से शांति और सौहार्द की अपील की है। वहीं, डीएम व एसपी ने परसपुर में लोगों को सौहार्द बनाने के लिए सजग रहने पर जोर दिया।

### आपत्तिजनक पोस्ट मामले में आरोपियों को तलाश रही परसपुर पुलिस

**परसपुर (गोंडा)।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर दोनों पक्षों की ओर से दर्ज मुकदमे के आरोपियों को पुलिस सरगर्मी से तलाश रही है। इस मामले में पहले ही दिन छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद पुलिस कोई गिरफ्तारी नहीं कर सकी है। कस्बा परसपुर में शनिवार को सब कुछ सामान्य ढंग से चल रहा था। तभी सोशल मीडिया पर नगर पालिका चेयरमैन उजमा राशिद की आपत्तिजनक पोस्ट पर जवाब में एक कवि के कमेंट कर दिया। इससे नाराज समुदाय विशेष के लोगों ने सब्जी लेने गये कवि पर हमला कर दिया था। इसकी खबर फैलते ही हिंदू वादी संगठनों के सैकड़ों लोग थाने पहुंचे और मुकदमा दर्ज कराने पर अड़ गये। थाना समाधान दिवस के चलते डीएम व एसपी वहीं मौजूद थे। ऐसे में अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से रिपोर्ट दर्ज की थी। एक पक्ष की ओर से चेयरमैन समेत छह नामजद व 300 अज्ञात तो दूसरे पक्ष से एक नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से दर्ज मुकदमों में पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश डाल रही है। (संवाद)

# मोबाइल दिलाने को कहा तब टावर से उतरी किशोरी

## मां से कहासुनी होने पर नाराज होकर चढ़ी थी टावर पर


## चार घंटे तक 100 फीट ऊंचाई पर धूप में तार पकड़े खड़ी रही

**नवाबगंज (गोंडा)।** मामूली बात को लेकर 13 वर्षीय किशोरी 100 फीट ऊंचे बिजली के टावर पर चढ़ गई। गांव वालों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष ने मोबाइल खरीद कर देने आश्वासन दिया, तब जाकर चार घंटे बाद वह नीचे उतरी। पुलिस ने उसे स्थानीय सीएचसी पर भर्ती करा दिया है।

थाना क्षेत्र के चकपान गांव में सोमवार सुबह 13 वर्षीय करिश्मा यादव घर में हुई मामूली कहासुनी के बाद गांव के पास ही हाईटेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गई। गनीमत रही कि उस समय सप्लाई बंद थी। किशोरी टॉवर के सबसे ऊपरी हिस्से पर चढ़कर बिजली का तार पकड़कर खड़ी हो गई। जानकारी मिलते ही परिवारीजनों के हाथ-पांव फूल गए। परिवारीजनों के काफी मान-मनौव्वल के बाद जब वह नहीं उतरी तो स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई।

थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह ने बिजली विभाग से बात कर सप्लाई बंद करा दी। उसके बाद लाउडस्पीकर से उसे नीचे उतरने के लिए समझाया लेकिन कोई असर नहीं हुआ। उसके बाद करिश्मा की मां पुष्पा देवी तथा पिता राम मूरत यादव ने समझाने का प्रयास किया लेकिन फिर भी कोई असर नहीं हुआ। सीओ तरबगंज संसार सिंह राठी भी मौके पर पहुंचे। वहां हजारों लोगों की भीड़ भी इकट्ठा हो गई।

पुलिस ने टावर के नीचे जाल लगवाकर किशोरी को नीचे उतारने की व्यवस्था शुरू की। चार घंटे तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद थानाध्यक्ष ने नीचे उतरने पर नई मोबाइल खरीदकर देने का वादा किया। इस पर वह दोपहर बारह बजे टावर से उतरी। नीचे पहुंचते ही महिला सिपाहियों ने उसे कब्जे में ले लिया। कड़ी धूप में चार घंटे टावर पर रहने से नीचे उतरने पर गर्मी से उसकी हालत बिगड़ने लगी। इस पर पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती करा दिया। -संवाद



टावर से उतरती किशोरी। - संवाद

# चिता से उठाकर शव ले गई पुलिस

**नवाबगंज (गोंडा)।** पड़ाव मोहल्ला निवासी एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में निजी अस्पताल में मौत हो गई। परिजन पटपरगंज में टेढ़ी नदी के किनारे अंतिम संस्कार करने पहुंचे। तभी मृतक के दूसरे पुत्र की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव चिता से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कस्बे के पड़ाव मोहल्ला निवासी सरजू प्रसाद की अचानक तबीयत बिगड़ने पर बड़े बेटे रवि प्रकाश ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान रविवार दोपहर में उनकी मौत हो गई। मृतक के दूसरे बेटे भानु प्रकाश ने पिता की मौत की वजह संदिग्ध मानते हुए थाने में तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की। इस पर कस्बा चौकी इंचार्ज धर्मवीर सिंह टेढ़ी नदी के किनारे पटपरगंज पहुंचे। तब तक चिता पर शव रख दिया गया था और अग्नि देने की तैयारी थी। मगर चौकी इंचार्ज ने अंतिम संस्कार रुकवाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि दोनों बेटों में संपत्ति को लेकर विवाद है। सरजू प्रसाद बड़े बेटे रवि प्रकाश संग रहते थे। कस्बा चौकी इंचार्ज का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-06-2022

हिन्दुस्तान

# पत्नी समेत चार बच्चों के धर्मांतरण का आरोप

जरवा। पति ने गांव के ही एक व्यक्ति पर पत्नी व चार बच्चो के धर्मांतरण का आरोप लगाया है। पुलिस ने सोमवार को दो बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण कराने के लिए जिला अस्पताल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। मामला जरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव का है।

पति ने बताया कि उसकी पत्नी दो माह पूर्व चार बच्चों को साथ लेकर गांव के ही एक मुस्लिम के साथ उसके घर चली गई थी। पुलिस को कई बार प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पत्नी व बच्चों को फुसलाने वाले व्यक्ति ने सभी का धर्मांतरण करा दिया। यह बात पता चली तो पति ने एसपी सहित अन्य अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार कनौजिया ने बताया कि दो बच्चों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। परीक्षण में यह पता चल सकेगा कि बच्चों का खतना कराया गया है अथवा नहीं। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

हिन्दु

## रास्ता दुरुस्त कराने की मांग

**बलरामपुर।** नगर के मोहल्ला तुलसीपार्क में सीवर लाइन बिछाए जाने से रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है। बरसात होने पर रास्ते पर जलभराव व कीचड़ हो जाता है, जिससे आवागमन करने में मोहल्ला वासियों को काफी परेशानी होती है। मोहल्ला वासी गुंजन, गुलाटी, राकेश शर्मा, रवि त्रिपाठी, नान बाबू, मणि तिवारी जिला प्रशासन से रास्ते को सही कराने की मांग की है।

## अपराधियों को भेजेंगे जेल: एसपी

**बलरामपुर।** शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जिले के सभी थानों में पीस कमेटी की बैठक की गई। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि पीस कमेटी की मीटिंग कर सभी वर्गों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया है।

## अवैध तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** सादुल्लानगर पुलिस ने जिगना निवासी जीशान पुत्र जिन्ना को अवैध तमंचा एक आदत मिस कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी उदय राज सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक दीनानाथ सागर, सिपाही अनिल सिंह, रत्नेश यादव व विवेक कुमार ने अहिरौला मोड़ बाईपास के निकट जीशान को गिरफ्तार कर तलाशी ली। उसके पास अवैध असलहा व कारतूस पाया गया।

## थाना में खड़े वाहनों की नीलामी होगी

**गैसड़ी।** थाना क्षेत्र में करीब बीस वर्षों से विभिन्न मामलों में सीज की गई वाहनों की नीलामी के लिए वाहन स्वामियों को नोटिस जारी की गई है।

प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि वर्ष 2002 में एक बुलेट, 2003 में एक कार, वर्ष 2010 मे चोरी के मामले में पकड़ी गई सात मोटर साइकिल, दो मारूति कार, दो ट्रैक्टर समेत 18 वाहनों के मालिकों को नोटिस भेजी गई है। उनके द्वारा दावा पेश न करने पर सभी वाहनों की नीलामी की जाएगी। यह सभी वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# अतिक्रमण हटाने की मांग उठाई

उतरौला। सार्वजनिक तालाब व चक मार्ग से अवैध कब्जा खाली कराने की मांग करते हुए रेहरा थाना क्षेत्र के मानापार बहेरिया निवासी मुहम्मद जावेद ने मुख्यमंत्री, मंडलायुक्त व डीएम को प्रार्थना पत्र दिया है।

प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि गांव का गाटा संख्या 214 तालाब के रूप मे अभिलेखों में दर्ज है। तालाब में गांव के घरों का पानी व बारिश का पानी जमा होता है। तालाब पर गांव के ही मुतीब, जहीर व फिरोज ने जबरन कब्जा कर लिया है। इस संबंध में एसडीएम संतोष ओझा ने कहा कि मौके की जांच के लिए राजस्व टीम का गठन किया गया है।

# एसपी ने शिकायतें निस्तारित कीं

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक ने शिकायतें सुनकर उनकी समस्याओं का निस्तारण किया। जनता दर्शन में लगभग दर्जन भर फरियादी आए। तीन मामलों का एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने त्वरित निस्तारण किया। शेष अन्य मामलों मे संबंधित प्रभारी निरीक्षक को समस्याओं के निस्तारण का आदेश दिया है।

# शुद्ध पेयजल की व्यवस्था होगी

गैसड़ी। गैसड़ी कोतवाली परिसर में लगा सबमर्सिबल पम्प कई माह से खराब होने के कारण पुलिस कर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ब्लाक प्रमुख ने बताया कि पुलिस को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए क्षेत्र पंचायत निधि से सबमर्सिबल पम्प रिबोर कराकर व्यवस्था में जल्द ही सुधार की जाएगी।

# कोतवाली परिसर में शौचालय का निर्माण शुरू

गैसड़ी। कोतवाली परिसर में आने वाली महिला वादकारियों के लिए सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था के लिए निर्माण शुरू हो गया है। अभी तक कोतवाली परिसर में आने वाले लोगों को काफी दिक्कत होती थी। खासकर महिला फरियादी परेशान होती थीं। शौचालय का निर्माण होने से साहूलियत मिलेगी।

# दो भाइयों पर गोली चलाने वाला ग्राम प्रधान गिरफ्तार

**बलरामपुर**। दो सगे भाइयों पर गोली चलाने वाले ग्राम प्रधान को थाना देहात पुलिस टीम ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास पॉइंट 32 बोर का अवैध तमंचा व तीन जीवित कारतूस बरामद हुए हैं।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि नौ जून की शाम इमलिया गांव के प्रधान सुनील कुमार ने पुरानी रंजिश के कारण 35 वर्षीय राजकुमार व उसके भाई शिवकुमार पर देसी तमंचे से फायर किया था। गोली लगने से राजकुमार की मौत हो गई थी। शिवकुमार गोली लगने से घायल हुआ था। प्रधान सुनील जयसवाल की गिरफ्तारी के लिए चार पुलिस टीमें गठित की गई थी। सोमवार को थाना देहात के प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा, उप निरीक्षक उमाकांत मिश्रा, ओम नारायन मिश्रा, सिपाही सोनू जायसवाल, देवेंद्र प्रताप सिंह, रणविजय सिंह, पुष्पेंद्र कुमार व अमरीश गश्त पर निकले थे। मुखबिर से सूचना मिली की हत्या अभियुक्त सुनील कुमार फुलवरिया बाईपास चौराहे पर मौजूद है।

# शान्ति व्यवस्था कायम रखने को दी हिदायत

**उतरौला**। क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उप जिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा व क्षेत्राधिकारी उदयराज सिंह के अध्यक्षता में कोतवाली परिसर उतरौला में शांति समिति की बैठक की गई।

बैठक में मोहल्लों, वार्डो व गांवों के संभ्रान्त व्यक्तियों को उनके अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। युवाओं को हिंसक प्रदर्शनों में सम्मिलित न होने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उनके परिवारी जन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में सभी को एक जिम्मेदार नागरिक की जिम्मेदारी का एहसास कराते हुए सोशल मीडिया पर अनावश्यक टिप्पणी पोस्ट एवं शेयर न करने के बारे में अवगत कराया गया। सभी को कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। इस मौके पर नगर के सभासदगण, ग्राम प्रधान, बीडीसी व क्षेत्र के सभी संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# थाना परिसर से जल निकासी हो तो बने बात

**महुआ बाजार।** कोतवाली उतरौला परिसर जल निकासी की सुविधा न होने से इस बार बरसात में कोतवाली परिसर फिर से ताल तलैया का रूप धारण कर सकता है। बरसात के दिनों में कोतवाली परिसर में घुटनों तक पानी भर जाता है। थाने में जलभराव के चलते पुलिसकर्मियों व फरियादियों को आने जाने में काफी दिक्कतें होती हैं।

कोतवाली उतरौला में हर साल पुलिस कर्मियों को पानी निकालने के लिए पंपिंग सेट का इंतजाम करना पड़ता है। नगर पालिका द्वारा जल निकासी के लिए कोई ठोस इंतजाम न होने के कारण उतरौला थाने में हर वर्ष जलभराव की समस्या आम है।

इस समस्या से आम जनता को तो जूझना ही पड़ता है साथ ही पुलिस कर्मियों का थाने से निकलना दूभर हो जाता है। थाने का लेवल मुख्य मार्ग से नीचा होने के कारण बरसात का पानी सड़क से बहकर थाने में भर जाता है।

# वारदात कर रहे अपराधी, मस्त है 'खाकी'

## फालोअप

अमित श्रीवास्तव • बलरामपुर



- नामजद मुकदमा लिखने के बाद भी खामोश बैठ जाती पुलिस, सीएम की सख्ती को दिखा रहे ठेंगा

> इमिलिया डिहवा गांव की घटना में बीट प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। अन्य की जांच चल रही है। प्रभारी निरीक्षकों को घटनाओं में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। **-राजेश कुमार सक्सेना,** एस

अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को लेकर भले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सख्त हैं, लेकिन जिले की पुलिस अपनी चाल में मस्त है। कोतवाली देहात और महराजगंज तराई में घटी घटनाएं खाकी की कार्य प्रणाली को बताने के लिए काफी हैं। दोनों थाना क्षेत्रों में हत्या जैसी संगीन घटनाओं ने खाकी के इकबाल को चुनौती दी है। हालांकि हत्यारोपितों को जेल भेजकर पुलिस अपनी पीठ थपथपा रही है।

**केस एक :** थाना महराजगंज तराई के ग्राम नारायनपुर निवासी लड्डू की बेटी यासमीन छह जून को घर से गायब हो गई थी। तहरीर मिलने पर पुलिस आठ जून को संतोष वर्मा के खिलाफ अपहरण का मुकदमा लिख लेती है। यहां तक पुलिस अपना कागजी कोरम पूरा करके बैठ गई। युवती की खोजबीन भी कागज में चलती रही। छठे दिन युवती का सड़ा गला शव नारायनपुर से करीब तीन किमी दूर सिंगरौरा-बरदहवा गांव के बीच पड़ा मिला। गन्ने के खेत में शव मिलने की सूचना पर पुलिस हरकत में आई और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। अब सवाल उठता है कि जब युवती के पिता ने नामजद रिपोर्ट लिखाई थी तो पुलिस उसे सकुशल बरामद कर सकती थी। पुलिस अपहरण करने वाले को जानते हुए भी युवती को खोजने में असफल रही।

**केस दो :** कोतवाली देहात में दो घटनाएं घटी। पहली घटना सात जून की है। महादेव गैंजहवा निवासिनी रुकमणी देवी ने आरोप लगाया कि उसके बेटे सत्य प्रकाश को गांव के ही इंद्रसेन सिंह ने पहले शराब पिलाई। उसके बाद मारने पीटने के बाद उसे एंबुलेंस पर लाद कर जिला अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में चिकित्सक
मृत घोषित कर दिया। पुलिस नामज
तहरीर मिलने के बाद पीएम रिपो
का बहाना कर 10 जून को रिपो
लिखी। सात से 10 जून तक पुलि
टालमटोल करती रही। दूसरी घट
आठ जून की है। इमिलिया डिह
में प्रधान सुनील कुमार जायसवाल
खेत से पाइप निकालने के विवाद
दो भाइयों को गोली मार दी। इसमें ए
भाई राजकुमार जायसवाल की मौ
हो गई। दूसरे भाई शिवकुमार के हा
में गोली लगी। पुलिस ने दो आरोपि
को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया थ
लेकिन प्रधान को पकड़ने के लिए छ
दिन तक भागदौड़ करनी पड़ी।

# राजकुमार हत्याकांड में प्रधान गिरफ्तार

## फुलवारिया वाईपास से चार दिन बाद दबोचा **तमंचा, तीन कारतूस व एक खोखा** बरामद

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** देहात कोतवाली की पुलिस ने इमिलिया डिहवा गांव निवासी राजकुमार जायसवाल के हत्यारे को चार दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। हत्याभियुक्त प्रधान सुनील कुमार जायसवाल उर्फ बाबा के कब्जे से आलाकत्ल देशी तमंचा, तीन जिंदा कारतूस व एक खोखा भी बरामद किया गया है। इससे पूर्व हत्या में शामिल दो अभियुक्तों सुखराम व बुद्धराम को पुलिस पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पकड़े गए आरोपित की जानकारी देते एसपी राजेश कुमार सक्सेना बाएं • सौ.पुलिस मीडिया सेल

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि आठ जून की रात इमिलिया डिहवा गांव निवासी राजकुमार व उसका भाई शिवकुमार प्रधान के खेत से पानी का पाइप ले जा रहे थे। प्रधान सुनील कुमार जायसवाल उर्फ बाबा ने इसका विरोध किया, तो दोनों में विवाद हो गया। प्रधान ने तमंचा निकालकर राजकुमार व शिवकुमार पर फायर कर दिया। गोली शिवकुमार के दाहिने हाथ व राजकुमार के पेट में लगी। दोनों भाइयों को घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। राजकुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। नौ जून को पुलिस ने प्रधान सुनील कुमार, सुखराम व बुद्धराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। इसी दिन सुखराम व बुद्धराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बताया कि प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम प्रधान की तलाश कर रही थी। 12 जून को दोपहर 12 बजे उसे फुलवरिया बाइपास के पास गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर घर के अलमारी में छिपाकर रखा 32 बोर देसी तमंचा, तीन कारतूस व एक खोखा बरामद कर लिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ उपनिरीक्षक उमाकांत मिश्र, ओम नारायण मिश्र, कांस्टेबल सोनू जायसवाल, देवेंद्र प्रताप सिंह, रणविजय सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, अंबरीश पांडेय शामिल रहे।

# अपराधों की रोकथाम को किया जागरूक

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** जरवा कोतवाली की पुलिस ने सगरापुर गांव में शिविर लगाकर महिलाओं को नारी सशक्तीकरण के प्रति जागरूक किया। महिला आरक्षी रोहिणी देवी व राम संजीवनी ने महिला हिंसा व उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। महिला हेल्पलाइन 1090, यूपी आपातकालीन 112, एबुलेंस सेवा 108, साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में अवगत कराया। आरक्षियों ने महिलाओं की समस्याएं भी सुनीं। किसी भी प्रकार के अपराध व समस्या होने पर फौरन पुलिस को सूचना देने की बात कही। प्रभारी निरीक्षक पवन कनौजिया ने बताया कि महिलाओं की सहायता के लिए कोतवाली में हेल्प डेस्क स्थापित है। महिलाएं बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। उनकी समस्याओं का गंभीरता के साथ निस्तारण कराया जाएगा।

# BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-06-2022

# दो मार्ग दुर्घटनाओं में टेम्पो सवार 11 लोग घायल

**हादसा**

महसी, संवाददाता। बहराइच-सीतापुर हाईवे पर सोमवार को हरदी थाने के दो अलग-अलग स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं में टैम्पो सवार 11 लोग घायल हो गए। जिनको पुलिस व स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

इलाके के गदामार स्थित सीतापुर मार्ग पर रेउसा से बहराइच जा रहे टैम्पो के आगे अचानक एक साइकिल सवार के आने से वाहन असंतुलित होकर पलट गया। उस पर सवार सीतापुर थानगांव राजपुर केवराना निवासी 40 वर्षीय लल्लन, उनकी 35 वर्षीय पत्नी अतीकुन, हरदी थाने के मैथौरा चौगुर्जी निवासी 28 वर्षीय राहुल, सीतापुर के रेउसा थाने के बरौली निवासी 17 वर्षीय हिमांशु, थानगांव जंगल टेपरी निवासी 28 वर्षीय राम भजन व 24 वर्षीय सदानंद व हरदी थाने के गदामार निवासी 18 वर्षीय परशुराम सहित सात लोग घायल हो गए। एंबुलेंस की सहायता से स्थानीय लोगों की ओर से उन्हें जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया।

वहीं वीरशाहपुर पुलिया के पास रेउसा की ओर जा रहे टैम्पो को बहराइच की तरफ जा रही टाटा पिकप ने टक्कर मार दी। जिसमें सवार सीतापुर के रेउसा निवासी 28 वर्षीय रविकांत, 18 वर्षीय राहुल, 12 वर्षीय सत्यम व चालक सहित चार लोग घायल हो गए। मौके पर चीख पुकार मच गई। सभी घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की सहायता से मेडिकल कॉलेज बहराइच भेज दिया गया। जिसमें राहुल की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। उधर वाहन टाटा पिकअप पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# भाई और दोस्तों की मदद से पत्नी ने कराई हत्या

## खुलासा

बहराइच, संवाददाता। कैसरगंज थाने की पुलिस ने स्वाट की मदद से संतोष सिंह हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। संतोष सिंह के किसी अन्य महिला से अवैध सम्बन्ध हत्या की वजह बनी। महिला ने अपने भाई व उसके दोस्तों की मदद से वारदात को अंजाम दे पति की हत्या की आशंका जताते हुए केस दर्ज कराया था।

एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि कैसरगंज थाने के चुलुम्भा के नयापुरवा निवासिनी रीता सिंह ने 27 मई को अपने पति संतोष सिंह के गायब होने व हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी थी। 29 मई को रीता सिंह ने संतोष सिंह की लाश तिवारी पुरवा नहर पुलिया से कुछ दूरी पर मिलने की सूचना दी। इस मामले में गांव के ही चार लोगों को नामजद कर बलवा व हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हर बिन्दु पर तहकीकात के निर्देश दिए थे। साथ ही स्वाट प्रभारी अनुज त्रिपाठी व उनकी टीम को केस के खुलासे को लगाया गया था।



पुलिस लाइन में गिरफ्तार हत्यारोपी व घटना के खुलासे की जानकारी देते एएसपी।

एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह व सीओ कैसरगंज कमलेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में कैसरगंज एसएचओ दद्दन सिंह उप निरीक्षक दिनेश त्रिपाठी , रंजीत भारती व स्वाट प्रभारी अनुज त्रिपाठी व उनकी टीम सभी बिन्दुओं पर तहकीकात कर रही थी। संयुक्त टीम ने कैसरगंज इलाके में सोमवार को दबिश देकर मृतक संतोष सिंह की पत्नी रीता सिंह, उसके भाई गोंडा जिले के वजीरगंज थाने के डुमरिया डीह निवासी अजय सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, कैसरगंज थाने के नयापुरवा निवासी पारस नाथ सिंह, बदरौली के उदितसिंह पुरवा निवासी रामेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। चारों ने संतोष सिंह की हत्या व लाश छिपाने का जुर्म कबूल किया। हत्या मामले में प्रयुक्त बाइक, प्लास्टिक बोरी व चादर बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## अवैध सम्बन्धों के चलते पत्नी को प्रताड़ित करता था

बहराइच। पुलिस के अनुसार संतोष सिंह किसी अन्य महिला से अवैध सम्बन्धों के चलते पत्नी व बच्चों की प्रताड़ित करता था। वह गांव में मारपीट का शिकार होने के बाद परिवार सहित बाराबंकी में रह रहा था। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि पति की प्रताड़ना से आजिज होकर उसने अपने भाई अजय सिंह को बताया। अजय सिंह अपने बहनोई संतोष सिंह को डुमरिया डीह ले गया। वहां अत्यधिक शराब पिलाने के बाद अजय ने उसकी गला घोट कर हत्या कर दी। लाश को चादर में बांध कर बोरी में पैक कर चुलुम्भा आकर रामेन्द्र व पारस के हवाले कर दी। यह लोग लाश को तिवारी पुरवा नहर पुलिया के पास फेंक कर आ गए। इसके बाद रीता सिंह ने थाने में पति के गायब होने की तहरीर दी। पुलिस पर नामजद किए गए लोगों की मदद करने के आरोप भी लगाए थे।

एसएसपी ने टीम को 25 हजार के इनाम से प्रोत्साहित किया है।

# 17 ग्राम स्मैक बरामद पांच नेपाली युवक गिरफ्तार

रुपईडीहा। सीमावर्ती भारतीय व नेपाली क्षेत्र पूर्ण रूपेण मादक पदार्थों की तस्करी के आगोश में है। बॉर्डर पर भारतीय व नेपाली सुरक्षा बल हर दूसरे- तीसरे दिन मादक पदार्थ पकड़ते रहते हैं। रविवार की शाम पांच नेपाली युवकों को रुपईडीहा से 17 ग्राम स्मैक सहित नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो नेपालगंज व जमुनहा पुलिस के जवानों ने गिरफ्तार किया है। क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय जमुनहा के इंचार्ज माधव रिजाल ने बताया कि क्रमशः पांच युवक रुपईडीहा से नेपालगंज की ओर जा रहे थे। ये सभी युवक बांके ज़िले से सटे दांग ज़िले के निवासी हैं। इन लोगों ने बताया कि हम सभी लोग दांग से स्मैक लेने रुपईडीहा आये थे। सभी के पास कुल 17 ग्राम 18 पूड़ियों के रूप में बरामद हुई है। युवकों की पहचान दांग ज़िले के सोनू श्रेष्ठ, विशाल कुंवर, दिवस डांगी, राजीव राय केसी, राजन सिंह ठाकुरी के रूप में हुई है। सभी को अग्रिम कार्यवाही के लिए स्मैक सहित बांके ज़िला पुलिस मुख्यालय नेपालगंज भेज दिया गया है।

# यातायात पुलिस ने काटा 1.03 लाख के ई चालान

**बहराइच** । यातायात पुलिस ने सोमवार को भी वाहन चेकिंग अभियान चलाया। दरगाह मेले में तीसरी चौथी के समापन पर यात्रियों की भारी भीड़ के मद्देनजर यातायात कर्मी मुस्तैद रहे। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के मार्गदर्शन व सीओ यातायात विनय कुमार द्विवेदी ने टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 1.03 लाख का ई चालान किया।

शहर के विभिन्न चौराहों- तिराहों पर सघन वाहन चेकिंग की गई। जिसमें तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट व वाहन का संचालन करते समय मोबाइल फोन या हेडफोन का इस्तेमाल करने वाले वाहनों का चालान किया गया ' रविवार को चेकिंग में 45 वाहनों से 1. 03 लाख रुपए का ऑनलाइन चालान किया गया । प्रचार वाहन के माध्यम से आम जनमानस को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व किसी भी वाहन का संचालन करते समय मोबाइल फोन या हेड फोन का प्रयोग न करने व ई-रिक्शा चालकों को सूर्यास्त होने के पश्चात हेड लाइट का प्रयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने को जागरूक किया गया।

# किशोरी से छेड़छाड़, आरोपित हिरासत में

संसू, महसी (बहराइच) : सोमवार को किशोरी के साथ युवक ने छेड़छाड़ की। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को हिरासत में लिया है।

पीड़ित पिता का कहना है कि आरोपित युवक उनके घर में घुस आया और उनकी 15 वर्षीय बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। बेटी के शोर मचाने पर घर व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। आरोपित को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। हरदी थाना के इंस्पेक्टर क्राइम अमित कुमार तिवारी ने बताया कि सुभानी के खिलाफ छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# बाढ़ से बचाने को सीधी की जाएगी सरयू की धारा

संसू, शिवपुर(बहराइच) : बाढ़ से गांवों के अस्तित्व को बचाने की पहल शुरू की गई है। इसके लिए सरयू की धारा सीधी की जाएगी। सोमवार को विधायक रामनिवास वर्मा ने राजस्व टीम के साथ नदी किनारे स्थित गांवों का भ्रमण किया। स्थान चिह्नित कर बरसात से पहले कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।



शिवपुर के सरयू तट का निरीक्षण करते विधायक राम निवास वर्मा ● जागरण

विकास खंड शिवपुर के 30 ग्राम पंचायतों की हजारों आबादी सरयू नदी की बाढ़ से हर साल प्रभावित होती है। ग्राम पंचायत चौकसाहार के खगईपुरवा, बाबा बिहारी दास कुट्टी, चुरईपुरवा, कोठारपुरवा, ढिंढोरनपुरवा, पहलवानपुरवा सहित कई गांव सरयू नदी के मुहाने पर स्थित हैं। इन्हें कभी भी सरयू नदी अपने आगोश में ले सकती हैं। नदी की धारा को सीधी करने से इन गांवों का अस्तित्व बचाया जा सकता है। विधायक को नदी की धारा सीधी करवाने के लिए ग्रामीणों ने प्रार्थनापत्र दिया था।

# अपराधियों पर शिकंजा कसेगा 'त्रिनेत्र'

संतोष श्रीवास्तव ● बहराइच

- बस एक क्लिक में अपराधियों की जानकारी होगी सामने
- फेस मैच रीडर करेगा अपराधियों की पहचान

अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने अब तकनीक का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। त्रिनेत्र एप के माध्यम से पुलिस सभी अपराधियों का डिजिटल आपराधिक इतिहास तैयार कर रही है। सभी अपराधियों के रिकार्ड को आनलाइन किया जा रहा है। बड़े अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने में पुलिस अब त्रिनेत्र एप का ही सहयोग ले रही है।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने बताया कि हाईटेक तरीके का इस्तेमाल कर अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने में त्रिनेत्र एप काफी सहायक होगा। उन्होंने बताया कि घटनाओं को अंजाम देकर फरार होने वाले अपराधियों को इस एप के सहारे आसानी से पहचाना जाएगा। अपराधियों के फोटो मिलान में भी आसानी होगी।

**अपराधियों की पहचान करेगा फेस मैच रीडर :** अपराधियों के लिए खासतौर पर तैयार इस एप की खूबियों में फेस मैच रीडर है। इसके माध्यम से अपराधी की वर्षों पुरानी फोटो से अपराध करने वाले अपराधी की फोटो का मिलान आसानी से कर लिया जाएगा। इससे यह पता चल जाएगा कि घटना को अंजाम देने वाले अपराधी कौन हैं।



केशव कुमार चौधरी, एसपी ● जागरण

**छोटे- बड़े अपराधियों की फीड होगी जानकारी :** त्रिनेत्र एप में अपराधियों के जन्म से लेकर उनका नाम-पता फीड किया जा रहा है। उनके अपराध करने के तौर-तरीकों के साथ-साथ किन-किन अपराधों में वह संलिप्त रहे, कितने मुकदमे उन पर दर्ज हैं, इसका का डाटा तैयार किया जा रहा है।

**बटन दबाते ही सामने होगी पूरी जानकारी :** अपराधियों की जन्मकुंडली को जानने के लिए अब पुलिस को बस एक बटन क्लिक करना है और अपराधी का चेहरा और उसका पूरा विवरण आंखों के सामने होगा। इसके बाद पुलिस को घटना का राजफाश करने में भी आसानी होगी।

## फिंगर प्रिंट से पलक झपकते होगी पहचान

त्रिनेत्र एप में अपराधियों के फिंगर प्रिंट को फीड किया जा रहा है। भागने वाले अपराधियों के फिंगर प्रिंट मिलने पर उसे इस एप पर लोड कर दिया जाएगा। एप में फीड डाटा को सर्च कर चंद मिनटों में इस बात का पता लगा लिया जाएगा कि कौन अपराध करने में शामिल था।

# चोरी के सामान संग एक गिरफ्तार

**बहराइच।** खैरीघाट थानाध्यक्ष निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि टेपरी चिड़ीमारनपुरवा निवासी सकट्टू को पुसुपुरवा के दक्षिण की तरफ मौजूद बाग में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी की रकम व अन्य सामान बरामद हुआ। मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। संवाद

# युवक के खिलाफ दी तहरीर

**बहराइच।** विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव व प्रखंड उपाध्यक्ष सत्यम श्रीवास्तव ने समुदाय विशेष के एक युवक के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट डालने को लेकर तहरीर दी है। रिसिया थानाध्यक्ष इंद्रजीत यादव ने बताया कि जांच की जा रही है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# पति की अय्याशी से तंग पत्नी ने की थी हत्या

## पति लगातार बेच रहा था जमीन, रोकने पर भी नहीं माना तो अंजाम दे दी वारदात, पत्नी व उसके भाई समेत चार लोगों को भेजा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** 15 दिन पहले नहर पुलिया के पास युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया। युवक की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसकी ने पत्नी अपने भाई व सहयोगियों के साथ मिलकर की थी। बताया जा रहा है कि वह पति की अय्याशी से परेशान थी।

पति जमीन बेचकर अय्याशी कर रहा था। रोकने के बाद भी जब नहीं माना तो पत्नी ने अपने भाई व सहयोगियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दे दिया। पुलिस ने पत्नी समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया और सभी को जेल भेज दिया। घटना का खुलासा करने वाली टीम को एसपी ने नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया है।



सोमवार को हत्या का खुलासा करते एएसपी नगर और गिरफ्त में आरोपी -संवाद

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के चुलंभा गांव निवासी संतोष सिंह का शव 29 मई को तिवारीपुर नहर पुलिया के पास बरामद हुआ था। उसकी पत्नी रीता सिंह ने हत्या की आशंका जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी केशव चौधरी ने घटना का खुलासा करने के लिए कैसरगंज कोतवाल दददन सिंह को निर्देश दिया और सहयोग करने के लिए एसओजी व सर्विलांस टीम को लगाया। घटना का खुलासा पुलिस ने सोमवार को कर दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पत्नी की बातों पर पुलिस को शक हुआ। पूछताछ के दौरान पत्नी कभी कुछ तो कभी कुछ बता रही थी। जांच के दौरान जब पुलिस ने पत्नी से पूछताछ की तो वह टूट गई और जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसका पति अय्याशी था और इसके लिए जमीन बेच रहा था। मना करने के बाद भी वह नहीं माना और अय्याशी करता रहा। एएसपी ने बताया कि पत्नी को लगा कि वह सारी जमीन बेच देगा तो कुछ नहीं बचेगा। इसी वजह से उसने अपने भाई अजय सिंह निवासी डुमरियाडीह थाना वजीरगंज, जिला गोंडा के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची। एएसपी ने बताया कि पत्नी अपने साथ पति को मायके ले गई। वहां उसको शराब पिलाई और नशे में होने के बाद गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद गांव के ही रामेंद्र को बुलाकर बाइक से शव कैसरगंज भिजवा दिया। वहां पर पहले से मौजूद पारसनाथ सिंह ने शव छिपाने में पूरा सहयोग किया। पत्नी के जुर्म स्वीकारने के बाद पुलिस ने भाई व अन्य सहयोगियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना में इस्तेमाल की गई बाइक भी पुलिस ने बरामद कर ली है।

### अब भी बची है 70 बीघा जमीन

एएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि संतोष के नाम काफी जमीन थी। वह लगातार इसे बेच रहा था। पत्नी इसका विरोध कर रही थी, लेकिन वह मान नहीं रहा थी। अब भी लगभग 70 बीघा जमीन बची है। इसे बचाने के लिए ही पत्नी ने वारदात को अंजाम दिया। एएसपी ने बताया कि पूछताछ में पत्नी ने बताया कि उसका पति अय्याशी करने में पूरा पैसा खर्च कर देता था। मना करने पर मारने-पीटने लगता था।

### दुश्मन को फंसाना चाहता था पारसनाथ

पूछताछ के दौरान पता चला कि पारसनाथ की मृतक से पहले काफी अच्छी दोस्ती थी, लेकिन इधर काफी मनमुटाव हो गया था। वहीं, एक अन्य व्यक्ति से संतोष व पारसनाथ दोनों की दुश्मनी थी। पारसनाथ ने सोचा कि घटना को अंजाम देने के बाद अपने दुश्मन को फंसा देगा, लेकिन उसकी यह थ्योरी पुलिस के सामने चल नहीं सकी और सारा भेद खुल गया।

"एसओजी व सर्विलांस टीम की मदद से घटना का खुलासा किया है। पत्नी व उसके भाई समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। एसपी ने टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार दिया है। -**कुंवर ज्ञानंजय सिंह,** एएसपी नगर

### पहले मोबाइल फिर बरामद करवाया पति का शव

#### इन्हीं दोनों बातों से रीता की ओर घूमी शक की सुई

#### पुलिस ने कड़ाई से की पूछताछ तो टूट गई

बहराइच। रीता ने शुरू से ही पुलिस को गुमराह किया, लेकिन एक जगह वह चूक गई। दरअसल, उसने खुद को बचाने के लिए पति का मोबाइल बरामद करा दिया। बस इसी के बाद से पुलिस को उस पर शक हो गया। इसी के तीन दिन बाद वहां से कुछ दूरी पर पति का शव भी बरामद करवा दिया तो पुलिस का शक यकीन में बदल गया। इसके बाद कड़ी पूछताछ में रीता ने जुर्म स्वीकार कर लिया। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के चुलंभा गांव निवासी रीता सिंह ने पति संतोष सिंह की हत्या बिल्कुल फिल्मी अंदाज में की। पहले बहला-फुसलाकर उसे मायके ले गई फिर वहां दारू पिलाई और मुर्गा खिलाया। संतोष जब नशे में डूब गया तो गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव ठिकाने लगा दिया फिर कैसरगंज कोतवाली पहुंचकर पति की गुमशुदगी दर्ज करा दी। इसके आधे घंटे बाद ही अपहरण कर पति की हत्या की आशंका जताने लगती है। वह पुलिस को बताती है कि बाराबंकी जिले के सफेदाबाद में पति के साथ रहती थी। वहां से पति को गांव के लिए बस में बैठाकर भेजा था। जांच टीम का गठन भी नहीं हो पाया था कि रीता ने घटनास्थल के पास पहुंचकर मोबाइल बरामद होने की सूचना पुलिस को दे दी। तीन दिन बाद ही मोबाइल बरामद होने के स्थान से कुछ दूरी पर शव भी बरामद हो गया। इसकी सूचना भी रीता ने ही पुलिस को दी।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-06-2022

# पुलिस चौकी में हुई पीस कमेटी की बैठक

**लक्ष्मनपुर।** पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के निर्देशानुसार सोमवार को पुलिस चौकी लक्ष्मनपुर बाजार में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने में मदद की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीओ अतुल कुमार चौबे ने कहा कि लोग जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन की मदद करें।

# चोर गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**श्रावस्ती।** जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधीक्षक की ओर से अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत वांछितों व वारंटियों की गिरफ्तारी कर जेल भेजा जा रहा है। अभियान के तहत सोमवार को श्रावस्ती थाने के प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय टीम के साथ क्षेत्र में वांछितों की तलाश में भ्रमण कर रहे थे।

# दहेज हत्या का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य की ओर से जनपद में अपराध नियंत्रण को लेकर अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सोमवार को इकौना पुलिस ने दहेज हत्या के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी टीम के साथ क्षेत्र में वांछितों की धर पकड़ के लिए निकले थे।

# 51 वाहनों पर 69 हजार का जुर्माना लगाया

**श्रावस्ती।** रविवार को पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, सीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 51 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया।

साथ ही चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर 69 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पुलिस ने चेकिंग करते हुए वाहन चालकों को मानक पूरा करने के साथ ही नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

## गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले मादक वस्तुओं के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत इकौना पुलिस ने गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवासी टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति गांजे के साथ इकौना बाइपास से होकर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और एक व्यक्ति को दबोच लिया। व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक किलो 150 ग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# राजस्व टीम पर हमले के आधा दर्जन आरोपियों को जेल भेजा

**श्रावस्ती, संवाददाता।** गांव में भूमि पैमाइश करने गई राजस्व टीम पर कुछ लोगों ने पथराव किया था। इस मामले में पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। सोमवार को पुलिस ने हमले के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाहपुर कठौतियों के मजरा बंजारनपुरवा में एक व्यक्ति की भूमि पर बंजारा जाति के लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। पीड़ित ने समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की तो उच्चाधिकारियों ने राजस्व टीम के साथ पुलिस को मौके पर पहुंच कर मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया था। इस पर रविवार को कानूनगो, हल्का लेखपाल पुलिस के साथ बंजारनपुरवा गांव में भूमि की पैमाइश करने पहुंचे। जहां अवैध कब्जेदारों ने टीम पर पथराव कर हमला बोल दिया था। टीम की सूचना पर एएसपी, सीओ समेत अन्य पुलिस अधिकारी भारी पुलिस के साथ मौके पर पहुंच मामले का निस्तारण किया। वहीं राजस्व टीम पर हमला करने वाले आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने टीम के साथ हमले के सात आरोपियों सगीर पुत्र लशकरी, सलमान पुत्र मजीद, राजू पुत्र साकिर, अफसर पुत्र लशकरी, नसुरुद्दीन पुत्र सगीर, सहाबुद्दीन पुत्र सगीर, व गफ्फूर पुत्र साकिर निवासीगण बंजारनपुरवा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ चौकी प्रभारी लक्ष्मननगर बृजेश सिंह, आरक्षी अभिषेक तिवारी, संतोष यादव, धीरेन्द्र मिश्रा, मनोज मिश्रा, अरुण कुमार, चेतराम वर्मा आदि पुलिस जवान शामिल रहे।

## शांतिभंग में नौ पाबंद

**श्रावस्ती:** एसपी अरविंद कुमार के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध अभियान जारी है। विभिन्न थानों की पुलिस की ओर से नौ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। सभी को शांतिभंग की आशंका में पाबंद किया गया है।(वि.)

## 51 वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती:** जिले में यातायात नियमों का शत-प्रतिशत पालन कराने के लिए यातायात पुलिस की ओर से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस की ओर से विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों को जांच की गई। इस दौरान मोटर वाहन अधिनियम में 51 वाहनों का ई-चालान कर 69,000 रुपये का शमन वसूला गया।(वि.)

# राजस्व व पुलिस टीम पर हमले के मामले में 50 लोगों पर मुकदमा

- पुलिस, वादी व एक अन्य की तहरीर पर हुई कार्रवाई
- न्यायालय के माध्यम से सात आरोपितों को भेजा गया जेल

संसू, जमुनहा( श्रावस्ती) : सोनवा क्षेत्र के शाहपुर कठौतिया गांव में रविवार को भूमि पैमाइश के दौरान राजस्व व पुलिस टीम पर हमले के मामले में पुलिस ने गंभीर धाराओं में तीन एफआइआर दर्ज की हैं। इसमें 50 लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। हिरासत में लिए गए सात लोगों को न्यायालय के माध्यम से जेल भेजा गया है।

शाहपुर कठौतिया गांव में नैना महाजन पत्नी भीमसेन की भूमि के कुछ हिस्से पर बानो पत्नी याकूब ने कब्जा कर रखा था। नैना महाजन के पति की शिकायत पर रविवार को राजस्व निरीक्षक प्रह्लाद विश्वकर्मा, लेखपाल ओमप्रकाश मिश्र, रामफल यादव, बदरुलहक व लक्ष्मननगर पुलिस चौकी की टीम पैमाइश करने गई थी। इस दौरान पुलिस ने कब्जा धारक से कब्जा हटाने के लिए कहा तो दबंग बवाल पर उतारू हो गए। पुलिस सात लोगों को हिरासत में लेकर थाने चली गई थी।

पुलिस चौकी प्रभारी बृजेश सिंह की तहरीर पर सगीर, सलमान, राजू, अफसर, नसरुद्दीन, सहाबुद्दीन, गफूर समेत 19 के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला, बलवा, पथराव व सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वादी के भाई निर्मल कुमार की तहरीर पर 15 व रामसमुझ की तहरीर पर 16 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

**श्रावस्ती:** एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने सोमवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान कुल 43 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें 16 भूमि विवाद, 11 पारिवारिक विवाद व 16 अन्य विवाद से संबंधित थे। शिकायतों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए। (वि.)

# गांजा के साथ गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** सिरसिया पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान इकौना बाईपास के पास से मुबारकनगर मुहल्ला निवासी पिंटू उर्फ मुराद अली को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से एक किलो 150 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (वि.)

# दहेज हत्यारोपित गिरफ्तार

**श्रावस्ती:** इकौना पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान सेमरी चौराहा के पास से दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे कल्यानपुर निवासी मुंशी को गिरफ्तार कर लिया। लिखा-पढ़ी के बाद आरोपित को जेल भेजा गया है।(वि.)

# गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले मादक वस्तुओं के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत इकौना पुलिस ने गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवासी टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति गांजे के साथ इकौना बाइपास से होकर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और एक व्यक्ति को दबोच लिया। व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक किलो 150 ग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# दहेज हत्या का वांछित गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** इकौना थाना क्षेत्र के कल्याणपुर निवासिनी एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस मामले में आरोपित मुंशी पुत्र लोधे को इकौना पुलिस ने सेमगढ़ा से सेमरी चौराहे जाने वाले मार्ग के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दूसरी तरफ नवीन मार्डन थाना पुलिस ने रविवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान विश्व शांति घंटा पार्क से एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान इकौना के ग्राम टंड़वा महंथ निवासी रामलोचन पुत्र मुल्कराज के रूप में हुई। उसके पास से चोरी का एक सोलर बैटरी भी बरामद हुई। संवाद

# क्षेत्र में ही निवास करें थाना व चौकी प्रभारी

## डीआईजी ने जारी किए निर्देश, कहा कि नई उम्र के लड़कों के परिजनों से करें संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** प्रदेश के विभिन्न जिलों में जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल के बाद डीआईजी ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों सहित सीओ व एसपी को दिशा निर्देश जारी किया है। सभी से अपने क्षेत्र में ही निवास करने व संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने का निर्देश दिया है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन मंडल गोंडा उपेंद्र अग्रवाल द्वारा पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य, एएसपी केसी गोस्वामी, सभी पुलिस क्षेत्राधिकारियों, थाना व चौकी प्रभारियों सहित अन्य सेल प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में निवास करने का निर्देश दिया है। संवेदनशील स्थानो का भ्रमण कर संवेदनशीलता कम करने के निर्देश दिए हैं। डीआईजी ने प्रभारियों को शांति समिति की बैठक करने, अगले पांच दिनों में संवेदनशील मोहल्ले, वॉर्डों व गांवों में शांति समिति की बैठक कर लोगों को अमन चैन बनाए रखने की बात कही है। साथ ही मिश्रित आबादी के बीच एवं संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार जाने व मोहल्ले तथा वार्ड सहित गांव के जिम्मेदार लोगों को चयनित कर उनके अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी देने व पुलिस का सहयोग करने के लिए प्रेरित करने को कहा। साथ ही साथ नई उम्र के लड़के व युवा हिंसक प्रदर्शनों में सम्मिलित न हो इसके लिए उनके परिवारीजनों एवं बच्चों की काउंसलिंग कर उनसे कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग की अपील करने को कहा है। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर अनावश्यक की टिप्पणी न करने, कम्युनिटी पुलिसिंग का दायरा बढ़ाने एवं पुलिस का सहयोग करने की भी अपील करने को कहा है।

## शांति भंग के आरोप में नौ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने रविवार रात नौ लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। दूसरी ओर, जिला पुलिस ने सोमवार को विभिन्न चेकपोस्ट, बैरियर सहित संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने वाहनों की जांच कर 51 वाहनों का ई-चालान किया। मौके पर पुलिस ने 69,000 रुपए शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

# 1150 ग्राम गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**इकौना (श्रावस्ती)।** इकौना पुलिस ने रविवार रात मुखबिर की सूचना पर बाईपास के निकट से एक युवक को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी रविवार रात गश्त पर निकले थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि इकौना बाईपास के पास एक युवक मौजूद है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया। पहचान इकौना कस्बे के मोहल्ला मुबारक नगर निवासी पिंटू उर्फ मुराद अली के रूप में हुई। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से 1150 ग्राम गांजा बरामद किया। इकौना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर सोमवार को उसे संबंधित न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है। (संवाद)